CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :27°C
न्यूनतम: 12°C

नई दिल्ली, सोमवार 10 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 219 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिहार के लिए चली स्पेशल ट्रेनों पर कपिल सिब्बल ने उठाए सवाल पेज 2



मेघालय के आकाश चौधरी ने 8 गेंद में लगातार 8 छक्के मारे खेल टाइम्स



वोट चोरी: देश चाहता है राहुल के सवालों के जवाब सम्पादकीय



पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर अब तीनों सेनाओं के प्रमुख बनेंगे पेज 12

# उत्तराखंड से मेरा गहरा लगाव: प्रधानमंत्री

## उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के मुख्य समारोह में शामिल हुए मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड पहुंचे। प्रधानमंत्री ने एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने गढ़वाली में अपना संबोधन शुरू कर लोगों में जोश भरा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 8140 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

ये परियोजनाएं पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास सहित कई प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ीं हैं। वन अनुसंधान संस्थान देहरादून के विशाल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में पीएम मोदी ने गढ़वाली से शुरू किया संबोधनः दीदी भुल्यों...दाणा सयाणों। आप सभी तैं म्यार नमस्कार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गढ़वाली में संबोधन की शुरुआत की तो लोग उत्साह और जोश से भर गए। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड का मन प्रफुल्लित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रजत जयंती समारोह के मौके पर उत्तराखंड को -शेष पृष्ठ दो पर



■ पीएम मोदी ने दी 8260 करोड़ की सौगात, स्थापना के 25वें वर्ष पर स्मारक डाक टिकट भी किया जारी

### पीएम मोदी ने पूरी दुनिया को दिखाया, हम किसी से कम नहीं: धामी

सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि बाबा केदारनाथ, भगवान बदरीनाथ, महासू देवता, गोल्ज्यू देवता समेत सभी देवताओं का स्मरण करता हूं। देश की रक्षा करने वाले वीर जवानों और अमर बलिदान देने वाले राज्य आंदोलनकारियों को याद करता हूं। पीएम मोदी ने पूरी दुनिया में ये विश्वास जगाया है कि हम किसी से कम नहीं। उत्तराखंड भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में अपनी भागीदारी करने को तैयार है।

### प्रदर्शनी में उत्तराखंड की सफलता की गाथा: पीएम

रजत जयंती पर लगाई गई खास प्रदर्शनी को देखने के लिए पीएम मोदी ने सभी से अपील की। उन्होंने कहा कि इसमें उत्तराखंड की सफलता की गाथा है। 25 साल पहले बजट सिर्फ 4000 करोड़ रुपये था। आज ये बढ़कर एक लाख करोड़ को पार कर चुका है। बिजली उत्पादन 4 गुना ज्यादा हो गया। सड़कों की लंबाई 2 गुनी हो गई। 6 माह में 4000 यात्री हवाई जहाज से आते थे ,आज एक दिन में 4000 से ज्यादा आते हैं। आज 10 मेडिकल कॉलेज हैं।

## बिहार चुनाव 2025: दूसरे फेज की 122 सीटों पर प्रचार थमा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए जारी सियासी दलों के चुनावी प्रचार अभियान पर रविवार को पांच बजते ही विराम लग गया। अब मतदान 11 नवम्बर को होगा। रविवार को चुनाव प्रचार का आखिरी दिन रहा। दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए 45339 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं। इनमें से 4109 बूथों को संवेदनशील बनाया गया है। इसमें 4003 अतिसंवेदनशील बूथ घोषित हैं। यहां पर चार बजे तक मतदान होगा। कटोरिया, बेलहर, चौनपुर, चेनारी, गोह, नवीनगर, कुटुंबा, औरंगाबाद, रफीगंज, गुरुआ, शेरघाटी, इमामगंज, बाराचट्टी के (36 बूथ), बोधगया (200 बूथ), रजौली, गोविंदपुर, सिकंदरा, जमुई, झाझा, चकाई विधानसभा में बनाए गए बूथों पर शाम चार बजे मतदान होगा। वहीं बोधगया में 106 बूथों पर शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इन बूथों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात रहने का निर्देश दिया गया है। दूसरे चरण के मतदान में 1302 प्रत्याशी चुनावी मैदान हैं।

# गुजरात में ISIS के तीन आतंकी गिरफ्तार

## देश में कई जगह हमले करने की प्लानिंग का एटीएस का दावा

अहमदाबाद, वार्ता

**गुजरात में आतंकी** साजिश रचने के आरोप में तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आतंक रोधी दस्ते (एटीएस) ने हथियार सप्लाई करते समय तीनों संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। देश में आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में पकड़े गए इन लोगों की पहचान डा. सैयद अहमद मोहिउद्दीन, मोहम्मद सुहेल और आजाद के रूप में की गई। पुलिस ने तीनों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किए हैं।

पुलिस की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि गुजरात एटीएस ने अहमदाबाद से तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। ये पिछले एक साल से गुजरात एटीएस के रडार पर थे। तीनों को हथियार सप्लाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। ये देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकी हमले करने की योजना बना रहे थे। गुजरात एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया, पुलिस को सूचना मिली थी कि हैदराबाद का एक व्यक्ति सैयद अहमद मोहिउद्दीन आतंकी गतिविधियों में शामिल है और उसी के लिए अहमदाबाद आने वाला था। जांच करने पर, अहमदाबाद में उसकी गतिविधि का पता चला। उसे अडालज के पास एक टोल प्लाजा पर गिरफ्तार किया गया। उसके पास से दो ग्लॉक पिस्टल, एक बेरेटा पिस्तौल, 30 जिंदा कारतूस और 4 लीटर अरंडी का तेल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि सैयद अहमद मोहिउद्दीन की उम्र 35-36 साल है। उसने चीन से एमबीबीएस किया था। वह एक ऐसी आतंकी गतिविधि को अंजाम देना चाहता था, जिससे भारी नुकसान हो। वह कई विदेशियों -शेष पृष्ठ दो पर



■ हथियार जमा करने पहुंचे थे गुजरात, तीन पिस्तौल, 30 कारतूस और भारी मात्रा में केमिकल बरामद किया गया

### कश्मीर में पाक नेटवर्क का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में दो पुलिस अधिकारियों को आतंकवादियों से संबंध रखने और उनकी मदद करने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है। बर्खास्त अधिकारियों की पहचान अब्दुल लतीफ और मोहम्मद अब्बास के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, अब्दुल लतीफ आतंकवादियों के संपर्क में था और उनका सपोर्ट कर रहा था। एफआईआर दर्ज की गई है और वह फिलहाल डोडा जेल में बंद है। वहीं दूसरे अधिकारी के खिलाफ 4 एफआईआर दर्ज हैं। कश्मीर में आतंक नेटवर्क को तोड़ने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। जम्मू-कश्मीर पुलिस, काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर और नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की संयुक्त टीमों ने 120 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की थी।

### बेंगलुरु सेंट्रल जेल में आतंकी व सीरियल किलर फोन चला रहे

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की पराप्पना अग्रहरा सेंट्रल जेल के अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें आईएसआईएस आतंकी जुहैब हमीद शकील मन्ना फोन इस्तेमाल करता दिख रहा है। शकील को एनआईए ने 17 नवम्बर 2021 को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था, उस पर युवाओं को आतंकी संगठन में भर्ती करने और फंड जुटाने का आरोप है। इसके अलावा वीडियो में सीरियल किलर और रेपिस्ट उमेश रेड्डी को भी मोबाइल फोन इस्तेमाल करते हुए देखा जा सकता है। कुछ कैदी जेल के अंदर टीवी देखते भी नजर आ रहे हैं। हालांकि अभी इस वीडियो की पुष्टि होनी बाकी है।

# दिल्ली एयरपोर्ट के ट्रैफिक सिस्टम पर साइबर हमले का शक

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अचानक आई खराबी की हाई लेवल जांच शुरू
■ फ्लाइट्स ऑपरेशन 12 घंटे प्रभावित रहा था

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक सिस्टम में आई खराबी की उच्चस्तरीय जांच शुरू हो गई है। यह फैसला केंद्र सरकार ने शुक्रवार शाम को ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) कार्यालय में बैठक में लिया था। इसमें एयरपोर्ट, सुरक्षा एजेंसियों समेत अन्य सभी स्टेकहोल्डरों को बुलाया गया था।

जांच में ये भी देखा जाएगा कि कहीं इसमें बाहरी ताकत या साइबर हमले का हाथ तो नहीं था। 7 नवम्बर को आईजीआई पर एटीसी के आटोमैटिक मैसेज स्विच सिस्टम (एएमएसएस) में तकनीकी खराबी से फ्लाइटस ऑपरेशन 12 घंटे से ज्यादा प्रभावित रहा था। 800 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स देरी से उड़ीं थीं, जबकि 20 को रद्द करना पड़ा था। एयरपोर्ट का ऑपरेशन 48 घंटे के बाद नॉर्मल हुआ। गुरुवार की शाम से गड़बड़ी शुरू हो गई। शुक्रवार को 9 बजे सिस्टम फेल हो चुका था। एयरपोर्ट पर लोगों की लंबी लाइन देखी गई। एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) के सूत्रों ने बताया कि ऑटोमैटेड सिस्टम लागू होने के बाद से इतनी देर तक खराबी रहने की यह पहली घटना है। लगभग 24 घंटे तक दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन बाधित रहा। ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) में गड़बड़ी इस बात का साफ संदेह है कि ये बड़ा कोऑर्डिनेटेड साइबर अटैक हो सकता है। एक टर्मिनल से शुरू हुई इस समस्या से पूरा सिस्टम हैंग हो गया था। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स (एटीसी) ने दावा किया कि यह घटना टाली जा सकती थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एटीसी गिल्ड ऑफ इंडिया ने कहा कि हमने इसी साल जुलाई में एयरपोर्ट के आटोमेशन सिस्टम में खामियों और अपग्रेड की जरूरत पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) को अलर्ट किया था, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### प्रदूषण के बावजूद बड़ी संख्या में दिल्ली चिड़िया घर पहुंचे दर्शक

**नई दिल्ली।** लगभग दो महीने बंद रहने के बाद शनिवार को दिल्ली चिड़ियाघर फिर से खुल गया। शहर में बढ़ते प्रदूषण और ठंड के बावजूद, यहां आने के लिए उत्सुक दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। बच्चों के साथ बड़ी संख्या में लोग मास्क और सर्दियों के कपड़े पहने शनिवार को चिड़ियाघर पहुंचे थे। 12 स्कूलों के 954 स्कूली बच्चों सहित कुल 8,065 दर्शकों ने चिड़ियाघर के फिर से खुलने के पहले दिन इसका आनंद लिया।

# पूर्वोत्तर भारत में IAF का पहला एयर शो

## वायु योद्धाओं ने दिखाई ताकत



**गुवाहाटी।** भारतीय वायुसेना के 93वें स्थापना दिवस पर नार्दर्न कमांड गुवाहाटी में पहला एयर शो हुआ। वायुसेना के एयर वॉरियर्स ने ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर लचित घाट पर 25 से ज्यादा फॉर्मेशन बनाए। इसके लिए राफेल, सुखोई, तेजस समेत 75 से ज्यादा प्लेन और हेलीकॉप्टरों ने फ्लाइंग डिस्प्ले किया।

इस साल वायुसेना दिवस की थीम अचूक, अभेद्य और सटीक है, जो भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता, लचीलेपन और सटीकता पर ध्यान केंद्रित करने का प्रतीक है। फ्लाइंग डिस्प्ले के लिए वायुसेना के वॉरियर्स ने गुवाहाटी, तेजपुर, जोरहाट, छाबुआ, हासीमारा, बागडोगरा और पानागढ़ से उड़ान भरी। लड़ाकू विमानों में राफेल, सुखोई-30, अपाचे, मिग-29, आईएल-78 रिफ्यूलर, मिराज, जगुआर, सी-17 ग्लोबमास्टर, एमआई-17, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर-एमके1, सी-130 हरक्यूलिस, एंटोनोव एएन-32 और सूर्य किरण विमान शामिल हुए। एयर शो के मौके पर पूर्वी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल सूरत सिंह ने कहा कि एयर शो के लिए हमने पूर्वोत्तर क्षेत्र को इसलिए चुना, क्योंकि इस क्षेत्र के लोगों का प्रतिनिधित्व बहुत बड़ा है। यह भारतीय वायुसेना की ओर से पूर्वोत्तर के लोगों से जुड़ने का एक प्रयास है।

■ ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर लचित घाट पर 75 विमानों का फ्लाइंग डिस्प्ले, राफेल, सुखोई, तेजस ने बनाए 25 फॉर्मेशन

# कांग्रेस सांसद शशि थरूर का चौंकाने वाला बयान

## पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को केवल चीन युद्ध व आडवाणी को रथयात्रा से न आंका जाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक लाल कृष्ण आडवाणी की विरासत का बचाव किया है।

उन्होंने कहा कि जैसे भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सिर्फ चीन युद्ध की हार से नहीं आंका जा सकता या इंदिरा गांधी को केवल आपातकाल से नहीं, वैसे ही आडवाणी के लंबे राजनीतिक जीवन को भी एक घटना तक सीमित कर देना अनुचित है। शशि थरूर ने 'एक्स' पर यह बयान आडवाणी के 98वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए दिया। थरूर ने आडवाणी को एक सच्चे राजनेता बताते हुए कहा कि उनका लोकसेवा के प्रति समर्पण, विनम्रता और ईमानदारी देश के लिए प्रेरणा है। हालांकि, थरूर के इस पोस्ट पर विवाद भी खड़ा हो गया। सुप्रीम कोर्ट के वकील संजय हेगड़े ने थरूर की आलोचना करते हुए लिखा माफ कीजिए थरूर साहब, लेकिन इस देश में नफरत के बीज बोना लोकसेवा नहीं कहा जा सकता। इसके जवाब ने थरूर ने लिखा नेहरूजी के पूरे करियर को चीन की हार से नहीं आंका जा सकता, न ही इंदिरा गांधी को सिर्फ आपातकाल से। इसी तरह, हमें यही दृष्टिकोण आडवाणी जी के साथ भी अपनाना चाहिए। उनके लंबे सार्वजनिक जीवन को सिर्फ एक घटना से आंकना गलत है। यह बयान उन्होंने 1990 की राम रथ यात्रा का हवाला देते हुए दिया, जिसमें आडवाणी ने राम मंदिर आंदोलन को नई दिशा दी थी। हेगड़े ने लिखा कि यह यात्रा भारतीय गणराज्य के मूल सिद्धांतों को बदलने की कोशिश थी, जिसके दूरगामी राजनीतिक प्रभाव आज भी दिखते हैं। थरूर ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन को एक घटना से परिभाषित करना इतिहास के साथ अन्याय होगा। इस बीच, पीएम मोदी ने भी 8 नवम्बर को दिल्ली में आडवाणी से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उन्हें भारत के लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में अमिट छाप छोड़ने वाला नेता बताया। मोदी ने कहा आडवाणी जी की दूरदर्शिता और सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता ने भारत की प्रगति को मजबूती दी है। मैं उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

■ कहा: आडवाणी के लंबे राजनीतिक जीवन को भी एक घटना तक सीमित कर देना अनुचित



## संक्षिप्त समाचार

### संघ को तीन बार बैन किया, तब मान्यता मिली: भागवत

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि हमारे संगठन को व्यक्तियों के एक निकाय के रूप में मान्यता दी जाती है। संघ की 1925 में स्थापना हुई थी। क्या आपको लगता है कि ब्रिटिश सरकार इसका रजिस्ट्रेशन करती? असल में कांग्रेस आरोप लगाती है कि आरएसएस बिना रजिस्ट्रेशन के ही चलने वाला संगठन है। भागवत ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य नहीं किया। हम लोगों के समूह की श्रेणी में आते हैं और हम एक जाना-माना संगठन हैं। इनकम टैक्स विभाग और अदालतें आरएसएस को लोगों का समूह मानती हैं। हमारे संगठन को इनकम टैक्स से छूट दी गई थी। भागवत ने कहा कि संगठन को तीन बार बैन किया गया। इसके बाद हमारे संगठन को मान्यता दे दी। अगर हम नहीं थे, तो किस पर प्रतिबंध लगाया? ऐसी कई चीजें हैं, जो रजिस्टर्ड नहीं है। हिंदू धर्म भी रजिस्टर्ड नहीं है।

### भाजपा सांसद बोले- राहुल गांधी बूढ़े हो गए हैं, शादी नहीं की

**नई दिल्ली।** झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के विदेश दौरे पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा कि जब आपका परिवार कहता है कि उनके पास कोई संपत्ति नहीं है, तो सारा पैसा कहां से आ रहा है। आप कोलंबिया या कंबोडिया क्यों जा रहे हैं, किस वजह से। आपके परिवार की इटली में क्या संपत्ति है। हर चीज की जांच होगी। निशिकांत ने कहा कि राहुल के पास पैसा कहां से आ रहा है, राहुल गांधी की शादी नहीं हुई तो इसका मतलब ये नहीं कि वे युवा हैं। मेरी और राहुल गांधी की उम्र बराबर है। मेरे दो बेटे हैं, वे शादी की उम्र के हैं। हो सकता है कि अगले साल मैं उनकी शादी कर दूं। इसका मतलब वे (राहुल गांधी) बूढ़े हो गए हैं। जब आपके (राहुल) परिवार के पास कोई संपत्ति नहीं तो आप पैसा कहां से ला रहे हैं। दुबे ने कहा कि आप कंबोडिया, वियतनाम क्यों जा रहे हैं, किसलिए जा रहे हैं? इटली में आपके परिवार के पास कितनी संपत्ति है, इसकी जांच होगी। क्या जेन-जी को समझ नहीं आ रहा है कि उनकी उम्र 55-56 साल हो गई है। मेरी भी उतनी उम्र हो गई है, मैं बूढ़ा हो गया हूं।

### तमिलनाडु के ऊटी में ओस जमी, मप्र में शीतलहर

**नई दिल्ली।** हिमालय की 4000 मीटर ऊंची चोटियों पर हुई ताजा बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में नजर आने लगा है। बर्फबारी के बाद पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवा सीधे मैदानों में पहुंच रही है। इसे रोकने वाला कोई सिस्टम नहीं होने से ठंड और शीतलहर बढ़ गई है। राजस्थान के 12, मध्य प्रदेश के 10, छत्तीसगढ़ के 1, हरियाणा के 1 और हिमाचल के 8 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। मध्य प्रदेश के भोपाल, राजगढ़, इंदौर जैसे शहर गुलमर्ग, श्रीनगर जैसे पहाड़ी इलाकों के साथ देश के टॉप 12 ठंडे शहरों में शामिल हो गए। इधर, दक्षिण में लौटते मानसून की बारिश के बीच ऊटी में ठंड का असर नजर आने लगा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में छात्र समेत दो की मौत

**फर्रुखाबाद।** जिले के थाना कादरीगेट क्षेत्र के बढ़पुर में शनिवार देर रात सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन श्याम पाल ने बताया कि नुनहाई निवासी बीटेक छात्र संभव मिश्रा अपने दोस्त निश्चय अग्निहोत्री के साथ जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे युवक प्रवीन यादव की बाइक आपस में टकरा गई। फतेहगढ़ी निवासी प्रवीन डिलीवरी बॉय का काम करता है। हादसे में संभव सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराया। कुछ मिनटों बाद मौके पर मौजूद फूड डिलीवरी बॉय के साथी पहुंचे और पुलिस व परिजनों को सूचना दी। हादसे के दौरान संभव को आनन-फानन में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बाद में शव को लोहिया अस्पताल लाया गया। गंभीर रूप से घायल प्रवीन यादव ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### अलीगढ़ में पुलिस पर फायरिंग, एक सिपाही घायल

**अलीगढ़।** तालों की नगरी अलीगढ़ की पुलिस पर रविवार की सुबह हमला हो गया। पुलिस टीम टप्पल थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में एक वांछित हिस्ट्रीशीटर की गिरफ्तारी के लिए सुबह दबिश देने गई थी। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। हमले में एक पुलिसकर्मी गोली लगने से घायल हो गया। उसे पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर भारी पुलिस बल और वरिष्ठ अधिकारी पहुंच गए। टप्पल थाने की पुलिस टीम रविवार सुबह करीब 11 बजे ग्राम जलालपुर में वांछित हिस्ट्रीशीटर शाका की गिरफ्तारी के लिए गई थी। शाका पर पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## अररिया में कांग्रेस और राजद पर जमकर बरसे सीएम योगी

# बिहार में फिर लाना चाहते हैं जंगलराज

**पटना, वार्ता**

बिहार के अररिया में सीएम योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस व राजद रामद्रोही हैं और फिर से बिहार में जंगलराज लाना चाहते हैं। बिहार में इस बार के विधानसभा चुनाव में यूपी के सीएम और बीजेपी के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने जमकर प्रचार किया है। 9 नवंबर को उन्होंने अररिया के सिकटी विधान सभा क्षेत्र में चुनावी रैली के दौरान विशाल जनसभा को संबोधित किया।

योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा और कहा कि बिहार का विकास केवल एनडीए सरकार ही कर सकती है। योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार 80 करोड़



- जनता को जंगलराज नहीं, विकासराज को चुनना होगा
- कांग्रेस और राजद का काम सिर्फ भ्रष्टाचार व दलाली तक सीमित

गरीबों को मुफ्त राशन दे रही है, जबकि कांग्रेस और राजद का काम सिर्फ भ्रष्टाचार और दलाली तक सीमित रहा है। सीएम योगी ने कहा कि आज बिहार के पास वो सब कुछ है जिसकी उसे जरूरत है। पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास और गरीबों के कल्याण की विरासत है। कांग्रेस-आरजेडी कहते थे कि राम नहीं हैं और अगर राम नहीं हैं, तो माता जानकी कैसे होंगी। कांग्रेस कहती थी कि राम मंदिर कभी नहीं बनेगा। आरजेडी ने राम मंदिर की रथ यात्रा रोक दी। उत्तर प्रदेश में उनकी सहयोगी समाजवादी पार्टी ने राम भक्तों पर गोली चलवाई। सीएम योगी ने कहा कि जब कांग्रेस, आरजेडी और सपा ने कहा कि वे राम मंदिर नहीं बनने देंगे, तो हमने कहा कि राम लला, हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे और अयोध्या में राम मंदिर बना। अयोध्या में भगवान श्री राम को समर्पित दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर बनकर तैयार हो गया है। राम लला विराजमान हो गए हैं। राम लला के साथ, माता जानकी, भगवान राम, बजरंगबली, लक्ष्मण जी भी हैं। अयोध्या में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखा गया है। सीएम योगी ने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने देश की आस्था को अपमानित किया और अब फिर से बिहार में अस्थिरता लाने की कोशिश कर रहे हैं। सीएम योगी ने राजद के शासनकाल को जंगलराज बताते हुए कहा कि उस दौर में 60 से ज्यादा नरसंहार की घटनाएं हुई थीं।

### बिहार के लोगों ने इन दलों को चुना, तो फिर अराजकता के दौर में चला जाएगा

उन्होंने जनता को चेतावनी दी कि अगर कांग्रेस और आरजेडी वापस सत्ता में आईं, तो बिहार फिर से अपराध और अराजकता के दौर में चला जाएगा। योगी ने कहा कि 2005 में नीतिश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने के बाद बिहार ने विकास की नई राह पकड़ी। आज हर गांव तक सड़कें, बिजली और अन्य सुविधाएं पहुंच चुकी हैं। योगी ने कहा कि आज का बिहार बदला हुआ है। पहले जो राज्य अंधेरे और भय से भरा था, वहां अब विकास की रफ्तार दिखती है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने शिक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया है। जनता को यह देखना होगा कि जो पार्टियां कभी राम मंदिर का विरोध करती थीं, वे आज भी उसी मानसिकता में जी रही है। योगी ने कहा कि बिहार को आगे बढ़ाना है, तो जनता को जंगलराज नहीं, विकासराज को चुनना होगा।

# भाजपा लोकतंत्र में नहीं, लूटतंत्र में करती है यकीन: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ियों को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप लगाया है और कहा है कि भाजपा राज में फैली चुनावी धांधली के कूड़ा को गटाना जरूरी है।

यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि 'सच्चे स्वच्छ भारत' के लिए भाजपा राज में चुनाव आयोग के कुछ अधिकारियों द्वारा फैलाए गए धांधलियों के कूड़े को हटाना भी उतना ही जरूरी है, जितना सड़कों की सफाई। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी लोकतंत्र में नहीं, बल्कि लूटतंत्र में विश्वास करते हैं। आजादी के पहले से लेकर आज तक भाजपा और उसके संगी-साथी सदैव 'पिछले दरवाजे वाली राजनीति' और 'खुफियाखोरी' का सहारा लेते रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब जनता इनकी मुखबरी और सेंधमारी की राजनीति को समझ चुकी है। समाज अब घपले-घोटालों को बर्दाश्त करने की सीमा पार कर चुका है। सपा प्रमुख ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था में ईमानदार और निष्पक्ष अधिकारियों की उपेक्षा की जा रही है, जबकि कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन लग गए हैं। पार्टी ने कहा कि मिलीभगत से चुनावी गोरखधंधे में शामिल अधिकारियों के कारण आयोग की शुचिंता और प्रतिष्ठा पर आंच आई है, जिसे दूर करना समय की मांग है।

# यूपी में पड़ने वाली है कड़ाके की ठंड

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी में गुलाबी ठंड शुरू हो चुकी है। गुलाबी ठंड बीतने के साथ ही तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इससे रजाई-कंबल की जरूरत महसूस होने लगी है। लखनऊ और अयोध्या जैसे शहरों में सुबह-शाम घना कोहरा छा रहा है, जिससे दृश्यता प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग ने अगले हफ्ते में न्यूनतम तापमान में और गिरावट की भविष्यवाणी की है। हालांकि बारिश की कोई संभावना नहीं है।

पूर्वांचल के जिलों में तो दो दिन पहले से ही लोग रजाई निकाल लिए है, अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी अच्छी ठंड पड़ने लगी है। खासतौर पर रात के समय तापमान 14 डिग्री



कोहरे के आगोश में लखनऊ और अयोध्या

सेल्सियस से भी नीचे चला जा रहा है। ऐसे में बिना कंबल-चादर ओढ़े नींद आने का तो सवाल ही नहीं। मुश्किल सुबह सुबह काम पर निकलने वालों के लिए है। सुबह मौसम काफी ठंडा रह रहा है, जबकि दोपहर के समय थोड़ी गर्मी रह रही है। मौसम विभाग के मुता. बिक अगले एक हफ्ते में रात का तापमान और नीचे जाएगा। दिन के तापमान में भी कमी आएगी। ऐसी स्थिति में चाहें पूर्वांचल हो या पश्चिमी उत्तर प्रदेश, रजाई तो निकालना ही पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी कंपाने वाली ठंड शुरू नहीं हुई है, लेकिन उम्मीद है कि अगले एक सप्ताह के अंदर ठिठुराने वाली ठंड शुरू हो जाएगी। फिलहाल पूरे उत्तर प्रदेश में सुबह और रात के समय हल्का कोहरा रहा रहा है, वहीं दिन में धूप भी निकल रही है। शनिवार-रविवार की रात राजधानी लखनऊ में चारबाग रेलवे स्टेशन कोहरे के आगोश में रहा। कुछ यही स्थिति अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की भी रही। उधर बनारस में कोहरे की वजह से कैंट स्टेशन भी धुंधला नजर आया, जबकि बलिया के ददरी मेले में आए श्रद्धालुओं को कोहरे की वजह से काफी परेशानी हुई।

# गाजियाबाद, सहारनपुर व शामली के एएसपी बदले

**लखनऊ, वार्ता**

- यूपी पुलिस में बड़ा फेरबदल, 23 आईपीएस का ट्रांसफर

उत्तर प्रदेश पुलिस में रविवार को छुट्टी के दिन बड़ा फेरबदल देखने को मिला। सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेश पर 23 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया गया है।

तबादला आदेश के अनुसार आईपीएस बीएस वीर कुमार को उप सेनानायक 47वीं वाहनी पीएसी, गाजियाबाद, सच्चिदानंद को अपर पुलिस अधीक्षक एसएसएफ मुख्यालय लखनऊ में तैनाती दी गई है। सच्चिदानंद पहले गाजियाबाद में अपर पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात थे। डा. संजय कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ से सीतापुर में उप सेनानायक 27वीं वाहिनी पीएसी में तैनाती दी गई है। सुबोध गौतम को अपर पुलिस अधीक्षक इटावा से हरदोई ट्रांसफर किया गया है। नृपेंद्र को हरदोई से बनारस में नई तैनाती मिली है। निवेश कटियार को कुशीनगर से यूपी-112 लखनऊ में नई तैनाती दी गई है। दिनेश कुमार पुरी को लखनऊ के ट्रांसफर करके गोरखपुर में नई तैनाती मिली है। संतोष कुमार का पूर्व में हुआ स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया है। अब वे लखनऊ में ही तैनात रहेंगे।

सीताराम को प्रयागराज से पुलिस महा. निदेशक मुख्यालय लखनऊ बुला लिया गया है। सिद्धार्थ वर्मा का सहारनपुर से कुशीनगर तबादला किया गया है। सुमित शुक्ला का गौतमबुद्धनगर से शामली ट्रांसफर किया गया है। ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद का गाजीपुर से गोरखपुर ट्रांसफर किया गया है। अशोक कुमार सिंह अभी तक हाथरस में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे। अब उनको बहराइच की जिम्मेदारी दी गई है। राजकुमार सिंह का एटा से ट्रांसफर करके लखनऊ ईओडब्ल्यू में नई तैनाती दी गई है। संतोष कुमार सिंह को शामली से हटाकर गोरखपुर में नई तैनाती मिली है। जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव को सीआईडी लखनऊ में अपर पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी मिली है। अभी तक उनकी तैनाती गोरखपुर में थी। रामानंद प्रसाद कुशवाहा का तबादला बहराइच से हाथरस किया गया है। जितेंद्र कुमार को गोरखपुर से बुलाकर प्रोन्नति बोर्ड में तैनाती दी गई है। चिरंजीव मुखर्जी को अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज बनाया गया है। पहले वह लखनऊ सीआईडी यूनिट में तैनात थे। श्वेताभ पाण्डेय को ईओडब्ल्यू से हटाकर एटा में अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। आलोक कुमार जायसवाल को प्रोन्नति बोर्ड से हटाकर फतेहगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव को एसएसएफ मुख्यालय लखनऊ से सहारनपुर में स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार से डा. राकेश कुमार मिश्र को पुलिस मुख्यालय लखनऊ से रिलीज करके गाजीपुर में नई तैनाती दी गई है।



सेंसेक्स 83459.15
निफ्टी 25597.65



सोना रु. 121010
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 145924
प्रति किलो



# शेयर बाजार में पिछले सप्ताह गिरावट जारी रही

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू अर्थव्यवस्था के बुनियादी संकेत मजबूत बने रहने के बावजूद वैश्विक हालात में अनिश्चितता तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से बिकवाली का दबाव बने रहने से भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख शेयर सूचकांकों में गत शुक्रवार को समाप्त हुए सप्ताह में गिरावट का सिलसिला बना रहा।

आगामी सप्ताह में बाजार की नजर बिहार विधान सभा चुनाव के नतीजों, खुदरा और थोक महंगाई दर तथा व्यापार घाटे के आंकड़ों बैंकों से कर्ज उठाव की रिपोर्ट और अमेरिका की अर्थव्यवस्था के आंकड़ों पर टिकी रहेगी। बाजार विश्लेषकों की राय में बाजार में बुनियादी तौर पर मजबूती की धारणा है पर उसे भारत- अमेरिका व्यापार वार्ता तथा भारत-चीन के बीच व्यापार की आगे की परिस्थितियों को लेकर सकारात्मक खबरों का भी इंतजार है। व्यापार वार्ता के बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हाल के बयानों से बाजार की उम्मीद जगी है कि अमेरिका के साथ कोई अच्छा समझौता हो जाएगा। सप्ताह के दौरान कुछ प्रमुख शेयरों में ऊंचे भाव पर मुनाफा



निवेशकों को आगे बिहार के नतीजों का इंतजार

काटने की जल्दी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के बराबर बिकवाल बने रहने से जारी गिरावट के बीच बीसई का बीएसई30 सेंसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 करीब 0.9 प्रतिशत दायरे में नीचे आ गए। सप्ताह के दौरान मिडकैप और स्माल कैप शेयरों में दबाव ज्यादा था। एनएसई मिडकैप सूचकांक में 0.6 प्रतिशत तक की गिरावट रही। विश्लेषकों के अनुसार आने वाले दिनों में बाजार सीमित दायरे में चढ़ता-उतरता रहेगा। मुद्रास्फीति में नरमी बने रहने के अनुमानों के बीच बिहार चुनाव के परिणाम बाजार की दिशाओं को कुछ प्रभावित कर सकते है, जहां सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन रकार विकास और सुरक्षा के एजेंडा पर पुन: जनादेश मांग रही। उसका मुकाबला कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्ववाले महा गठबंधन से है। वोटों की गिनती 14 नवम्बर को होगी। वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की स्थिति मजबूत बनी हुई है और पिछले कुछ समय में निफ्टी में 700 और मिडकैप में 1000 अंक की गिरावट के चलते इस समय भारतीय शेयर बाजार अपने जैसे दूसरे बाजारों की तुलना में और निवेश के लिए और आकर्षक बताया जा रहा है। तिमाही वित्तीय रिपोर्ट के इस सीजन में मिड और स्माल कैप के परिणाम भी तुलनात्मक रूप से अच्छे रहे हैं। अक्टूबर का पीएमआई डाटा उम्मीद से अच्छा रहा तथा कंपनियों के सितम्बर तिमाही के लाभ के आंकड़े भी कुल मिला कर संतोषजनक रहे। जीएसटी में कटौती से बाजार में मांग को प्रोत्साहन मिला है। इस तरह कुल मिला कर परिदृश्य उत्साहजनक बना हुआ है। अमेरिकी डॉलर की मजबूती एक चिंता है, पर वैश्विक कच्चे तेल बाजार में आपूर्ति अच्छी रहने से ब्रेंट कच्चा तेल नरमी के साथ 63 डॉलर प्रति बैरल के आस पर बना रहा है।

### विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह में 21.87 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 5.623 अरब डॉलर घटकर 689.733 अरब डॉलर रह गया और इससे लगातार तीन सप्ताह की गिरावट में विदेशी मुद्रा भंडार 21.869 अरब डॉलर घट चुका है। इससे पहले 24 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में यह 6.925 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 695. 355 अरब डॉलर पर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक के 7 नवम्बर को जारी आंकड़ों के अनुसार गत 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.957 अरब डॉलर घटकर 564.591 अरब डॉलर रह गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, यूरो और ब्रितानी पाउंड को शामिल किया जाता है।

# गेहूं, चावल, तेलों में गिरावट, दालों में मिला जुला रुख

**नई दिल्ली।** दिल्ली की थोक मंडियों में शनिवार को समाप्त कारोबारी सप्ताह के दौरान चावल, गेहूं, आटा और मूंगफली को छोड़ कर अन्य खाद्य तेलों में मांग की तुलना में स्टॉक की स्थिति अच्छी होने से गिरावट रही। इस दौरान दाल दलहनों में मिला जुला रुख देखा गया जबकि मूंगफली को छोड़ कर अन्य खाद्य तेलों में गिरावट दर्ज की गई। देश में चावल की आपूर्ति की स्थिति के मजबूत बने रहने के बीच स्थानीय बाजार में सामान्य स्तर के चावल की दरों में सप्ताह के दौरान नरमी दर्ज की गई।

औसत श्रेणी के चावल का भाव सप्ताहांत 3742 रुपये क्विंटल था, जो इससे पिछले सप्ताहांत 3826 रूपए क्विंटल के आस पास था। इस तरह इसके थोक भावों में सप्ताह के दौरान 84 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। भारत विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश है और कुल वैश्विक उत्पादन में करीब एक तिहाई योगदान करता है। पिछले एक दशक से भी अधिक समय से भारत चावल का सबसे बड़ा निर्यातक भी बना हुआ है और विश्व बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए हाल में दिल्ली में चावल पर एक बड़ा वैश्विक आयोजन किया गया था। सप्ताह के दौरान गेहूं और आटा की कीमतों में क्रमश: 14 रुपये और छह रुपये प्रति



क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। गेहूं दड़ा 2860 रुपये से घट कर 2836 रुपये प्रति क्विंटल और आटा 3319 से घट कर 3313 रुपये प्रति 100 किलों के भाव दर्ज किया गया। चावल और गेहूं जैसी जिंसों में नरमी का असर खाद्य मुद्रास्फीति पर भी झलक सकता है। इस दौरान वैश्विक बाजार में नरमी के रुख के बीच स्थानीय बाजार में दालों में मिलाजुला रुख दिखा। उड़द और मसूर के भाव सप्ताह के दौरान कुल मिला कर चढ़े हुए थे, जबकि चना, तूअर और मूंग में नरमी का रुख दिखा। दाल चना सप्ताह के दौरान 51 रुपये टूट कर प्रति क्विंटल 7812 रुपये के स्तर पर आ गई थी। तूअर में कुल मिला कर छह रूपए की हल्की नरमी रही और सप्ताहांत भाव 10501 रुपये क्विंटल पर चल रहा था। इस दौरान मूंग दाल 37 रुपये घट कर 10041 रुपये के भाव पर आ गई। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों से आवक के मध्यम होने से उड़द का भाव सप्ताह के दौरान 28 रुपये की तेजी से सप्ताहांत 10371 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड से...**

8260 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। ये परियोजनाएं पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास सहित कई प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ीं हैं। उन्होंने 28,000 किसानों के खाते में फसल बीमा योजना की 62 करोड़ रुपये की रकम भी जारी की, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जहां चाह वहां राह। हमें पता होगा कि हमारा लक्ष्य क्या है, तो निश्चित ही हम आगे बढ़ेंगे। उत्तराखंड ने इसे साबित कर दिखाया है। यहां आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों की मांग बढ़ी है। यहां हर विधानसभा में योग केंद्र, होम स्टे, एक कंप्लीट पैकेज यहां बनने चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल से जुड़े प्रोजेक्ट यहां विकास की यात्रा को आगे बढ़ाएंगे। उत्तराखंड सरकार अब सेब व कीवी के किसानों को डिजिटल अनुदान देना शुरू कर रही है। कहा कि उत्तराखंड आध्यात्मिक जीवन की धड़कन है। उत्तराखंड की विकास की यात्रा अदभुत। पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड का हर गांव वैक्सीन के दायरे में आ गया है। प्रदेश की विकास की ये यात्रा अदभुत है। ये बदलाव सबको साथ लेकर चलने, हर उत्तराखंडी के संकल्प का नतीजा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चल रही सरकार की भी कई बार तारीफ की। इस मौके पर सीएम पुष्कर सिंह धामी, राज्यपाल ले. ज. (से.नि.) श्री गुरमीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, राज्यसभा सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, डा. कल्पना सैनी, सांसद अजय भट्ट, माला राज्यालक्ष्मी शाह, पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक, भगत सिंह कोश्यारी, विजय बहुगुणा, तीरथ सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, रेखा आर्य सौरभ बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

**गुजरात में...** के संपर्क में था। वह अबू खदीजा नाम की एक टेलीग्राम आईडी के संपर्क में था, जो कथित तौर पर आईएसकेपी (इस्लामिक स्टेट - खुरा. सान प्रांत) से जुड़ा था, उसने रिसिन नाम का रासायनिक जहर तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू की थी, जो अरंडी के बीजों के प्रसंस्करण से बचे अपशिष्ट पदार्थ से बनाया जाता है। वह हथियार की डिलीवरी लेने अहमदाबाद आया था, उसे कलोल से हथियार की खेप मिली थी। डीआईजी सुनील जोशी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के दो अन्य संदिग्ध गुजरात के बनासकांठा में थे। दोनों लखीमपुर और शामली निवासी हैं। इनकी पहचान आजाद सुलेमान शेख और मोहम्मद सुहेल सलीम खान के रूप में की गई है। दोनों ने दीनी शिक्षा प्राप्त की है और कट्टरपंथी हैं। विदेश में रहने वाले लोगों के संपर्क में रहने के अलावा इन्होंने लखनऊ, दिल्ली और अहमदाबाद के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में रेकी भी की है। कश्मीर में भी उनकी गतिविधियों को रिकॉर्ड किया गया है। उन्होंने राजस्थान के हनुमानगढ़ से सामान रिसीव करने के बाद कलोल में डिलीवर किया। पुलिस आगे की जांच कर रही है। हमें एक आरा. पी की रिमांड 17 नवम्बर तक मिली है। बाकी दो को आज अदालत में पेश किया जाएगा।

# बिहार के लिए चली स्पेशल ट्रेनों पर कपिल सिब्बल ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज से पहले 3 नवम्बर को हरियाणा से बिहार के लिए चलाए गए स्पेशल ट्रेनों पर सवाल खड़े किए हैं।

सिब्बल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सवाल किया कि क्या ये ट्रेनें विशेष सेवाओं के रूप में चलाई गईं? यदि हां, तो इन्हें हरियाणा से अभी क्यों चलाया गया, छठ के दौरान क्यों नहीं चलाया गया? पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं यहां पर एक बात पर प्रकाश डालने आया हूं कि क्या चुनाव आयोग कोई कार्रवाई कर रहा है या भाजपा के सहयोगी के रूप में काम कर रहा है, जैसा कि कई लोग आरोप लगाते हैं।



उन्होंने कहा कि 3 नवम्बर को लगभग 6 हजार लोगों को लेकर चार ट्रेनें हरियाणा से बिहार गईं, पहली दो करनाल से पानीपत होते हुए बरौनी और अगली दो गुरुग्राम से पटना होते हुए भागलपुर। सिब्बल ने सवाल उठाया कि ये लोग यात्रा क्यों कर रहे थे? उन्होंने कहा या तो यात्रा कर रहे लोग बिहार के असली मतदाता थे या किसी 'सुनियोजित अभियान' का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि मैं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पूछता हूं क्या ये ट्रेनें विशेष सेवाओं के रूप में चलाई गईं? उन्होंने फिर सवाल किया कि यदि हां, तो इन्हें हरियाणा से अभी क्यों चलाया गया, छठ के दौरान क्यों नहीं चलाया गया? सिब्बल ने सवाल उठाया कि क्या हरियाणा के इन असली मतदाताओं को विशेष ट्रेनों की जरूरत थी या उन्हें खास तौर पर बिहार में वोट देने के लिए भेजा गया था? उन्होंने चुनाव आयोग पर तंज कसते हुए कहा मुझे मालूम है चुनाव आयोग इस मसले पर कुछ नहीं करेगा, क्योंकि चुनाव आयोग भाजपा से मिला हुआ है। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने हरियाणा से बिहार चलाए गए स्पेशल ट्रेन के टाइमिंग पर सवाल उठाया है। उन्होंने संदेह जताया है कि बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए स्पेशल ट्रेन के जरिए लोगों को हरियाणा से बिहार भेजा गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# विवाहिता की मौत के मामले में दहेज हत्या के आरोपी भेजे जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के ग्राम गडीना में शुक्रवार को नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना के संबंध में विवाहिता महिला के भाई मनोज ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में पति सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। थाना प्रभारी ब्रह्म कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस ने रविवार को मृतका महिला के पति शिक्षक कुलदीप, ससुर इलम सिंह, सास महेंद्री को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सैफपुर निवासी तेजपाल की पुत्री आशा की शादी छह माह पूर्व 18 अप्रैल 2025 को ग्राम गडीना निवासी कुलदीप पुत्र इलम सिंह के साथ हुई थी। आशा एम ए पास थीं जबकि उसका पति बीटीसी करके चार वर्ष पूर्व से संभल में सरकारी स्कूल में अध्यापक के पद पर तैनात है। बताया गया है कि शुक्रवार को दोपहर आशा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी मृतका की ससुराल वाले विवाहिता को लेकर अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल में डाक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए। तत्पश्चात वह विवाहिता के शव को लेकर गांव गडीना लौट गए। किसी ने इसकी सूचना मृतका के भाई मनोज को दे दी। विवाहिता आशा की ससुराल में मौत होने की खबर से उसके परिवार में कोहराम मच गया था। ग्रामीणों के साथ मायके वाले मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी ब्रह्मकुमार त्रिपाठी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इस बीच मृतका की ससुराल वाले फरार हो गए। मृतका आशा के बड़े भाई सनोज ने बताया कि वह गुरुवार को अपनी बहन की ससुराल आया था। उसका पति कुलदीप छुट्टी लेकर घर पर आया हुआ था उसकी बहन को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। वह आशा की ससुराल वालों को समझा बुझाकर देर शाम अपनी बहन को साथ ले जाना चाहता था। सनोज ने बताया कि आशा की ससुराल वालों को समझाने पर उसके साथ भी बदसुलूकी की गई थी। उन्होंने अपनी बहन की शादी में 750 लाख रुपए नगद दिए थे और सात लाख रुपए का चेक अलग से दिया था दहेज के समान सहित शादी में करीब 26 लाख रुपए खर्च किया था। आरोप है कि दहेज में और नगदी की और मांग को लेकर आशा की फांसी लगाकर हत्या कर दी गई। घटना के संबंध में थाने पर मृतका महिला के भाई मनोज द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में पति शिक्षक कुलदीप, देवर अमरद. ीप, व सोनित, सास महेंद्री, ससुर इलम सिंह, ननदोई उदय सिंह को नामजद किया गया है।

## बहसूमा में आधा दर्जन दुकानों में हुई चोरी का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी देहात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर में हुई अज्ञात चोरों ने आधा दर्जन दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें एसपी देहात अभिजीत कुमार ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमन गोयल ने कहा कि दुकानों में हुई चोरी का खुलासा किया जाये और रात्रि में गश्त बढ़ाया जाये। एसपी देहात अभिजीत कुमार ने थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह को रात्रि में गश्त बढ़ाये जाने के निर्देश दिए और जल्द से जल्द खुलासा करने की बात कही। व्यापारियों का कहना था कि आने वाले दिनों में ठंड व कोंरा पड़ेगा इस दौरान चोरों का गैंग सक्रिय हो जाता है। व्यापारियों को डर है कि यह गैंग फिर घटना को अंजाम देंगे। एसपी देहात ने कार्रवाई की बात कही है।

## पति की हत्या कराने के मामले में...

# पत्नी और प्रेमी के बाद तमंचा बेचने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

- 10 दिन पूर्व हुई थी घटना
- परीक्षितगढ़ क्षेत्र के गांव अगवानपुर का है मामला




पुलिस की पकड़ में आरोपी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम अगवानपुर में 10 दिन पूर्व युवक की पत्नी द्वारा अपने प्रेमी से हत्या कराए जाने के बाद अब इस मामले में एक अन्य युवक को तमंचा व कारतूस बेचने के आरोप में पुलिस ने पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

ग्राम अगवानपुर निवासी राहुल की पत्नी अंजलि का अपने पड़ोसी अजय से पिछले डेढ़ वर्ष से अफेयर चल रहा था। इस बीच अजय अनेक बार अंजलि को अपने साथ मेरठ होटल में भी ले गया तथा घर में भी मौका मिलते ही मिलता था। इसका पता जब अंजलि के पति राहुल को लगा तो उसने विरोध किया जिसके बाद अंजलि ने अपने प्रेमी से राहुल की हत्या करा दी। पुलिस ने घटना का खुलासा कर तीन दिन पूर्व दोनों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया था जहां से उन्हें जेल भेज दिया था। थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने बताया कि अजय ने दिलीप पुत्र लेखराज ग्राम खेड़ी थाना दौराला से 5500 में तमंचा व 3000 में 10 कारतूस 315 बोर के खरीदे थे जिससे एक नवंबर की रात को अजय ने राहुल की गोली मारकर हत्या की थी इसी मामले में दिलीप को थाने बुलाकर पूछताछ की गई जिसमें उसकी संलिप्तता पाई गई। जिसमें दिलीप को नाम दर्ज करते हुए कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# शर्ली भंडारी फिर बनीं नर्सेस संघ की अध्यक्ष, दी बधाई

### लखनऊ में आयोजित हुआ था 18वां द्विवार्षिक अधिवेशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राजकीय नर्सेस संघ का 18वां द्विवार्षिक अधिवेशन लखनऊ के गांधी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। जिसमें लाला लाजपत राय मेडिकल कालेज मेरठ की नर्सिंग ऑफिसर शर्ली भंडारी निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गई। शर्ली भंडारी को यह जिम्मेदारी दूसरी बार मिली है। लखनऊ के अशोक महामंत्री जबकि मेरठ के पवन मिश्रा उपाध्यक्ष चुने गए हैं। वहीं रविवार को लखनऊ के विज्ञान भवन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के ज्वाइन डायरेक्टर डॉ. अलोक सक्सेना ने राजकीय नर्सेस संघ के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

## बहसूमा कस्बे में बढ़ रही चोरी से क्षेत्र में रोष

# भाकियू तोमर ने थानाध्यक्ष से कार्रवाई की रखी मांग

- चोरियों का जल्द खुलासा नहीं हुआ तो डीएम-एसएसपी के यहां देंगे धरना
- रात में गश्त बढ़ाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर में हुई चोरियों की घटनाओ को लगाम लगाने के लिए थाना प्रभारी को भाकियू तोमर जिलाध्यक्ष अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपा है। भाकियू तोमर के जिलाध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि कस्बे में व्यापारियों के प्रतिष्ठान में हुई चोरी का जल्द खुलासा करें और कस्बे में रात्रि में गश्त बढ़ाया जाये। थाना प्रभारी ने सभी लोगों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा और रात्रि में गश्त भी बढ़ाया जाएगा। रविवार की दोपहर भाकियू तोमर के जिलाध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह को ज्ञापन देते हुए बताया कि शुक्रवार की देर रात्रि अज्ञात चोरों ने व्यापारियों के प्रतिष्ठान में लाखों रुपए की चोरी कर फरार हो गये।

जिससे व्यापारी भयावत हो रहे है। पुलिस ने अभी तक चोरों की तलाश में कोई संज्ञान नहीं लिया है। पहले भी थाने के 100 मीटर दूरी पर सम्मुन समरसेबल वाले की दुकान का शटर तोड़कर मोटर चोरी सहित किसानो की ट्यूबवेल पर दर्जनों चोरी भी हो चुकी है। पुलिस मुकदमा तो दर्ज कर लेती है। लेकिन इसका खुलासा नहीं किया। जबकि पुलिस जनता की रहबर है। यदि इन मामलों का पुलिस जल्द खुलासा नहीं करती है तो भाकियू तोमर के नेतृत्व में जिलाधिकारी और एसएसपी के यहा जाकर धरना देने पर मजबूर हो जाएंगे। थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। रात्रि में गश्त बढ़ाया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अमित चौधरी, गर्वित चाहल, नितिन चौधरी, राज. कुमार चौधरी, शिवांशु ककरान, स्पर्श यादव, विवेक लाम्बा, सचिन, वीरेंद्र नागर आदि लोग शामिल रहे।

# लापता युवक की तलाश में दिनभर जुटे रहे परिजन, नहीं लगा सुराग

- नहर किनारे खड़ी मिली लापता युवक की स्कूटी
- पुलिस को आशंका नहर में कूदकर की है आत्महत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** दौराला कस्बे से दो दिन पूर्व गायब हुए युवक का कोई सुराग हाथ नही लग सका, परिजन दो दिन से युवक की नहर में तलाश कर रहें है, लेकिन कोई पता नही चल सका। परिजनों को अनहोनी की आंशका के चलते रो -रोकर बुरा हाल है। दौराला निवासी 23 वर्षीय समीर पुत्र मेहराजुदीन दो दिन पूर्व घर से सरधना अपने मामा के यहां जाने की बात कहकर स्कूटी पर सवार होकर निकला था।

लेकिन न तो समीर मामा के घर पहुंचा, और न ही वापस घर लौट सका, परिजनों ने जब मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया तो मोबाइल स्विच ऑफ आता रहा। परिजनों ने दो दिनों तक काफी तलाश किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नही लग सका। शुक्रवार दोपहर समीर की स्कूटी दौराला गंगनहर पुल पर लावारिस हालात में खड़ी मिली थी, जिसकी सूचना पर पहुंचे परि. जनों ने गोताखोरों की मदद से समीर को नहर में तलाशना शुरू कर दिया था, लेकिन रविवार देर शाम तक समीर का कोई सुराग हाथ नही लग सका। परिजनों व पुलिस को आंशका है कि युवक कहीं नहर में कूदकर आत्म हत्या न कर ली हो, जिसकी आंशका के चलते परिजनों का रो-रोकर बुरा है। समीर के परिजनों ने बताया कि वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था, बीच में दिमागी संतुलन खराब होने की वजह से उसकी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी।

# विद्युत लाइन की चिंगारी से छह बीघा फसल जलकर स्वाहा

## नाराज किसानों ने विद्युत विभाग के कर्मचारी व लाइनमैन को खंभे से बांधकर पीटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के गांव कुंडा में विद्युत लाइन की चिंगारी से किसानों के खेत में खड़ी गन्ने की फसल में आग लगने से कई बीघा फसल जलकर राख हो गई। गुस्साए किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा करते हुए घटनास्थल पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों व लाइनमैनो को खंभों पर रस्सी से बांधकर बंधक बना लिया उनके साथ जमकर मारपीट करते हुए दुर्व्यवहार किया और मौके पर विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को मोके पर बुलाने की मांग और जर्जर हो रही एचटी 11 हजार के विद्युत तारों को बदलवाने की मांग पर अड़ गए। मामले की जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग के अवर अभियंता सुनील दत्त मौके पर पहुंच गए उन्होंने बड़ी मुश्किल से किसानों को समझा बुझाकर शांत किया और बताया कि जर्जर लाइनो का इस्टीमेट बना दिया है।

विभाग से धनराशि मिलते ही जर्जर लाइन को बदलवा दिया जाएगा, तब जाकर किसान शांत हुए। घटना के संबंध में पीड़ित किसान ओमवीर व अशोक पुत्रगण रामपाल ने विद्युत विभाग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई एवं आग लगने से नष्ट हुई फसल के मुआवजे की मांग रखी है। गांव निवासी ओमवीर व अशोक पुत्रगण रामपाल ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे उनके खेत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार एचटी लाइन के विद्युत तारों से जल रही चिंगारी 30 बीघा के खेत में खड़ी गन्ने की फसल में गिरने से आग लग गई। गनीमत रही उस समय किसान ओमवीर व गांव के और किसान भी वहां खेतों में काम कर रहे थे। उन्होंने तुरंत आग बुझाने के लिए ट्यूबवैल से पानी भरकर और ट्रैक्टरों को आग लगने वाले खेत में लगाकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया फिर भी 6 बीघा फसल जलकर राख हो गई। अगर किसान आग को अपने आप ना बुझाते तो आसपास खेतों में खड़ी करीब ढाई सौ बीघा गन्ने की फसल जल कर राख हो जाती।

किसानो ने सबसे पहले तुरंत विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन करके विद्युत सप्लाई बंद कराई। मामले की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर गडीना बिजलीघर विद्युत विभाग के लाइनमैन राहुल, रामकरण, पप्पू घटना स्थल पर किसानों के खेत पर पहुंच गए गुस्साए किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा करते हुए तीनों लाईनमैनों को तो नलकूप पर लगे ट्रांसफार्मर के खंभों से बांधकर मारपीट कर दी। और जर्जर हो रहे तारों को बदलवाने की मांग को लेकर मौके पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़ गए। किसान मनोज, रामकुमार, नरेश, राजवीर, अशोक, महकार, अक्षय, मांगे, रवि, बिट्टू, विकास, योगेश, आवेश, विपिन प्रधान आदि ने बताया कि गांव के जंगल में उनके खेतों के ऊपर से 11000 की एचटी लाइन के 28 खंभों के तार पिछले वर्षों से गन्ने की फसल पर लटक रहे हैं। जिससे आए दिन विद्युत लाइन में फाल्ट होने के कारण आग लगने की घटनाएं हो रही है। यही नहीं पिछले काफी दिनों खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पर विद्युत लाइन की चिंगारी गिरने से सैकड़ो बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई थी। इस संबंध में पिछले कई महीने से लगातार विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर जर्जर विद्युत लाइन को बदलने की मांग रखी, लेकिन आज तक समस्या का निस्तारण नहीं हो सका। गुस्साए किसानों ने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों ने अगर जल्द ही लाइन के तार नहीं बदले तो वह इकट्ठा होकर विद्युत विभाग के खिलाफ आंदोलन करेंगे। गडीना बिजली घर विद्युत विभाग अवर अभियंता सुनील दत्त ने बताया कि जर्जर लाइन का इस्टीमेट बनाकर भेज दिया गया है जैसे ही उच्च अधिकारियों का आदेश आएगा तुरंत जर्जर लाइन को बदलवा दिया जाएगा।

# महर्षि दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में आठवीं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** क्षेत्र के पिलौना में स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में रविवार को स्वर्गीय बलेराम स्मृति के उपलक्ष में आठवीं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कक्षा 3 से कक्षा 12वीं तक लगभग 845 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा और ज्ञान का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चारू निगम, कमांडेंट, 47वीं वाहिनी पी.ए.सी., गाजियाबाद तथा ब्रांड एम्बेसडर के रूप में निधि पंवार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी बागपत उपस्थित रहीं। आयोजन को सफल बनाने में संयोजक मनीष खारी, गुरमीत सैनी, विनीत खारी, अर्जुन खारी, अक्षय शर्मा, विमल खारी, अनुज व राजन चौधरी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में महर्षि दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, पिलौना के प्रधानाचार्य बाबूराम धाम का सहयोग सराहनीय रहा। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्कृष्ट अनुशासन और जोश का परिचय दिया। जिसमें विजेता विद्यार्थियों की सूची जिला स्तरीय दी जा रही है विजेता विद्यार्थियों की सूची कक्षा 12वीं से प्रथम स्थान अनिकेत एवं कीर्ति, द्वितीय स्थान वर्तिका, दिव्यांशी एवं शिवम, तृतीय स्थान वंशीका, कक्षा 11वीं से प्रथम स्थान लकी धामा, द्वितीय स्थान मानसी एवं अभिनव विकल, तृतीय स्थान वंशीका रानी एवं मनीषा शर्मा, कक्षा 10वीं से प्रथम स्थान शिवांकी पुत्री अशोक (अंक- 46), द्वितीय स्थान कृष सैनी पुत्र भूपेंद्र कुमार अंक 45 तृतीय स्थान राधा पुत्री धनपाल अंक 43, कक्षा 9वीं से प्रथम स्थान छवि सैनी पुत्री राजेन्द्र कुमार अंक 43, द्वितीय स्थान सार्थक पुत्र वासुदेव अंक 40, तृतीय स्थान महीमा पुत्री लोकेन्द्र सिंह अंक 39 इनके अलावा दिल्ली ग्लोबल स्कूल के छात्र अव्युक्त सैनी पुत्र रितुराज सैनी निवासी फलावदा ने कक्षा 4 की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल और माता-पिता का नाम रोशन किया है। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धन, प्रतिस्पर्धात्मक भावना तथा आत्म विश्वास का विकास हुआ। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं विज. ेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजकों ने घोषणाएं की आगामी वर्षों में भी ऐसे शैक्षिक कार्यक्रम जिलेभर में होते रहेंगे।

# रालोद नेता त्रिलोक त्यागी ने गन्ना मूल्य वृद्धि को बताया सही कदम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी ने रविवार सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने का समर्थन मूल्य 400 प्रति क्विंटल किए जाने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय लंबे समय से किसानों की मांग रही है, और अब यह कदम उनके हित में एक सकारात्मक पहल साबित होगा। त्यागी ने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चौधरी जयंत सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य नरेंद्र सिंह खजुरी, प्रबुद्ध कुमार, जिलाध्यक्ष मतलूब गौड़, वरिष्ठ रालोद नेता चौधरी सत्येन्द्र सिंह तोमर, संगीता दोहरे, संजय पनवारी, नरेश चौधरी, चंद्रवीर सिंह, आर्यन सिंह, अभिमन्यु ललसाना, जयराज सिंह, अरविंद तोमर सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरधना चर्च में वार्षिक मेले का समापन

## झांसी के धर्मप्रांत बिशप रहें मुख्य अतिथि, देश विदेश से लाखों श्रद्धालुओं ने की शिरकत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** ऐतिहासिक चर्च में चल रहें माता मरियम महोत्सव चर्च मेले का रविवार को भव्य कार्यक्रम के बीच समापन हो गया। समापन के दौरान विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समापन के बाद वाहनों की निकलने के वजह से जाम की स्थिति बनी रही, जिसे खुलवाने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। सरधना नगर के ऐतिहासिक चर्च में प्रत्येक वर्ष चर्च मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश-विदेश से हजारों की तादाद से श्रद्धालु पहुंचकर माता मरियम की चमत्कारी तस्वीर के समक्ष अपनी अपनी मन्नतें मांगते है। इस बार भी सरधना चर्च में हजारों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचे थे, और अपनी मन्नतें मांगी।

रविवार को मेले समापन के मौके पर मुख्य अतिथि झांसी के धर्मप्रांत के बिशप विल्फेड ग्रेगरी मोरास रहें, जिन्होंने विशेष प्रार्थना कराते हुए विश्व शांति के लिए दुआ मांगी। दोपहर 3बजे चर्च परिसर से शुरू हुई समापन यात्रा जुलूस का संत इंटर कालेज में जाकर समापन हुआ। मेला परिसर में झूले, खिलौने, भोजन स्टॉल और धार्मिक सामग्री की दुकानों पर लोगों की खूब भीड़ रही। बच्चों और महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने मेले की रौनक का आनंद लिया। चर्च प्रशासन ने बताया कि सरधना मेला वर्षों से सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक रहा है। मेला समापन के साथ ही सभी श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे का अभिवादन कर सुख-शांति की कामना की। मेले के दौरान सीओ आशुतोष कुमार, थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह, ईओ सरधना दीपिका शुक्ला समेत प्रशासन के लोग मुस्तैदी में लगे रहे, मेला समाप्त होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# जानी थाने पहुंचे कप्तान ने देखी व्यवस्था, दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार देर रात जानी थाने पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा और एसपी देहात ने जानी थाने का निरीक्षण किया। देर रात पहुंचे विपिन ताडा ने महिला सुरक्षा साइबर अपराध व दंगा निरंतर से कैसे निपटा जाए इसकी भी जानकारी ली और रजिस्टर चेक किया। वहीं महिला हेल्प डेस्क मिशन शक्ति केंद्र शस्त्रगार और भोजनालय व हवालात सहित बरीकी से थाने पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र को निर्देश दिए कि थाने में पुलिस बल की तैनाती बनाए रखे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और एसपी देहात ने करीब तीन घंटे जानी थाने का निरीक्षण किया जिसमें जानी थाने की पुलिस फोर्स रात भर थाना परिसर में ही मौजूद रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा के जाने के बाद थाना पुलिस ने राहत की सांस ली।

# डंपिंग ग्राउंड में मिली युवक की अधजली लाश, जांच में जुटी पुलिस

■ घटनास्थल तक जाने वाले मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की की जा रही जांच



**लोनी।** क्षेत्र से युवक की हत्या का मामला सामने आया है। यहां के कावेरी सिटी कॉलोनी के पास युवक की कचरे के ढेर के पास अधजली लाश मिली है। पुलिस के मुताबिक, आशंका है कि किसी ने युवक की हत्या की और फिर लाश को निपटाने के उद्देश्य से जलाने की कोशिश की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

जानकारी के मुताबिक, लोनी थाना क्षेत्र की कावेरी सिटी स्थित कॉलोनी से कुछ दूर नगर पालिका द्वारा खाली भूमि पर अस्थाई डंपिंग ग्राउंड है। कॉलोनी के लोगों ने रविवार सुबह कूड़े के ढेर के पास बंद मकान के पीछे 22 वर्षीय अज्ञात युवक का अधजला शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लोगों के मुताबिक युवक के दोनों हाथ लटके हुए थे। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि हत्या कर शव लाकर फेंके जाने की आशंका प्रतीत हो रही है। घटनास्थल तक जाने वाले मार्गो पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने की बंगाली समाज के प्रमुख व्यक्तियों से मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद विधानसभा के विधायक व उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने बंगाली समाज के प्रमुख व्यक्तियों के साथ आने वाले बंगाल चुनाव के तैयारी के लिए बैठक की। बंगाल की राष्ट्र विरोधी, धर्म विरोधी सरकार को किस तरीके से उखाड़ कर फेंका जाए इसके लिए प्रबुद्ध वर्ग से सुझाव भी लिए गए।

जल्दी ही विधानसभा का एक बड़ा कार्यक्रम बंगाली समाज के साथ करने की योजना हैं। इस अवसर पर कौशांबी निवासी वरुण शर्मा अशोक परवाल बंगाली समाज के शुभेंदु हरि, टी के भौमिक, पी बी राय और अमोल दत्त सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# खेल-कूद स्वस्थ शरीर की चाबी: मनोज धामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** लोनी बार्डर स्थित क्षेत्र मे सांगवान स्पोर्ट्स एकेडमी का पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनोज धामा ने पूजा पाठ कर हवन आहूति देते हुये शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनोज धामा का एकेडमी के पदाधिकारीयों ने बुके देकर व फूल-माला पहनाकर स्वागत किया।

मनोज धामा ने स्पोर्टस एकेडमी का जायजा लेते हुये कहा कि शारीरिक विकास के लिये मानव जीवन मे खेल-कूद का बेहद ही महत्वपूर्ण योगदान होता है। एक स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मस्तिष्क का भी निवास होता है जो व्यक्ति के चरित्र निर्माण मे बहुत ही आवश्यक है।

इस अवसर पर मनोज धामा ने एकेडमी के पदाधिकारीयों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि आप जैसे साथियों के दूारा लोनी के युवाओं के लिये एक अच्छी पहल की जा रह है जिसमे एकेडमी के माध्यम से युवा वर्ग खेल के प्रति जागरूक होगा तथा यहां पर आकर प्रोफेशनल खेलों की ट्रेनिंग लेंगे तथा आने वाले समय मे लोनी के पहले से अधिक खिलाडी बडे स्तर पर जाकर




खेलों मे पदक जीतकर अपना व परिवार व लोनी क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर नितिन सांगवान, सुभाष राणा, सोती धामा, रणविजय सिंह सहित एकेडमी के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में खेले गए क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 44वीं नेशनल जूनियर शूटिंग बॉल चैंपियनशिप के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रमुख ने बताया कि एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में आयोजित की जा रही है। आज क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल मैच खेले गए हैं। जिसमें बालिका वर्ग में पहला क्वार्टरफाइनल मैच पंजाब वर्सेस आंध्र प्रदेश के बीच 21-8, 21-11 से यह मैच पंजाब ने जीत हासिल की दूसरा क्वार्टरफाइनल मैच राजस्थान वर्ष विदर्भ 31-15, 21-18 इस मैच में राजस्थान ने जीत हासिल की।

तीसरा क्वार्टरफाइनल मैच गुजरात उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया 13-21, 15-21 से उत्तर प्रदेश की टीम जीत हासिल की चौथा क्वार्टर फाइनल मैच मध्य



प्रदेश वर्ष हरियाणा के बीच 15-21, 15-19, 19- 21 इस मैच को हरियाणा ने जीत हासिल की बालक वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच उत्तर प्रदेश हरियाणा के बीच खेला गया जिसमें 15-21, 21-11, 20-22, से हरियाणा ने जीत हासिल और फाइनल में जगह बनाई वहीं पर दूसरा सेमीफाइनल मैच पंजाब वर्सेज हरियाणा के बीच खेला गया जिसमें पंजाब 21-8, 21-9 जीत हासिल की और फाइनल अपनी जगह बनाई।

वहीं पर बालिका वर्ग के क्वार्टरफाइनल मैच दिल्ली बनाम मध्य प्रदेश के बीच खेला गया जिसमें दिल्ली ने 21-4 , 21-8 से ये मैच जीत लिया और दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच विदर्भव बनाम उत्तर प्रदेश के बीच 21-15 , 21-17, 21-8 से उत्तर प्रदेश ने जीत हासिल की। तीसरा क्वार्टर फाइनल महाराष्ट्र बनाम आंध्र प्रदेश के बीच 21-4, 21-05 जिसमें महाराष्ट्र ने जीत हासिल की।

चौथा क्वार्टर फाइनल राजस्थान बनाम हरियाणा के बीच 21-18 , 21-8 जिसमें राजस्थान ने जीत हासिल की। वहीं पर बालिका वर्ग में सेमीफाइनल मैच दिल्ली बनाम उत्तर प्रदेश 21-16 , 21-12 में उत्तर प्रदेश ने फाइनल में जगह बनाई। और दूसरा सेमीफाइनल मैच में राजस्थान बनाम महाराष्ट्र के बीच 21-14 , 21-06 में महाराष्ट्र ने फाइनल में प्रवेश किया। इस चैंपियनशिप में बालिका वर्ग में तृतीय स्थान के लिए दिल्ली बनाम राजस्थान के मैच खेला गया। जिसमें 21-12,21-18, 21-12 से राजस्थान मैच अपने नाम किया।

# मुनाफे का झांसा देकर साढ़े 30 लाख रुपये ठगे, केस दर्ज

**गाजियाबाद।** खोड़ा कॉलोनी निवासी व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर खोड़ा कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति से साढ़े 30 लाख रुपये ठग लिए। जालसाजों ने ऑनलाइन मुनाफा दर्शाकर पीड़ित को जाल में फंसाया और मोटी रकम ट्रांसफर करा ली। पीड़ित ने साइबर थाने में केस दर्ज कराया है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। खोड़ा कॉलोनी के भारत नगर में रहने वाले बाल किशन शर्मा ने साइबर थाने में दी शिकायत में कहा कि एक अज्ञात नंबर के जरिये उन्हें इंडिया प्रो ट्रेडर्स-56 नामक व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया।

इसके बाद डॉ. जितेंद्र बहादुर नाम के व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया और बताया कि वह अल्फा अलायंस नामक कंपनी में कार्यरत है, जो एक ट्रेडिंग ऐप के माध्यम से रोजाना दस से बीस फीसदी सर्किट स्टॉक में निवेश कर 15 से 20 फीसदी मुनाफा कमाती है। बाल किशन शर्मा के मुताबिक आकर्षक लाभ के झांसे में आकर उन्होंने गूगल प्ले स्टोर ऐप को डाउनलोड किया और डॉ. जितेंद्र बहादुर और उसके सहयोगियों के निर्देश पर कई खातों में पैसे ट्रांसफर किए। पीड़ित के अनुसार बीते 21 अगस्त से 17 सितंबर के बीच उन्होंने विभिन्न बैंक खातों में कुल 30 लाख 57 हजार रुपये जमा किए। रकम ट्रांसफर करने के बाद जब उन्होंने अपने निवेश का मुनाफा निकालने की कोशिश की तो ऐप और संबंधित व्हाट्सऐप ग्रुप अचानक बंद हो गए।

# रामलीला मैदान में भक्ति योग कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जानकी भवन कविनगर रामलीला मैदान में भक्ति योग कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कविता सूरी ने किया। यह आयोजन नव सृजन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं प्रभु स्मरण के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन का कार्य विजय मोहन, डी.के. गोयल, अमरीश त्यागी, गणेश गुप्ता (मॉडर्न ट्रांसफार्मर), अशोक शर्मा, सुरेश कनोडिया, सीए विनय मित्तल एवं एडवोकेट मोहित बंसल ने संयुक्त रूप से किया। गुरुजी का स्वागत पुष्पमालाओं और बुके से अनिल अग्रवाल 'सांवरिया', अतुल जैन, रूपचंद नागर, अभिषेक शर्मा, डॉ. विपिन अग्रवाल, अनंत अग्रवाल एवं सचिन अग्रवाल ने किया।

श्रद्धेय गुरु वर्चस दिनेश कुमार, गुरुमाता विनीता एवं उनकी समस्त टीम का स्वागत देवेंद्र हितकारी, सुमन भारती, मीना चोपड़ा,



मीता खन्ना, वीणा बोहरा, प्रमिला सिंह, रितु गुप्ता, प्रियंका त्यागी आदि ने फूलों एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया। गीता श्लोकों का मधुर गायन रश्मि सिन्हा, मीनाक्षी मिश्रा, चंदा गर्ग, हरप्रीत कौर एवं भारती ने किया। गुरुजी ने श्रीमद् भागवत गीता के श्लोकों के माध्यम से जीवन के व्यावहारिक पालन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चंदन का तिलक केवल शोभा नहीं, बल्कि मां लक्ष्मी की कृपा का प्रतीक है। गुरुजी ने बताया कि हर परिस्थिति में मन को स्थिर रखकर समान भाव से कर्म करने वाला व्यक्ति ही सच्ची सफलता प्राप्त करता है। गुरुजी ने स्पष्ट किया कि बलि का अर्थ पशु बलिदान नहीं, बल्कि बुरे संग, बुरे कर्म और बुरी आदतों का त्याग है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण रखकर समाज की सच्ची सेवा का सामर्थ्य प्राप्त करना चाहिए।

कर्मयोग की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि पहले संकल्प, फिर विचार और उसके बाद कर्म करें। निष्काम कर्म का अर्थ यह नहीं कि लाभ न लिया जाए, बल्कि यह है कि अपने वचनों और दायित्वों को पूर्ण निष्ठा से निभाया जाए। उन्होंने कहा कि सन्यासी वस्त्रों से नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने वाला व्यक्ति होता है। उन्होंने कहा कि भगवान भय का नहीं, प्रेम का प्रतीक हैं। स्वागत व्यवस्था में गणेश दत्त जोशी, राकेश गुप्ता, नरेंद्र चौधरी, संजीव अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, त्रिलोक कुमार, प्रदीप गुप्ता, गजेंद्र शर्मा, एम.के. गिरधर, आर.के. गोयल, सौरव गर्ग, सुनील गर्ग, सुभाष प्रधान, एस.पी. शर्मा आदि सक्रिय रहे। महिला मंडल से नीलम शर्मा, निशि अग्रवाल, नेहा, रितु गुप्ता, रवीना, उषा, स्वाती, विनीता सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विशिष्ट अतिथियों में के पी गुप्ता, आदि नारायण गुप्ता, दीपक कांत गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

# परिचय सम्मेलन संपन्न: 672 युवा पहुंचे

**गाजियाबाद।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा का रविवार को 27वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न हो गया। कुल 672 युवाओं ने मंच पर परिचय दिया। कई परिवारों ने बेटे या बेटी के लिए अन्य लोगों से संपर्क कर आपस में जानकारियों का आदान-प्रदान किया। परिचय सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा रहे। उन्होंने कहा कि मैं कई वर्षों से इस कार्यक्रम में आ रहा हूँ और प्रतिवर्ष इस कार्यक्रम में मुझे समाज के लोगों का उत्साह देखने को मिलता है। इससे सिद्ध होता है कि इस कार्यक्रम की समाज को बहुत आवश्यकता है। यह सम्मेलन समाज को जोड़ने और आने वाली पीढ़ियों को आगे बढ़ाने में सहयोग देता है। इस प्रयास से हर साल सैकड़ों जोड़ों की शादियां संपन्न होती है। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डीके शर्मा रहे। दूसरे दिन करीब 265 युवक-युवतियों ने परिचय दिया। इसके बाद इच्छुक लोगों ने उनसे और परिजनों से संपर्क किया। अब आगे दोनों परिवार एक-दूसरे की जानकारी कर सहमति बनाएंगे। मंच का संच. ालन कार्यक्रम के मुख्य संयोजक पंडित जेके गौड़ ने किया।

# वैशाली में किया गया विकास कार्यों का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** वैशाली सेक्टर एक स्थित प्लॉट नंबर 397 से 331 तक रोड पर डेंस के द्वारा कार्य का शुभारंभ क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल की पार्षद निधि से कराया जा रहा है। जिसका शुभारंभ समाज सेवी के एल शर्मा द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया पार्षद द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान फूल माला पहनाकर किया गया और बताया कि क्षेत्र में जनता विकास कार्य जा रहे हैं।

इस कार्य को करने के लिए पार्षद द्वारा महापौर सुनीता दयाल जी एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक जी का धन्यवाद किया गया इस अवसर पर कैप्टन राहुल चंद्रा मंजू गर्ग डॉ रमन भाजपा नेता अवधेश कटिहार शिव शंकर उपाध्याय भूपेंद्र प्रहलाद सिंह योगी आगीधा अमन माथुर प्रवीण सपरा सुरेश गौतम आशुतोष भारद्वाज पुष्पा कश्यप सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार आशा कार्यकर्ता सहित दो की मौत, चालक फरार

**मुरादनगर।** रावली रोड पर काकड़ा गांव के पास शनिवार रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार एक महिला और व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद अनियंत्रित होकर कार पलट गई। इस मार्ग पर एक महीने में पांच सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो चुकी है।

सुराना गांव निवासी आशा कार्यकर्ता कृष्णा देवी ने गांव के कुतुबुद्दीन की पुत्रवधु को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। कुतुबुद्दीन की पुत्रवधु ने बेटे को जन्म दिया। शनिवार रात कुतुबुद्दीन बाइक से आशा कार्यकर्ता कृष्णा देवी को सुराना



गांव छोड़ने जा रहे थे। रावली रोड पर काकड़ा गांव के पास पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर एक ऑटो को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों लोग काफी ऊंचा उछल कर दूर जा गिरे। मौके पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। गंभीर हालत में कृष्णा देवी और कुतुबुद्दीन को मोदीनगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। एसीपी ने बताया कि कार चालक की तलाश की जा रही है।

# आम के बाग में युवक की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बुढेरन में आज सुबह आम के बाग में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सलमान (23 वर्ष) पुत्र नफीस निवासी ग्राम बुढेरन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार युवक की अज्ञात लोगों द्वारा हत्या की गई है। वहीं लोगों में यह चर्चा बनी हुई है कि सलमान के माथे पर गोली मारी गई थी।घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। कुछ ही देर बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे तथा एसपी पूर्वी ए.के. श्रीवास्तव भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और परिजनों से पूछताछ की। परि. जनों के अनुसार सलमान बीती रात करीब आठ बजे घर से निकला था और देर रात तक घर नहीं लौटा। परि. जनों ने रात भर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आज सुबह ग्रामीणों ने आम के बाग में शव पड़ा देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि सलमान की पांच माह पूर्व थाना नौगांवा जिला अमरोहा की रहने वाली एक युवती से शादी हुई थी। वह तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। प्रारंभिक जांच में पुलिस हत्या के पीछे किसी रंजिश की संभावना से इंकार नहीं कर रही है।

# गाजियाबाद एमएमजी अस्पताल में दो संकाय शिक्षण कोर्स को मंजूरी मिली

**गाजियाबाद।** जिले के एमएमजी अस्पताल में दो संकाय के मेडिकल शिक्षण कोर्स की मंजूरी मिल गई है। अस्पताल में नेत्र रोग विभाग और इमरजेंसी मेडिसिन विभाग में डीएनबी (डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड) कोर्स के डॉक्टरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए अस्पताल ने आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एमएमजी अस्पताल में रोजाना 2500 मरीज ओपीडी में उपचार के लिए पहुंचते है। इनमें से 250 से ज्यादा मरीज नेत्र रोगों से संबंधित उपचार के लिए आते हैं। जबकि इमरजेंसी में पूरे दिन 300 से ज्यादा मरीज पहुंचते हैं। इसको देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने नेत्र रोग विशेषज्ञ और इमरजेंसी मेडिसिन संकाय के लिए डीएनबी कोर्स के लिए आवेदन किया था। डिप्लोमा ऑफ नेशनल मेडिकल बोर्ड से दोनों संकाय के लिए स्वीकृति मिल गई है। इसी क्रम में संयुक्त जिला अस्पताल ने भी एमएमजी अस्पताल के साथ मिलकर नेत्र रोग विभाग में फैकल्टी के लिए संयुक्त आवेदन किया था। संयुक्त जिला अस्पताल में इससे पहले ही पीडियाट्रिक विभाग में पिछले दो साल से डीएनबी कोर्स संचालित किया जा रहा है, जहां अब तक कई डॉक्टर प्रशिक्षित हो चुके हैं। मंजूरी के बाद अब अस्पताल प्रशासन की ओर से दोनों कोर्स के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# इंदिरापुरम, वैशाली व वसुंधरा के लोगों ने कांग्रेस प्रवक्ता डॉली शर्मा से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं गाजियाबाद की पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉली शर्मा के इंदिरापुरम स्थित आवास पर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें इंदिरापुरम, वैशाली और वसुंधरा क्षेत्रों से आए नागरिकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस बैठक में क्षेत्र से जुड़ी अनेक जनहित की समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

स्थानीय लोगों ने डॉली शर्मा के समक्ष क्षेत्र में व्याप्त जलभराव, सड़कों की खराब स्थिति, सीवर व्यवस्था, पार्कों के रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित मुद्दे रखे।





उपस्थित लोगों ने कहा कि क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण समस्याएं लंबे समय से अनसुनी पड़ी हैं, जिनके समाधान की दिशा में ठोस पहल की आवश्यकता है। बैठक के दौरान उपस्थित नागरिकों और कांग्रेस पदाधिकारियों ने 2027 के आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत करने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया।

सभी ने एकजुट होकर इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस को जमीनी स्तर पर सक्रिय बनाकर क्षेत्र की जनता तक उसकी नीतियों और योजनाओं को पहुंचाया जाए। डॉली शर्मा ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और भरोसा दिलाया कि वे नागरिकों द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों और विभागों के समक्ष रखकर उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदैव जनता की आवाज उठाने और जनहित में कार्य करने के लिए समर्पित रही है, और भविष्य में भी यही प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज, कांग्रेस नेता अनीस खान, जिला महासचिव सुनील सिंह (इंदिरापुरम), वैशाली वार्ड अध्यक्ष गिरीश शर्मा, जिला कंट्रोल रूम प्रभारी राहुल, अक्षय शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, अंबर गुप्ता, चंद्र शेखर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने डॉली शर्मा को बुके भेंट कर उनका सम्मान किया और उनके नेतृत्व में कांग्रेस को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# जनपद में अलग-अलग स्थान पर दो हत्याओं से सनसनी

## एक का शव निरोजपुर गांव के समीप व दूसरे का लधवाड़ी मोड़ के पास मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** निवाली गांव निवासी शेखर की देर रात निरोजपुर गांव के समीप गोली मारकर हत्या कर दी गई। शेखर हरियाणा में प्राइवेट नौकरी करता था और रात में ड्यूटी से घर लौट रहा था। परिजनों को उसके घर लौटने में देरी की चिंता हो रही थी, तभी रात करीब 2 बजे पुलिस ने फोन पर शेखर का शव मिलने की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक शेखर निवाली गांव का रहने वाला था। वह पिछले पांच वर्षों से हरियाणा में निजी नौकरी कर रहा था और प्रतिदिन गांव से आना-जाना करता था। शेखर के चाचा योगेश ने बताया कि परिवार की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। उन्होंने यह भी बताया कि परिवार रात में शेखर के घर लौटने का इंतजार कर रहा था, लेकिन पुलिस के फोन से उन्हें घटना की जानकारी मिली। योगेश ने बताया कि शेखर के शरीर पर एक गोली लगी हुई थी, जिसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो पाएगी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि हत्यारों का सुराग मिल सके। मृतक के परिवार में एक भाई और एक बहन हैं। शेखर अपने परिवार में अकेला कमाने वाला सदस्य था। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और स्थानीय लोग उन्हें सांत्वना दे रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



मृतक का फाइल फोटो



मृतक का फाइल फोटो









वही दूसरी, कोतवाली क्षेत्र के लधवाड़ी मोड़ के पास एक इंजीनियर का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान निरोजपुर गांव निवासी अनुज के रूप में हुई है, जो हरियाणा की एक कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत था।

जानकारी के अनुसार, अनुज पुत्र देवेंद्र रात करीब 12 बजे अपने घर लौट रहा था, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। पुलिस ने परिजनों को फोन कर घटना की सूचना दी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि अनुज की हत्या लूट के इरादे से की गई है। उनके अनुसार, अनुज के गले पर गहरे निशान पाए गए हैं। पीड़ित परिजनों ने बताया कि अनुज हरियाणा में इंजीनियर था और रात में उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। देवेंद्र कुमार ने यह भी बताया कि अनुज की गाड़ी और मोबाइल भी लूटा गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही अनुज की मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक जिला बदी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने एक जिला बदर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सलमान को पकड़ा। उसके कब्जे से एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार, सलमान को आपराधिक मामलों के चलते जिला बदर किया गया था। वह जिला बदर की समय सीमा समाप्त होने से पहले ही जनपद में घूम रहा था और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। एसपी सूरज राय के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ और अपराधों की रोकथाम के लिए निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में यह गिरफ्तारी हुई है। खेकड़ा कोतवाली प्रभारी प्रभाकर केन्तुरा ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान जिला बदर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, परिवार में शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिनौली थाना क्षेत्र के माखर गांव में एक 22 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला। खेतों में काम करने गए किसानों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान माखर गांव निवासी सोनू के रूप में हुई है। वह हरियाणा में जेसीबी चलाने का काम करता था और दो दिन पहले ही अपने घर आया था। मृतक के भाई ने बताया कि घर में सब कुछ ठीक था और किसी से कोई लड़ाई-झगड़ा नहीं हुआ था। सुबह खेतों में काम करने वाले किसानों ने उन्हें बताया कि उनके भाई का शव एक पेड़ पर लटका हुआ मिला है। भाई ने यह भी जानकारी दी कि सोनू भट्टे पर ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। वह दो दिन पहले एक शादी में शामिल होने के लिए गांव आया था। परिजनों को इस बात का कोई अंदाजा नहीं है कि उसने आत्महत्या क्यों की। परिवार ने भी मामले की गहन जांच की मांग की है। बिनौली थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



मृतक का फाइल फोटो

## एक नजर

### घर के बाहर बैठे युवक पर फायरिंग करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सांकलपुट्ठी गांव में एक युवक पर जानलेवा हमला करने और घर पर फायरिंग करने का आरोप लगा है। पीड़ित ने थाना चांदीनगर ने 6 लोगो के खिलाफ तहरीर दी है। सांकलपुट्ठी निवासी सुनील पुत्र नेपालसिंह ने बताया की वह 7 नवम्बर में घर के बाहर बैठा था समीप ही उसके पास एक बच्चा हर्ष भी कुर्सी पर बैठा था तभी गांव का अकुंर काला पुत्र राम किशन तेजगति से कार लेकर पहुंचा और उसे टक्कर मारने का प्रयास किया जिससे वह वहा से कूद हट गया और उसकी कार का टायर बच्चे हर्ष के पांव पर चढ गया और वह वहा से फरार हो गया 8 नवम्बर को वह देर शाम घर के बाहर बैठा हुआ था तो अकुंर बाईक से वहा पहुंचा और उस पर सरिये से वार किया वह जान बचाता हुआ घर की और भागा तो अकुंर ने उस पर फायरिंग भी की तभी उसके भतीजे अखिल ने 112 पर पुलिस को सूचना दी मौकें पर पुलिस भी पहुंची तो अकुंर वहा से फरार हो गया वह थानें रिपोर्ट दर्ज कराने आया तो पीछे से अकुंर, लोकेन्द्र, कालू, विशेष, रिंकू सतेन्द्र ने उसके घर पर फायरिंग की जिसके बाद परिवार दहशत मे है। पीड़ित ने थानें मे 6 लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस जांच मे जुटी है।

## अज्ञात हमलावरों ने की अधिवक्ता व उसके चचेरे भाई पर फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार देर रात मीतली-बसौद गांव के बीच नहर मार्ग पर विशेष लोक अभियोजक इंद्रपाल गुर्जर के छोटे भाई अधिवक्ता रविंद्र और उनके चचेरे भाई प्रवेश पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चला दी। गोली प्रवेश की कमर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया।



जानकारी के अनुसार, बुढेड़ा गांव निवासी विशेष लोक अभियोजक इंद्रपाल गुर्जर के बेटे की शादी पर भात नौतने की रस्म के लिए परिवार के सदस्य शनिवार को पाबला गांव गए थे। रस्म पूरी होने के बाद अन्य सभी सदस्य गाड़ियों से वापस लौट गए, जबकि अधिवक्ता रविंद्र और उनके चचेरे भाई प्रवेश बाइक से देर रात लौट रहे थे। जैसे ही वे मीतली-बसौद मार्ग पर मंदिर से आगे नहर के रास्ते पर पहुंचे, अचानक पीछे से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। रविंद्र ने बताया कि गोली लगने के बाद पीछे बैठे प्रवेश ने कमर में दर्द की शिकायत की। कुछ दूरी पर बाइक रोककर देखने पर पता चला कि प्रवेश की कमर में गोली लगी थी। रविंद्र ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल प्रवेश को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी प्रवीण कुमार चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने आसपास के क्षेत्र की तलाशी लेकर साक्ष्य जुटाए। इस मामले में एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही हमलावरों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक और कार की भिड़ंत में महिला सहित दो घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस -वे पर लहचौड़ा के समीप ट्रक और कार की भिड़त मे महिला सहित दो लोग घायल हो गये।

पाबला निवासी अनुज अपने भाई सुबोध और महिला रोशनी के साथ ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस -वे से होते हुए गाजियाबाद की और जा रहे थे लहचौड़ा के समीप वह रांग साइड़ खड़े थे तभी गाजियाबाद की और से ट्रक चालक मुनेश निवासी भोपुरा आ रहा था जिसकी कार से भिड़त हो गयी जिसमे सुबोध और रोशनी को मामूली चोटे लगी है।

## मंदिर में जो छत्र हम चढ़सते हैं वह हमेशा शुद्ध कपड़ों में चढ़ाना चाहिए:मुनिराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के अतिथि भवन मेंआचार्य श्री 108 नयन सागर मुनिराज ने धर्म श्रावको को संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर में जो छत्र हम चढ़सते हैं वह हमेशा शुद्ध कपड़ों में चढ़ाना चाहिए। अशुद्ध कपड़ों में चढ़सने से अविनय होती है। भक्तांबर की साधना करनी चाहिए। उसको पढ़ने से दुष्ट कर्मों का विनाश होता है जब भी धर्म करो मन को स्थिर करके करना चाहिए क्योंकि तेज गति से किए गए धर्म से पुण्य कम पाप ज्यादा मिलता है क्योंकि इसमें अशुद्ध की संभावना ज्यादा होती है। मल्लिनाथ भगवान की जयमाला साक्षात आगम है आचार्य श्री ने कहा कि 14, 15, 16 नवंबर को सभी श्रावक अपने परिवार सहित मान स्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव में सम्मिलित हो एवं धर्म लाभ उठाएं आज मुजफ्फरनगर सहारनपुर से भी श्रावक पधारे थे और धर्म लाभ लिया। दिनेश जैन गौरव जैन अनुराग मोहन राजेश जैन सुधीर जैन बबलू विनीता राखी श्वेता आदि ने भाग लिया।

## तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** फ़जलपुर के शांति देवी कन्या इंटर कालेज में चल रही तीन दिवसीय नौवी चौधरी हरबंश लाल स्मृति बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया, जिसमें शांति देवी कन्या इंटर कालेज ओवरआल चौंपियन बना।

प्रतियोगिता में आसपास के दस विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभा दिखाई। अंतिम दिवस हुई सीनियर कबड्डी स्पर्धा के फाइनल में शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज की टीम ने धर्म सिंह सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज बड़का की टीम को 67/19 से शिकस्त देकर खिताब जीता, जबकि खोखो स्पर्धा के फाइनल में शांति देवी कन्या इंटर कालेज की टीम आर्य कन्या इंटर कालेज को 22/12 से हराकर विजेता बनी।




जूनियर लंबी कूद में अंतिम फजलपुर प्रथम, प्रीति जिवाना द्वितीय तथा लवी बडका तृतीय रही। ऊंची कूद में वंशिका फजलपुर प्रथम, सीतू बडका द्वितीय तथा प्रियांशी तृतीय रही। विजेता टीमों के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि व्यवसायी ललित अग्रवाल, एसडीएम कंझावला दिल्ली वीरेंद्र सिंह, एसीपी सुरेंद्र कुंगा, संजीव चौधरी आदि ने ट्राफी, प्रमाण पत्र व मेडल देकर पुरस्कृत किया। संयोजक नरेश वर्मा ने अतिथियों को साल, स्मृति चिन्ह व वैदिक साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान राकेश, प्रेरणा, सपना, सतीश चंद, विनोद, जयभगवान, संगीता, सर्वेंद्र भारद्वाज, वेदप्रकाश, रामकिशन, गिरवर, गायत्री, आस्था आदि मौजूद रहे।

## पशु की मौत से किसानों ने प्रदर्शन कर की मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव मे पशुओं मे फैली बीमारी से पशुओं के मरने का सिलसिला जारी है। गांव में एक और किसान की भैस बीमारी के चलते मौत हो गयी है। किसानों ने प्रर्दशन करते हुए पीड़ित को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

ढिकोली गांव में पशुओं में बीमारी के चलते अब तक 200 पशुओं से ज्यादा की मौत हो चुकी है। गांव के ही मनीष पुत्र राजसिंह की एक भैस की मौत होने से गांव के लोग परेशान है। गांव के लोगो ने बताया कि मनीष की भैस की कीमत 1 लाख से ज्यादा थी जिससे उसे नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव मे लगातार आ रही है। फिर भी पशु लगातार बीमार चल रहे है।



पशुओं मे बीमारी के चलते दो दिन पहले सन्नी पुत्र बिजेन्द्र की कटिया की भी मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए पीड़ित लोगो को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से कर रहा है विकास




**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**बड़ौत।** नगरपालिका परिषद मे भाजपा द्वारा मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यशाला व आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर प्रोफेशनल मीट का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मेरठ के पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि हम आत्मनिर्भर बनें दुसरे पर निर्भर ना बने। उन्होंने कहा आत्मनिर्भर भारत अभियान का लक्ष्य देश को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है, ताकि हम अपनी जरूरतों के लिए किसी अन्य देश पर निर्भर न रहे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। सरकार ने स्थानीय उद्योगों और व्यापारियों को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिससे नए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने जोर दिया कि आज भारत की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है और पड़ोसी देश भारत की प्रगति से अचंभित हैं। उन्होंने कहा हम अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दे। सरकार ने स्थानीय उद्योगों और व्यापारियों को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिससे नए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने जोर दिया कि आज भारत की आर्थिक स्थिति सुखद्ढ़ हो रही है और पड़ोसी देश भारत की प्रगति से अचंभित हैं। उन्होंने कहा हम अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दे।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** थाने की मिशन शक्ति टीम ने रविवार को बरनावा व बिनौली गांव में मुख्य चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूक किया। महिला शक्ति टीम प्रभारी शीलेश चौधरी ने महिलाओं को कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए तुरंत सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल कर सूचना दें। उन्होंने इस दौरान महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व सरकार द्वारा बालिकाओं के कल्याण के लिए चलाई जारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान एसआई दीपशिक्षा, कुसुम लता राघव, महिला कांस्टेबिल मनीषा पंवार, निखिल आदि भी शामिल रहे।

## केपी मलिक के छोटे भाई की श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जन सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** प्रदेश सरकार में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री केपी मलिक के छोटे भाई रविंद्र मलिक की श्रद्धांजलि सभा में राजनीतिक व सामाजिक लोगों के साथ साथ स्थानीय लोगों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। रॉयल स्टैंप मंडप में सुबह से लेकर देर शाम तक रविन्द्र मलिक को श्रद्धांजलि के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही।

इस दौरान पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री डा.सत्यपाल सिंह, डा.संजीव बालियान, राज्यमंत्री व प्रभारी मंत्री जशंवत सैनी, सांसद डा.राजकुमार सांगवान, विधायक योगेश धामा, पूर्व विधायक सहेन्द्र सिंह रमाला, बिजनौर सासंद चंदन चौहान, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, राज्य सूचना आयुक्त राजेन्द्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष पति जय किशोर, मेरठ जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, जिला सहकारी बैंक चौयरमेन विकल शर्मा, अमरोहा विधायक महेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक उमेश मलिक, प्रदेश मंत्री डा.चन्द्रमोहन, जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, नीरज शर्मा सूरजपाल सिंह, पूर्व चौयरमेन डा.अमित राणा, जिला महामंत्री एडवोकेट बिजेंद्र शर्मा, राकेश जैन, नीरज कौशिक जिला मीडिया प्रभारी डा.पवन शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष सतबीर बड़का सचिन शर्मा जागौश आदि मौजूद रहे।



# मतदाता पुनरीक्षण को लेकर ग्रामीण इलाकों में पहुंचे डीएम, किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी चुनावों को देखते हुए जिले में मतदाता पुनरीक्षण अभियान जोरशोर से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को डीएम अभिषेक पांडेय ने गांव ततारपुर और सिमरौली का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से आमने-सामने बातचीत की और उन्हें मतदाता सूची में अपने नाम की जांच करने व आवश्यक अपडेट कराने के लिए जागरूक किया।

डीएम अभिषेक पांडेय ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना अत्यंत जरूरी है। यह न केवल लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग लापरवाही के कारण मतदाता सूची में अपना नाम शामिल नहीं करा पाते, जिससे वे मतदान के अधिकार से वंचित रह जाते हैं। डीएम ने मौके पर मौजूद बूथ लेवल अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करें और जिनके नाम सूची में नहीं हैं, उन्हें तुरंत जोड़ा जाए। साथ ही मृतक मतदाताओं और अन्य गलत प्रविष्टियों को हटाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान डीएम ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने परिवार के सभी सदस्यों का नाम मतदाता सूची में जांच लें। उन्होंने कहा कि जिनकी उम्र 18 वर्ष पूरी हो चुकी है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर नया नाम जुड़वाएं। एसडीएम इला प्रकाश भी डीएम के साथ मौके पर मौजूद रहीं। उन्होंने गांवों में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की जानकारी ली और बूथ लेवल अधिकारी को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। गांव के लोगों ने डीएम से बातचीत के दौरान अपने सुझाव भी साझा किए और मतदाता सूची में आ रही तकनीकी दिक्कतों की जानकारी दी। डीएम ने मौके पर ही अधिका. रियों को इन समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य पारदर्शी और सटीक मतदाता सूची तैयार करना है ताकि हर पात्र नागरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी निभा सके। उन्होंने कहा कि जिले के सभी तहसीलों और ग्राम पंचायतों में अभियान को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# चोरी की मोटरसाइकिल बरामदगी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल बरामदगी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस का कहना है कि यह गिरफ्तारी जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है।

थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 149/2025, धारा 317(2), 317(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं 3/25 आर्म्स एक्ट में फरार चल रहे आरोपी कुलदीप पुत्र महावीर सिंह, निवासी ग्राम पीपला बन्दपुर थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ को पुलिस टीम ने उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरा. ेपी चोरी की मोटरसाइकिल के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस को आरोपी के पास से अवैध हथियार भी मिला, जिसके चलते उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा उसके अन्य साथियों और चोरी के नेटवर्क के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस टीम ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद में अपरा. धियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनी रहे।

# हापुड़ में सांसद अरुण गोविल का भव्य स्वागत, किया लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ-हापुड़ लोकसभा सांसद एवं प्रसिद्ध अभिनेता अरुण गोविल का पटेल नगर पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद ने सांसद निधि से निर्मित 80 मीटर लंबी पटेल नगर सड़क, हिमायुपुर राजकीय इंटर कॉलेज, और तीन नए श्मशान घाटों का लोकार्पण किया।

सड़क का फीता काटते हुए अरुण गोविल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने विकास को चार चांद लगाए हैं। यह सड़क क्षेत्र की पुरानी मांग थी, जो आज पूरी हुई है। स्थानीय लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सांसद का स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने 'घर-घर रामायण' अभियान के तहत सैकड़ों परिवारों को रामायण ग्रंथ भेंट किए। उन्होंने कहा कि आज समाज में भाईचारा, माता-पिता के प्रति स्नेह और गुरुजनों के प्रति आदर कम हो रहा है। रामायण इन रिश्तों को जोड़ने का सबसे श्रेष्ठ ग्रंथ है, इसलिए मैं यह अभियान चला रहा हूँ। पटेल नगर के बाद अरुण गोविल हिमायुपुर पहुंचे, जहां उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज का उद्घाटन किया और तीन नए श्मशान घाटों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और अंतिम संस्कार जैसी मूलभूत सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार हैं, जिन्हें डबल इंजन सरकार तेजी से पूरा कर रही है। इस अवसर पर सदर विधायक विजयपाल आढ़ती, संजय कृपाल, ग्राम प्रधान धीरज सिरोही, पूर्व अध्यक्ष फ्रुल्ल सारस्वत, जिला कोषाध्यक्ष कपिल सम, प्रमोद जिंदल, विकास अग्रवाल, कुणाल चौधरी, विनोद गुप्ता, अशोक बबली, अमित कुमार शर्मा, कविता माधे, मोहन सिंह, मनोज तोमर, सतीश सिंघल, प्रवीण शर्मा, पवन गर्ग सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# गरीबों के निवाले की दोषी फर्म पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गरीबों के हक का अनाज मिलावट कर वजन बढ़ाने वाली फर्म के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई अब तक ठंडे बस्ते में पड़ी है। एक माह पूर्व एडीएम न्यायिक द्वारा स्पष्ट आदेश जारी करने के बावजूद संबंधित फर्म पर ठोस कार्रवाई न होने से जिला खाद्य विपणन अधिकारी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

मामला बेहद गंभीर है क्योंकि यह गरीबों के निवाले से जुड़ा है। सूत्रों के अनुसार, डीएम अभिषेक पांडेय के निर्देश पर की गई जांच में यह खुलासा हुआ था कि फर्म ने एफसीआई के सरकारी अनाज में पानी मिलाकर वजन बढ़ाने का काला खेल खेला। जांच टीम ने मौके से आठ ट्रकों को जब्त किया था, जिनमें से हर एक में गीला किया गया अनाज भरा हुआ था। जांच रिपोर्ट आने के बाद एडीएम न्यायिक ने करीब एक माह पहले बड़ा फैसला सुनाते हुए फर्म पर 32,000 से 1,47,000 तक का जुर्माना लगाया था। साथ ही जिला खाद्य विपणन अधिकारी को तत्काल फर्म का ठेका निरस्त करने के निर्देश भी दिए गए थे। हालांकि, आज तक न तो फर्म का ठेका रद्द हुआ, न ही जुर्माना वसूल किया गया, जिससे प्रशासनिक लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। लोगों में यह चर्चा जोरों पर है कि जब खुद डीएम ने सख्त कार्रवाई के आदेश दिए थे, तो फिर किस दबाव में यह फाइल दफ्तरों में दबा दी गई। यह मामला 20 अगस्त 2025 को सामने आया था, जब डीएम अभिषेक पांडेय को सूचना मिली कि नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड स्थित एफसीआई गोदाम से गाजियाबाद भेजे जा रहे सरकारी अनाज में गड़बड़ी की जा रही है।

सूचना पर गठित टीम मौके पर पहुंची और जांच में पाया गया कि फर्म के कर्मचारी और चालक मोदीनगर रोड स्थित एक होटल पर ट्रक रोककर अनाज की बोरियों में पानी डाल रहे थे, ताकि वजन बढ़ाया जा सके। तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम ने सभी आठ ट्रक जब्त कर लिए और एफसीआई अधिकारियों को सूचित किया। बाद में जिला खाद्य विपणन अधिकारी कौशल देव की तहरीर पर नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। साथ ही आदेश दिया गया कि यदि निर्धारित समय में जुर्माना नहीं भरा गया, तो वाहनों की नीलामी कर दी जाएगी, और इसका पूरा जिम्मा जिले के उच्चाधिकारियों को सौंपा गया। इस पूरे प्रकरण के बाद एफसीआई और खाद्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

वहीं, डीएम अभिषेक पांडेय ने स्पष्ट कहा है कि गरीबों के हक पर डाका डालने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जनता अब यह सवाल उठा रही है कि जब आदेश और सबूत दोनों स्पष्ट हैं, तो कार्रवाई में देरी क्यों? क्या फाइलें किसी दबाव में रोकी जा रही हैं या फिर अधिकारी खुद लापरवाही बरत रहे हैं। यह सवाल अब जनता के बीच चर्चा का विषय बन गया है।

# मामूली विवाद में युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, घटना सीसीटीवी में कैद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोती कॉलोनी में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कुछ दबंगों ने एक युवक को मामूली विवाद के बाद बीच सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर पीट दिया। घटना इतनी भयावह थी कि आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। यह पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक का विवाद इलाके के ही कुछ दबंग युवकों से किसी छोटे से मुद्दे को लेकर हुआ था। बात इतनी बढ़ गई कि दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। युवक अपनी जान बचाने के लिए सड़क पर इधर-उधर भागता रहा, लेकिन हमलावरों ने उसे पकड़कर बेरहमी से पीट दिया। मारपीट की यह घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर घायल युवक को बचाया। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल भिजवाया और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि किस तरह दबंगों ने इलाके में खुलेआम गुंडागर्दी की और कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ाईं। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। नगर कोतवाली प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# चीनी मिल के आईआरपी पर लगा सैकड़ों करोड़ के घोटाले का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोर्ट के आद. ेश पर चीनी मिल का प्रबंधन संभाल रहे आईआरपी पर सैकड़ों करोड़ का घोटाला करने के साथ ही टैगिग आदेश का खुला उल्लंघन करने का आरोप लगाकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने थाने में नारेबाजी करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग उठाई। केंद्रीय वित्त मंत्री को ज्ञापन भेजकर घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्रवाई कराए जाने की मांग भी की गई।

सिंभावली चीनी मिल समूह से जुड़ी ब्रजनाथपुर, सिंभावली और चिलवरिया मिल पर पिछले पेराई सत्र से जुड़ा करीब तीन सौ करोड़ का गन्ना भुगतान और उसका ब्यूज अभी बकाया चल रहा है। जिसकी अदायगी न होने से गन्ना किसान आर्थिक तंगी में घिरकर जरूरतपूर्ति के लिए ब्याज पर कर्ज तक लेने को मजबूर हो रहे हैं। गन्ना मूल्य की अदायगी से जुड़े मुद्दे को लेकर भाकियू टिकैत के सौ से अधिक कार्यकर्ता सिंभावली थाने में पहुंच गए। जिन्होंने मंडल महासचिव दिनेश त्यागी और मंडल उपाध्यक्ष शब्बू के नेतृत्व में हंगामा व जमकर नारेबाजी की। सिंभावली चीनी मिल समूह से जुड़ीं मिलों का संचालन सुचारू रखने को एनसीएलएटी कोर्ट द्वारा नियुक्त किए गए आईआरपी अनुराग गोयल पर सैकड़ों करोड़ की वित्तीय धांधली करने का आरोप लगाया। दिनेश त्यागी ने कहा कि आईआरपी की गलत नीतियों के कारण किसानों को अपने ही गन्ने का करीब तीन सौ करोड़ का भुगतान नहीं मिल पा रहा है इसलिए आईआरपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाए। धांधली सामने आने पर डीएम द्वारा 20 सितंबर में आईआरपी को नोटिस भी जारी किया गया था, परंतु अभी तक न तो कोई स्पष्टीकरण मिल पाया है और न ही कोई कार्रवाई हुई। इंस्पेक्टर सुरेश ने उच्चाधिकारियों से वार्ता करने के उपरांत अग्रिम कार्रवाई किए जाने का भरोसा देकर भाकियू कार्यकर्ताओं को वापस भेज दिया। आईआरपी अनुराग गोयल का कहना है कि कुछ लोगों द्वारा व्यक्तिगत हित पूरे न होने पर वित्तीय धांधली के आरा. ेप लगाए जा रहे हैं। खोई की बिक्री के संबंध में डीएम द्वारा जो नोटिस दिया गया था, उसका लिखित स्पष्टीकरण 27 सितंबर को ही प्रेषित कर दिया गया था।

## एक नजर

### ऑपरेशन शस्त्र के तहत शातिर अपराधी गिरफ्तार, तमंचा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर बदमाश असगर पुत्र अकबर निवासी मौजा इस्लामनगर, देहपा पुलिया, थाना पिलखुवा, जनपद हापुड़ को रेलवे रोड, रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से अवैध तमंचा मय जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ थाना पिलखुवा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जो पहले भी कई गंभीर अपराधों में जेल जा चुका है। पुलिस ने उसके खिलाफ अवैध असलहे की बरामदगी के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नेथानी ने हापुड़ पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की और कहा कि ऑपरेशन शस्त्र के तहत जनपद में अवैध हथियारों की धरपकड़ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एंटी रोमियो टीम ने चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस प्रशासन ने एक बार फिर एंटी रोमियो अभियान को गति दी है। शनिवार को पुलिस की एंटी रोमियो स्क्वाड टीम ने जिले के विभिन्न इलाकों में अभियान चलाकर मनचलों पर शिकंजा कसा। टीम की कार्रवाई से मनचलों में हड़कंप मच गया और कई युवक पुलिस को देखकर मौके से खिसकते नजर आए।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में सभी थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियो टीमों को सक्रिय किया गया है। पुलिस टीमों ने स्कूलों, कॉलेजों, पार्कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लगातार गश्त की। महिला सुरक्षा को लेकर टीम ने जगह-जगह छात्राओं और युवतियों से मुलाकात की और उन्हें महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसे नंबरों की जानकारी दी। साथ ही उन्हें किसी भी तरह की छेड़छाड़ या असामाजिक गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। एंटी रोमियो टीम के इस अभियान से एक ओर जहां महिलाओं में सुरक्षा की भावना बढ़ी है, वहीं मनचलों में पुलिस का खौफ भी स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है।

### युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव आजमपुर दहपा में एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक हापुड़ को प्रार्थनापत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार, आजमपुर दहपा के जावेद ने बताया कि उसका भाई समीर 30 अगस्त की सुबह करीब साढ़े नौ बजे दहपा पुलिया के पास अपनी दुकान पर सफाई कर रहा था। इसी दौरान आजमपुर निवासी बिलाल, शादाब और कमर मौके पर पहुंचे और बिना किसी कारण उसके भाई से गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने बेल्ट निकालकर पीटना शुरू कर दिया और दुकान में रखे सामान को तोडफ़ोड़ दिया। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने धमकी दी कि इस बार जान से मार देंगे।

# सोशल मीडिया पर दोस्ती के बहाने युवक से ठगी, 28 हजार रुपये हड़प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर के खेड़ा गेट क्षेत्र के एक युवक के साथ सोशल मीडिया के जरिए ठगी और ब्लैकमेल का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं।

पुलिस के अनुसार, खेड़ा गेट निवासी इंदु मोहन को एक अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल पर फोन कर विवाह का झांसा दिया। विश्वास में लेकर आरोपित ने अलग-अलग तिथियों में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से लगभग 28 हजार रुपए मंगवा लिए। पीड़ित ने जब रुपये वापस मांगने की बात कही तो आरोपित ने उसकी कुछ निजी तस्वीरें वायरल करने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि ठग ने खुद को शादी का इच्छुक बताते हुए पहले भरोसा जीता, फिर रुपये भेजने को कहा। लगातार दबाव बनाने और बदनाम करने की धमकी से परेशान होकर युवक ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है और साइबर सेल की मदद ली जा रही है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला ऑनलाइन ठगी का लग रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी अनजान व्यक्ति से ऑनलाइन लेन-देन या व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। दोषी के खिलाफ साक्ष्य जुटाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराया पिकअप, चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर पिलर नंबर 84 के पास एक पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

जानकारी के अनुसार, जनपद शाहजहांपुर के थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के ग्राम बिरियाकला निवासी संजीव पिकअप में एयर कंप्रेसर लेकर गाजियाबाद से असमो शाहजहांपुर की ओर जा रहा था। पिलखुवा के समीप अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को तत्काल अस्पताल भिजवाया। वाहन स्वामी गाजियाबाद निवासी शिवम ने बताया कि पिकअप को असमोली के लिए एयर कंप्रेसर लेकर भेजा गया था, लेकिन हादसे में वाहन को भारी नुकसान हुआ है



कोतवाली प्रभारी श्योपाल सिंह ने बताया कि तेज रफ्तार के कारण वाहन का नियंत्रण बिगड़ने से दुर्घटना हुई। घायल का इलाज कराया जा रहा है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात को सामान्य कर दिया गया।

## लीवर की बीमारी से जंग हार गए सिपाही राजीव कुमार, पुलिस विभाग में शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जटपुरा निवासी सिपाही राजीव कुमार (50 वर्ष) का बीमारी के चलते उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पिछले आठ माह से लीवर की बीमारी से पीड़ित थे। राजीव कुमार जनपद बिजनौर के थाना बड़ापुर में हैड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। तबीयत अधिक बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें दिल्ली के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी रेखा, पुत्र राज (23 वर्षऋ) और पुत्री शगुन (24 वर्ष) को छोड़ गए हैं। परिजनों का कहना है कि राजीव कुमार ड्यूटी के साथ-साथ परिवार के प्रति भी अत्यंत जिम्मेदार और मिलनसार स्वभाव के थे।



# संगठन की बैठक सम्पन्न, कुंवरपाल कोरी बने प्रदेश सचिव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले के गांव बदनौली में आज मामचंद के आवास पर संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने की। उन्होंने संगठन के विस्तार और मजबूती पर विशेष जोर देते हुए कई अहम निर्णय लिए। इसी क्रम में उन्होंने कुंवरपाल कोरी को प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया। इस घोषणा के बाद उपस्थित सभी सदस्यों ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया। प्रदेश कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चन्द्र शर्मा ने कुंवरपाल कोरी को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संगठन को नए ऊर्जावान और समर्पित कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है, जो समाज के विकास में अपना योगदान दें। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि संगठन समाज के हर वर्ग तक अपनी पहुँच बनाएगा और युवाओं को जोड़कर जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे एकजुट होकर संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करें। इस मौके पर संगठन की नीतियों, भविष्य की योजनाओं और जिले में किए जा रहे सामाजिक कार्यों की समीक्षा भी की गई। उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे और संगठन को और मजबूत बनाने के लिए कई सुझाव दिए।

# चाइनीज मांझे की चपेट में आने से मासूम घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझे की बिक्री और इस्तेमाल थम नहीं रहा है। शनिवार को कोठी गेट क्षेत्र के मोहल्ला रियाजपुरा में 12 वर्षीय मासूम बच्ची इंशा इस घातक मांझे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

जानकारी के अनुसार, इंशा अपने पिता शहजाद और मां के साथ बाइक से मेरठ जा रही थी। तभी अचानक आसमान से गिरा कटा हुआ चाइनीज मांझा उसकी गर्दन में फंस गया। तेज़ धार वाले मांझे ने इंशा की गर्दन काट दी, जिससे वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर गई। बच्ची को घायल देख परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उसे नज़दीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने समय रहते इलाज कर उसकी जान बचाई। स्थानीय लोगों ने बताया कि चाइनीज मांझे की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन इस पर प्रशासन की कार्रवाई केवल कागज़ों तक सीमित है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने कहा कि चाइनीज मांझा किसी भी हालत में बिकने नहीं दिया जाएगा। सभी चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि अपने क्षेत्रों में इसकी बिक्री पर रोक सुनिश्चित करें। अगर कोई व्यक्ति चाइनीज मांझा बेचते या इस्तेमाल करते पकड़ा गया, तो तुरंत गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# असंतुलित पिकअप हादसा, एक की मौत, कई घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख से नोएडा आते हुए नया हिंडन पुल बुद्ध मूर्ति ब्रिज पर हुए हादसे में मूर्ति विसर्जन करके लौट रहे थे सभी लोग पिकअप गाड़ी असंतुलित होने की वजह से रेलिंग से टकरा गई पिकअप में बैठे दो लोग पुल से नीचे गिर गए। थाना 113 पुलिस द्वारा घायल लोगों को हॉस्पिटल अस्पताल पहुंच गया। जिसमें डॉक्टर के अनुसार एक व्यक्ति मृत्यु हो गई, दूसरे की हालत गंभीर थी, जिसको रेफेर कर दिया गया है। करीब 1 दर्जन के आसपास लोग अभी भर्ती है जिनका इलाज चल रहा है।

**पुलिस मौके पर पहुंची, घायलों को अस्पताल भेजा गया:** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वाहन रफ्तार में था और अचानक सड़क पर संतुलन बिगड़ने से पलट गया। हादसे में



पिकअप फ्लाईओवर से नीचे गिर गया। इस हादसे में कई लोग घायल हो गये। हादसे के तुरंत बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**लगा लंबा ट्रैफिक जाम:** हादसे के चलते एफएनजी रोड पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने यातायात को डायवर्ट कर जाम खुलवाने की कोशिश की। फिलहाल मौके पर थाना 113 के एसएचओ और पुलिस मौजूद है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

**जांच जारी:** पुलिस प्रारंभिक जांच में मान रही है कि हादसा ओवरस्पीडिंग या अचानक ब्रेक लगाने के कारण हुआ होगा। टेंपो में कितने लोग सवार थे और सभी की पहचान क्या है, इसकी पुष्टि की जा रही है।

# बॉटनकिल गार्डन के सामने क्योस्क चलाने के लिए कोई एजेंसी नहीं आई आगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-38ए बॉटनिकल गार्डन व जीआईपी मॉल के बीच में और सेक्टर-18 में नोएडा प्राधिकरण की ओर से बनाए गए क्योस्क का संचालन करने के आरएफपी जारी कर आवेदन मांगे गए थे। बॉटनिकल गार्डन के सामने क्योस्क चलाने के लिए एक भी एजेंसी आगे नहीं आई जबकि सेक्टर-18 के लिए दो एजेंसियों ने आवेदन किया है। अधिकारियों का कहना है कि कम से कम तीन आवेदन आने जरुरी हैं। ऐसे में आरएफपी में आवेदन करने का समय बढ़ाया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण ने 18 अक्टूबर को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी कर एजेंसियों से आवेदन मांगे थे। आवेदन करने की अंतिम तारीख 7 नवंबर थी।

प्राधिकरण के अधिकारियों का दोनों जगह बने क्योस्क सीधे आम लोगों को आवंटित न कर एजेंसियों को ही देने का निर्णय लिया गया था।




एजेंसियों के लिए भी कारोबार, सुरक्षा धनराशि समेत कई शर्तें रखी गई हैं। माना जा रहा है कि एजेंसी को सभी क्योस्क आवंटन और उसमें शामिल शर्तों की वजह से आवेदन कम आए हैं। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-18 में 15 और सेक्टर-38 ए में 19 क्योस्क बनाए गए हैं। दोनों ही जगहों पर 10 से ज्यादा क्योस्क खाने-पीने की दुकानों के लिए आरक्षित किए गए हैं। बाकी में अन्य व्यवसाय हो सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि आवेदन करने वाली एजेंसी को सेक्टर-18 के लिए करीब 11 लाख तो सेक्टर-38 ए के लिए 12 लाख रुपये आवेदन के साथ धरोहर राशि जमा करनी है। बॉटनिकल गार्डन के सामने बने 19 क्योस्क का सालाना शुरुआती किराया 1,28,25,600 रुपये रखा है। सेक्टर-18 के 15 क्योस्क के लिए सालाना किराया 1,17,60000 रुपये तय किया गया है। चुनी जाने वाली एजेंसी आगे सालाना किराए के तीन महीने के बराबर सुरक्षा धनराशि देनी होगी। वहीं प्रत्येक वर्ष का किराया अग्रिम जमा करना होगा। हर साल 10 प्रतिशत किराये में बढ़ोत्तरी होगी।

## छात्रों के दो गुटों में मारपीट

**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में स्थित एक निजी यूनिवर्सिटी के कैंपस में छात्रों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना के दौरान कैंपस में लात-घूंसे चले, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में छात्र एक-दूसरे पर हमला करते और धक्का-मुक्की करते साफ नजर आ रहे हैं। इसमें सिक्योरिटी गार्ड्स को बीच-बचाव की कोशिश करते हुए भी देखा जा सकता है, लेकिन छात्र नहीं रुके। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो लगभग तीन-चार दिन पुराना है और यूनिवर्सिटी परिसर के भीतर का ही है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में किसी भी पक्ष द्वारा कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी।

# सेक्टर-116 में 37.50 क्यूसेक गंगाजल परियोजना का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। रविवार को सेक्टर-116 स्थित जलाशय परिसर में विधायक पंकज सिंह ने 37.50 क्यूसेक गंगाजल परियोजना के अंतर्गत 40 एमएलडी गंगाजल आपूर्ति से जुड़े कार्यों का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक (जल) आरपी सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी और जल विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि इस परियोजना पर करीब 247 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की गई है। इसके तहत गंगा. जल की आपूर्ति अब नोएडा के





सेक्टर-74, 75, 76, 77, 78, 79 (हाईराइज क्षेत्र) समेत सेक्टर-116 और 117 तक की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, नई व्यवस्था से इन सेक्टरों में जल आपूर्ति की समस्या काफी हद तक खत्म होगी और टीडीएस स्तर से जुड़ी शिकायतों का भी समाधान किया जा सकेगा।

इस मौके पर विधायक पंकज सिंह ने कहा कि नोएडा वासियों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गंगाजल योजना के इस विस्तार से हजारों परिवारों को राहत मिलेगी।

## एक नजर

### किशोरी को अगवा कर एक माह तक किया सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** फेज-वन थाना क्षेत्र के नयागांव की किशोरी को अगवा कर एक माह तक सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने किशोरी को दिल्ली के न्यू अशोक नगर के एक कमरे में छिपाकर रखा। पुलिस ने शनिवार शाम दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक कक्षा नौ में पढ़ने वाली लगभग 15 वर्षीय 30 सितंबर को अचानक घर से लापता हो गई। परिजन ने उसे तलाश किया, लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा। किशोरी के पिता जिला बुलंदशहर के सिकंद्राबाद निवासी यथार्थ भाटी और शुभम सिंह पर अगवा कर ले जाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी।

पुलिस लगातार आरोपियों को पकड़ने और किशोरी को बरामद करने में जुटी थी। बीते दिनों चार नवंबर को सूचना के आधार पर पुलिस ने किशोरी को जिला हरदोई की गुप्ता कॉलोनी में रहने वाले यश गुप्ता के कमरे से बरामद कर लिया। किशोरी ने पुलिस और मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए बयान में बताया कि उसके साथ यथार्थ भाटी और यश गुप्ता ने दुष्कर्म किया है। इसके बाद पुलिस ने शनिवार को न्यू अशोक नगर बॉर्डर के पास से दोनों को दबोच लिया। जांच में पता चला कि यथार्थ भाटी ने इंस्टाग्राम के जरिये किशोरी से संपर्क किया और प्रेम जाल में फंसा लिया। 30 सितंबर को वह उसे अपने साथ ले गया और यश गुप्ता के कमरे पर छिपाकर रखा। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपी एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और पॉक्सो ऐक्ट के तहत कार्रवाई की है। रविवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### इलाज कराने भारत आए तुर्कमेनिस्तान के बुजुर्ग को मिली नई जिंदगी

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-50 स्थित मेदांता अस्पताल में चिकित्सकों ने तुर्कमेनिस्तान के 65 वर्षीय मरीज की डीप ब्रेन स्टिम्यूलेशन सर्जरी से हाथ के कंपन का सफल इलाज किया है। मरीज के दाहिने हाथ में कई वर्षों से कंपन होती थी।

न्यूरोसर्जरी विभाग के निदेशक डा. यशपाल बुंदेला का कहना है कि मरीज को खाना खाने, लिखने और रोजमर्रा काम में काफी दर्द व कष्ट होता था। दवाइयों से राहत न मिलने पर भारत में इलाज कराया। न्यूरोला. जी विभाग में विस्तृत जांच और विशेषज्ञ की सलाह के बाद मरीज को डीबीएस सर्जरी की जानकारी दी गई। डा. यशपाल बुंदेला ने डा. अनिल धर, डा. नमिता कौल की टीम ने अत्याधुनिक स्टीरियोटैक्टिक नेविगेशन और इंट्रा-आपरेटिव न्यूरोफिजियोलाजिकल मानिटरिंग तकनीक के साथ सफलतापूर्वक इलाज किया। चिकित्सक का दावा है कि अब मरीज के हाथ में कंपन कम होने से खुद खाना खाते हैं। लिखावट और हाथ की पकड़ में भी स्पष्ट सुधार है।

### रजिस्ट्री पर जगी उम्मीद, गंगा और गायत्री टॉवर के खरीदारों को मिला भरोसा

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित महागुन मंत्रा दो के निवासियों की रजिस्ट्री जल्द शुरु हो सकती है। गंगा और गायत्री टॉवर के लगभग 50 खरीदार शनिवार को नोएडा स्थित बिल्डर के कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने रजिस्ट्री की मांग को फिर से दोहराया। उन्होंने कहा कि सालों से तारीख पर तारीख मिल रही हैं। उन्हें अब समाधान चाहिए।

निवासियों को महागुन प्रबंधन की ओर से बताया गया कि अधिसूचना के आधार पर, हम गंगा और गायत्री टावरों के लिए भूमि भुगतान के विरुद्ध जमा की जाने वाली राशि के परिमाणीकरण के लिए सोमवार को प्राधिकरण को आवेदन करेंगे। इसके साथ ही 25 से 30 नवंबर के बीच परिमाणीकरण राशि और समय विस्तार शुल्क का भुगतान कर देंगे। निवासियों ने बताया कि उन्हें अब उम्मीद जगी है कि जल्द से जल्द रजिस्ट्री शुरु हो जाएगी। बता दें, आरोप है कि बिना रजिस्ट्री के पजेशन दे दिया है। हर महीने मेंटेनेंस शुल्क लेने के बाद भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बकाया देने का बिल्डर नाम नहीं ले रहा है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक में झूठा आश्वासन दिया गया था। जब तक रजिस्ट्री शुरु नहीं हो जाती। तब तक उन्हें भरोसा नहीं होगा। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री जब तक नहीं होती वह चुप नहीं बैठेंगे। वह हर सप्ताह प्रदर्शन करते रहेंगे।

## गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली से गांजा लाकर शहर में बेचने वाले तस्कर को फेज वन थाने की पुलिस ने रविवार को सेक्टर नौ से गिरफ्तार कर लिया। तस्कर की पहचान सेक्टर-122 के जनता फ्लैट निवासी रवि प्रसाद के रूप में हुई है।

20 वर्षीय रवि के पास से एक किलो 150 ग्राम गांजा भी बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ फेज वन थाने में दो केस एनडीपीएस ऐक्ट के तहत दर्ज हैं। अन्य थानों से भी तस्कर का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गांजे की पुड़िया बनाकर सोसाइटी, सेक्टरों, फैक्टरियों और कंपनियों के आसपास तीन गुना अधिक दाम में बेचता है।

## झाड़ियों में युवक का शव मिला

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव की तरफ जाने वाले रोड के पास झाड़ियों में मिला शव श्योरा. जपुर गांव निवासी अंकित का निकला। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर ली है। वहीं, मामले में जांच के लिए चार टीमों का गठन किया गया है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि हत्यारोपितों की तलाश के लिए चार टीम गठित की गई है। जल्द मामले का पर्दाफाश किया जाएगा। बता दें कि सोमवार को पाली गांव की तरफ जाने वाले सर्विस रोड पर झाड़ियों में युवक का शव मिला था। मृतक के गले में धारदार हथियार के निशान है। हत्या करने के बाद शव को झाड़ियों में फेंके जाने की आशंका है। घटना के आसपास शराब के पाउच भी पड़े मिले थे। आशंका जताई जा रही है कि शराब पीने के बाद हुए विवाद में हमला कर अंकित की हत्या की गई है।

# बदमाशों ने घर में घुसकर की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सीटी।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित चीती गांव में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने एक घर से लाखों रुपये के आभूषण और कपड़े चोरी कर लिए। पीड़ित परिवार को घटना की जानकारी रविवार सुबह हुई, जिसके बाद उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कराया है।

गांव निवासी नारायण सिंह के घर में देर रात चोरों ने पीछे के दरवा. जे का ताला तोड़कर प्रवेश किया। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर के अंदर सो रहे थे। चोरों ने उस कमरे को निशाना बनाया जिसमें कोई मौजूद नहीं था। सुबह जागने पर परिवार को कमरे का ताला टूटा मिला। जांच करने पर अलमारी में रखे सोने-चांदी के



आभूषण और कपड़े गायब पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया।

रविवार सुबह नारायण सिंह ने दनकौर कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया गया है। चोरों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया जाएगा। गांव में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के लिए घर-घर सर्वे एवं शिविर किए जाएंगे आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत निर्वाचन आयोग एवं जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर के निर्देशानुसार निर्वाचन नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर में 04 नवम्बर 2025 से 04 दिसम्बर 2025 तक घर-घर गणना प्रपत्र वितरण कार्य कराया जा रहा है। इस अवधि में बीएलओ द्वारा प्रत्येक मतदाता के घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मतदाताओं से अपेक्षित है कि वे प्रपत्र को दो प्रतियों में भरकर एक प्रति हस्ताक्षरित रूप में बीएलओ को वापस उपलब्ध कराएँ, जिससे उनके विवरण का समयबद्ध सुनिश्चित किया जा सके।

शहरी क्षेत्रों में लोग नौकरी या मजदूरी के लिए आते हैं और कुछ समय बाद वापस चले जाते हैं, जिसके कारण उनके निवास स्थान में बदलाव होता रहता है और एक ही गली में रह रहे परिवारों के सदस्यों के नाम भी अलग-अलग मतदान केन्द्रों पर दर्ज हो जाते हैं। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा भी अवगत कराया गया है कि पंजीकरणों के आधार पर भी कई नाम बिखरे हुए पाए जाते हैं, जिससे मतदाता सूची की शुद्धता प्रभावित होती है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत निवास परिवर्तन वाले मतदाताओं के नाम सही मतदान केन्द्र पर संशोधित किए जाएंगे ताकि एक ही परिवार के सभी सदस्यों को एक स्थान पर दर्ज किया जाए, प्रवासी एवं अस्थायी श्रमिकों के नाम केवल वर्तमान निवास की वास्तविक स्थिति के अनुसार सम्मिलित किए जाएँ तथा नए नाम जोड़ने हेतु फॉर्म-6 और विवरण संशोधन हेतु फॉर्म-8 भरवाया जाए, जिससे मतदाता सूची अद्यतन, सटीक और व्यवस्थित रूप में तैयार की जा सके। उपरोक्त समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के साथ ही ऐसे स्थान जहां पर इस तरह की समस्याएं ज्यादा आ रही है वहां पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा फार्म 8 एवं 6 भी भरवाये जाने की कार्रवाई साथ में की जाएगी।

उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 15 नवम्बर 2025 को प्रेसिडेंट स्प्रिंग मीडोज अपार्टमेंट, वेस्ट ग्रेटर नोएडा में प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में पात्र मतदाताओं की प्रविष्टियों के संशोधन के साथ-साथ पते में बदलाव, नए मतदाताओं के नाम सम्मिलित किये जायेंगे, जिसके लिए पात्र मतदाताओं से घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 (नाम जोड़ने हेतु) एवं फॉर्म-8 (संशोधन हेतु) प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले विशेष कैंप में संबंधित बीएलओ, सुपरवाइजर्स एवं ईआरओ भी उपस्थित रहेंगे।

इसी प्रकार उप जिला अधिकारी दादरी अनुज नेहरा ने बताया कि ग्राम झुंडपुरा हरौला एवं चौड़ा में 11, 12, 13, नवंबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी पात्र मतदाता उपस्थित होकर अपने विवरण सही-सही दर्ज कराने में सहयोग प्रदान कर सकते है, जिससे मतदाता सूची की शुद्धता एवं अद्यतनता सुनिश्चित की जा सके।

# एसआईआर के लिए नोएडा और ग्रेनो वेस्ट में लगेंगे शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला प्रशासन विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत नोएडा और ग्रेनो वेस्ट में विशेष शिविर लगाएगा। अधिकारियों ने बताया कि कई मतदाताओं का नाम अलग-अलग बूथों पर है जबकि वो एक ही परिवार के सदस्य है। शिविर में ऐसी त्रुटियों को ठीक कराया जाएगा। नाम जोड़ने के लिए फार्म छह और त्रुटियों को ठीक करने के लिए फार्म 8 भरकर जमा करना होगा।

उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत 15 नवंबर को दादरी विधानसभा की ग्रेनो वेस्ट की स्प्रिंग मिडोज सोसाइटी में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक शिविर लगाया जाएगा। जहां बीएलओ व सुपरवाइजर मौजूद रहेंगे। वहीं नोएडा विधानसभा क्षेत्र में तीन शि. विर लगाए जाएंगे।उप जिला अधिकारी दादरी अनुज नेहरा ने बताया कि झुंडपुरा, हरौला और चौड़ा गांव में क्रमशः 11, 12 और 13 नवंबर को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक विशेष कैंप का आयोजन होगा। जहां सभी पात्र मतदाता अपनी जानकारी को सही करा सकेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न माध्यम जैसे मुनादी और समाचार पत्रों के माध्यम से लगातार जानकारी दी जा रही है।

**विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण सर्वे में वितरित किए जा रहे फॉर्म:** बिलासपुर (संवाद)। मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण सर्वे के दौरन बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म वितरित कर रहे हैं। जेवर विधानसभा क्षेत्र में परिवार के प्रत्येक मतदाता का अलग-अलग फोटो युक्त फॉर्म घर-घर जाकर दिया जा रहा है जिसमें 12 टीमें जुटी हैं।

# डीएनडी पर सड़क के काम से जाम की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा को दक्षिणी दिल्ली से जोड़ने वाले डीएनडी पर लोगों को एक महीने से अधिक समय तक जाम झेलना पड़ सकता है। इसकी वजह यह है कि यहां पहले चरण में दिल्ली से नोएडा की ओर आने वाले रास्ते पर मरम्मत का काम शुरू किया गया है। डीएनडी पर रात और दोपहर के समय करीब 11 घंटे तक काम होगा। डीसीपी यातायात डॉ प्रवीन रंजन ने बताया कि डीएनडी की मुख्य सड़क और लूप की रिसरफेसिंग का काम किया जाना है। नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड सड़क की मरम्मत का काम करेगा। रविवार रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक काम होगा।

इसके बाद दोपहर में 12 से शाम 4 बजे तक रिसरफेसिंग का काम किया जाएगा। इस हिस्से का काम पूरा होने में 15 से 20 दिन का समय लगने का अनुमान है। इसके बाद नोएडा से दिल्ली की ओर जाने वाले रास्ते पर काम होगा।

उन्होंने बताया कि टोल ब्रिज कंपनी को निर्देश दिए गए हैं कि वह रात में 2 और दोपहर में 1 लेन बंद कर काम करें। डीसीपी ने बताया कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि डीएनडी से रोजाना 4-5 लाख वाहन गुजरते हैं। सुबह-शाम यहां लोगों को लंबे जाम में फंसना पड़ता है। दिन में भी वाहनों का अधिक दबाव रहता है। अब काम के चलते लोगों की परेशानी और बढ़ जाएगी।

# ग्रेनो में सुविधाओं के मुद्दे पर लोगों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एटीएस हैप्पी ट्रेल्स सोसाइटी के लोगों ने रविवार को सुविधाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने मुख्य गेट को बंद करते हुए हंगामा किया। आरोप है कि सुविधाओं में कटौती होने से लोगों को परेशानी हो रही हैं। सोसाइटी में रहने वाले प्रतीश और मयंक ने बताया कि बिल्डर प्रबंधन की ओर से लगातार सुविधाओं में कटौती की जा रही है। हर महीने सभी लोगों से 4.25 रुपये प्रति स्क्वायर फीट के हिसाब से रखरखाव शुल्क लिया जाता है। उसके बाद भी रखरखाव में लाप. रवाही बरती जा रही। इससे सोसाइटी में रहने वाले सभी लोग परेशान हैं।

सोसाइटी के सभी लोग करीब



10 बजे परिसर में एकत्रित हुए और उन्होंने बिल्डर प्रबंधन का विरोध जताया। इसके बाद मुख्य गेट को बंद लोगों ने विरोध जताते हुए बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। आरोप है कि इस दौरान उनसे मिलने के लिए प्रबंधन की तरफ से कोई नहीं आया।

लोगों ने करीब 11 से एक बजे तक गेट को बंद रखा। वहीं, मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराकर गेट को खुलवाया। लोगों का आरोप है कि सोसाइटी के अंदर रोजाना कूड़ा उठाया नहीं जाता हैं। सोसाइटी में लावारिस कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। कुत्ते बेसमेंट, परिसर, पार्क सहित अन्य जगह पर घूमते रहते हैं, जो लोगों पर हमला कर देते हैं।

चुनाव कराने की मांग लोगों ने बताया कि जून में सोसाइटी में एओए चुनाव हुए थे। इसे बिल्डर प्रबंधन ने डिप्टी रजिस्ट्रार के माध्यम से रद्द करा दिया। दोबारा चुनाव कराने के लिए अब तक कोई पहल शुरू नहीं की है। ऐसे में लोगों ने जल्द दोबारा चुनाव कराने भी मांग की। वहीं, इस मामले में बिल्डर प्रबंधन की तरफ से कपिल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# शोरूम से कार और सवा लाख रुपये लेकर कर्मचारी हुए लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-वन थाना क्षेत्र स्थित एक कार के शोरूम से कार और सवा लाख रुपये गायब होने का मामला सामने आया है। कंपनी के महाप्रबंधक ने कंपनी के दो कर्मचारियों पर ही चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मनीष जैन ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी सेक्टर-10 में है। वह कंपनी में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। कंपनी में अलीगढ़ निवासी तितेश वार्ष्णेय सेल्समैन और दीपांशु चौधरी निवासी अमरोहा सीनियर सेल्समैन के पद पर नियुक्त हैं। तितेश और दीपांशु का कार्य केवल ग्राहकों को गाड़ियों की जानकारी देना और बिक्री प्रक्रिया में सहायता प्रदान करना है।

उन्हें कोई बुकिंग रकम या किसी प्रकार की रकम प्राप्त करने का अधिकारी नहीं दिया था। आरोप है कि तितेश द्वारा एक बलेनो गाड़ी कंपनी के स्टॉक यार्ड से लेकर आया और दीपांशु के साथ मिलकर गाड़ी को कंपनी की बिना अनुमति और बिना गेट पास के शोरूम से लेकर चला गया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। जांच करने पर पता चला कि आरोपियों ने जितेंद्र नाम से एक गाड़ी बुक कराई। उससे एक लाख 25 हजार रुपये जमा कराए और रुपये लेकर भाग गए।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# मतदाताओं की शंकाओं को किया दूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित प्रपत्र प्राप्त होने और उसे भरने को लेकर मतदाताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उनकी शंकाओं को दूर करने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

मोहल्ला अबुलमाली में आयोजित शिविर में पालिका सभासद आरिफ सिद्दीकी ने विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर मतदाताओं की समस्याओं और शंकाओं का समाधान किया। शिविर में पहुंचे मतदाताओं को उन्होंने गणना प्रपत्र के बारे में जानकारी दी और इसे कैसे भरा जाए इसके बारे में विस्तार से समझाया। इसके साथ ही आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि नवंबर माह के अंत तक प्रत्येक रविवार को शिविर का आयोजन किया जाएगा, ताकि मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरने में कोई गलती न हो। उन्होंने सभी वार्डों के सभासदों और समाजसेवियों से लोगों को इसके प्रति जागरुक करने का आह्वान किया। इस दौरान मंसूर, अजीम, असजद अली, खुर्शीद सिद्दीकी आदि नगरवासी शामिल रहे।




# कोतवाल ने सुनी जनता की समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस से सम्बंधित जनता की समस्याएं सुनकर उनका समाधान कराये जाने के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने अपने कार्यालय पर जनता की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास करने के साथ ही अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कोतवाली में बार-बार चक्कर न लगाने पड़े। तथा क्षेत्रवासियों को न्याय मिलने में कोई बाधा न आए।

# वंदे मातरम पर पीएम का बयान भ्रामक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वंदे मातरम एक ऐसी रचना है जिसमें विशेष रूप से इसके शेष चार पदों में मातृभूमि को देवी दुर्गा के रूप में प्रस्तुत कर उसकी पूजा के शब्दों का प्रयोग किया गया है। क्योंकि मुसलमान एक ईश्वर को मानते हैं और केवल उसी की पूजा करते हैं। इसलिए किसी भी मुसलमान के लिए ऐसे गीत का गायन उसके धार्मिक विश्वास के प्रतिकूल है।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना महमूद मदनी ने उक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न राज्यों के ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों द्वारा सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों में छात्रों एवं अभिभावकों को 'वंदे मातरम' गाने और उसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भेजने के निर्देशों को भारत के संविधान में प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है।

**देश का संविधान प्रत्येक नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25) और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 19) प्रदान करता है। इन संवैधानिक अधिकारों के तहत किसी भी व्यक्ति को उसकी आस्था या अंतरात्मा के विरुद्ध कोई नारा, गीत या विचार स्वीकार करने या गाने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी स्पष्ट निर्णय दिया है कि किसी नागरिक को राष्ट्रगान या किसी भी गीत को गाने के लिए विवश नहीं किया जा सकता है**



उन्होनें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान की आलोचना करते हुए कहा कि पीएम ने वंदे मातरम के कुछ अंश हटाए जाने को विभाजन से जोड़ने की कोशिश बताया था। यह पूरी तरह भ्रामक और ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत है। उन्होनें कहा कि वंदे मातरम एक ऐसी रचना है जो पूरी तरह शिर्कीया अकायद (अल्लाह के साथ किसी ओर को शरीक करना) पर आधारित है, जिसमें विशेष रूप से इसके शेष चार पदों में मातृभूमि को देवी दुर्गा के रूप में प्रस्तुत कर उसकी पूजा के शब्दों का प्रयोग किया गया है। कहा कि मुसलमान एक ईश्वर को मानते हैं केवल उसी की पूजा करते हैं। इसलिए किसी भी मुसलमान के लिए ऐसे गीत का गायन उसके धार्मिक विश्वास के प्रतिकूल है।

# गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सभा के तत्वावधान में शहीदी पर्व पर 16 को निकलेगी नगर कीर्तन यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** साहिब श्री गुरू तेग बहादुर जी समेत भाई मति दास जी, भाई सती दास जी व भाई दयाला जी के 350 वें शहीदी पर्व पर गुरुद्वारा श्री हरगोबिंद साहिब पनियाली व गुरुद्वारा श्री गुरू नानक सभा देवबंद के संयोजन में 16 नवम्बर को महान नगर कीर्तन (जाग्रति यात्रा) निकाली जाएगी।

गुरुद्वारा साहिब पनियाली की सेवा संभाल रहे बाबा रणजीत सिंह व गुरुद्वारा कमेटी देवबंद के सचिव गुरजोत सिंह सेठी ने बताया कि नगर कीर्तन प्रातः काल गुरुद्वारा साहिब पनियाली से प्रारंभ होकर, देवबंद, बडगांव, रामपुर मनिहारान, नानौता, महंगी, गंगोह, नकुड़, सरसावा, सहारनपुर, गागालहेड़ी, कोटा, नागल होते हुए वापिस पनियाली पहुंचकर सम्पन्न होगा। यात्रा में गुरूओं की ऐतिहासिक निशानियां व सोनीपत से पहुंच रही पालकी साहिब आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस मौके पर सेठ कुलदीप कुमार, रविंद्र सिंह, हरजीत सिंह, बाबा कपिल सिंह, सतीश गिरधर, श्याम लाल भारती, वीरेंद्र सिंह उप्पल, जरनैल सिंह, महा सिंह, विपिन, सोमबीर सिंह, शुभम सिंह, हर्ष भारती, राजपाल सिंह, राजेश अनेजा, मोहित मल्होत्रा, हर्षप्रीत सिंह आदि शामिल रहे।



# राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान संगठन एकता के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नौशाद चौहान का नजीबाबाद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। वह संगठन के पदाधिकारी वसीम मकरानी (साहनपुर) की बहन की शादी में शामिल होने आए थे। उनका मंडल प्रभारी मुरादाबाद फुरकान खां के आजाद नगर स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जाहिद मकरानी, अफसर कुरैशी, समीर, सरफराज मंसूरी, इकराम अंसारी, ताहिर मकरानी, हाफिज खलील, मरगूब, सरफराज, नवाजिश, तौसीफ, अमीर हसन आदि मौजूद रहे।

# उर्दू दिवस के रूप में मनाई अल्लामा इकबाल की जयंती

**देवबन्द।** पब्लिक गर्ल्स इण्टर कॉलेज में विश्व प्रसिद्ध शायर अल्लामा इकबाल की जयंती उर्दू दिवस के रूप में मनाई गई। छात्राओं ने अल्लामा इकबाल के जीवन कार्यों एवं साहित्यिक सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए उर्दू भाषा की महत्ता और इसके प्रचार प्रसार पर बल दिया।

पब्लिक गर्ल्स इण्टर कॉलेज प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं रजिया, हाजरा, बुशरा और अशरा ने नज्म और सालेहा, बुशरा व आफिया ने नात ए पाक पेश की। कक्षा नौ की छात्रा हमीदा ने उर्दू दिवस और अल्लामा इकबाल की सेवाओं पर भाषण दिया। नशरा, सानिया, बुशरा और आफिया ने सुंदर कलाम पेश किए। प्रधानाचार्या सबा हसीब सिद्दीकी ने कहा कि उर्दू हमारी तहजीब और संस्कृति की पहचान है। हमें इसके संरक्षण और प्रसार के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। हर वर्ष नौ नवंबर को अल्लामा इकबाल की जयंती के मौके पर उर्दू दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि हम उर्दू भाषा की तरक्की और हिफाजत के लिए अपने इरादे मजबूत करें। नई पीढ़ी को उर्दू लिपि को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन जैबा और रुबीना ने किया। फहमीना, शहाना, शबाना जकी, शाकिरा, रूबी, अरशी आदि छात्राओं व स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।



# सूर्य प्रताप ने तलवारबाजी में जीता सिल्वर

## ग्रामीणों ने फूलमालाओं से किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर क्षेत्र के गांव फलोदी के छात्र सूर्य प्रताप ने इंफाल मणिपुर में 3 नवंबर से 8 नवंबर तक आयोजित तलवारबाजी में सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया।

ग्राम फलोदी निवासी नवनीत कुमार के 13 वर्षीय कक्षा 7 में पढ़ने वाले पुत्र सूर्य प्रताप ने तलवारबाजी में सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता है। नवनीत कुमार ने बताया कि सूर्य प्रताप हरियाणा के हिसार जिले में एकलव्य स्पोर्ट्स स्कूल में कक्षा 7 में पढ़ता है। पढ़ाई के साथ-साथ वह तलवारबाजी में भी प्रशिक्षण ले रहा है। इंफाल मणिपुर में 3 नवंबर से 8 नवंबर तक आयोजित तलवारबाजी की सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उसने भाग लिया था। 5 नवंबर को उसने तलवारबाजी में सिल्वर मेडल जीता है। छात्र के सिल्वर मेडल जीतने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके घर पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमालाओं से लादकर उनका स्वागत किया। छात्र सूर्य प्रताप ने बताया कि उसने तलवारबाजी में सिल्वर मेडल जीता है। पूर्व में भी उसने स्टेट लेवल पर भी प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। मार्च से खेलो इंडिया में भाग लेकर अपना प्रदर्शन करेगा। सूर्य प्रताप की उपलब्धि ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भाकियू ने उसको सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया है। उसके कोच संदीप सिहाग ने भी खुशी का इजहार किया है।



# आरएसएम पीजी कॉलेज में चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

## रुटा बैठक में शिक्षकों की एकजुटता पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम पीजी कॉलेज धामपुर में रविवार को रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (रुटा) की अहम बैठक संपन्न हुई। बैठक की मेजबानी कॉलेज की शिक्षक संघ इकाई ने की।

बैठक में गुरु जंभेश्वर विश्व. विद्यालय, मुरादाबाद की आगामी कार्यकारिणी के गठन को लेकर बिंद.वार चर्चा की गई। बैठक में बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर सहित कई जिलों से आए 60 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। रुटा महामंत्री प्रो. स्वदेश सिंह ने कहा कि संघ शिक्षकों की आवाज है और चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान तिथि ऐसी तय की जाए, जिससे सभी शिक्षक मतदान में शामिल हो सकें। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय अब शिक्षकों को विदेश सेमिनार में भाग लेने हेतु 25,000 रुपए की आर्थिक सहायता देगा। प्रो. ए.पी. सिंह ने चुनाव स्थल के रूप में हिन्दू कॉलेज, मुरादाबाद का प्रस्ताव रखा, जबकि प्रो. विनोद पाण्डेय ने कहा कि प्राचार्यों द्वारा उत्पन्न समस्याओं से निपटने के लिए एक मजबूत संगठन जरूरी है। रुटा अध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार ने कहा कि शिक्षक संघ की एकता ही उसकी असली ताकत है।

प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने अपने संबोधन में कहा मैं पहले शिक्षक हूँ, फिर प्राचार्य शिक्षक का धर्म सबसे बड़ा होता है। बैठक का संचालन प्रो. अमित कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम में प्रो. पूनम घई, डा. विवेक यादव, डा. हिमांशु त्रिपाठी, डा. कौशिक प्रसाद समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। बैठक के सफल आयोजन से शिक्षकों में नई ऊर्जा और एकजुटता का माहौल बना।

# भाकियू कार्यकर्ताओं का भ्रमण

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ब्लॉक जलीलपुर कार्यकर्ताओं ने संगठन के विस्तारीकरण को लेकर ग्रामीण भ्रमण किया। इस दौरान यूनियन कार्यकर्ताओं ने गांव शेखपुरी चौहड़ से लेकर ग्राम बागड़पुर, बास्टा, शेखपुरी मीना आदि का भ्रमण कर ग्रामीणों को यूनियन से जुड़ने का आह्वान किया तथा संगठन के विस्तारीकरण को लेकर आपसी चर्चा की। तहसील अध्यक्ष चौधरी हरिराज सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण भ्रमण के दौरान गांव की जनता व किसानों से भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुड़ने की अपील की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद याकूब, तहसील महासचिव चौधरी रोहताश सिंह, ग्राम अध्यक्ष चौधरी सतपाल सिंह, अर्श मलिक व मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ आदि शामिल रहे।

# केएस चिल्ड्रंस में खो-खो प्रतियोगिता

**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रंस अकादमी में एक दिवसीय इंटर हाउस खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जल सदन विजेता रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने फीता काट कर किया। फाइनल मुकाबला पृथ्वी सदन और जल सदन के मध्य खेला गया, जिसमें जल सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 33-23 से मुकाबला जीत लिया। प्रतियोगिता में जल सदन प्रथम व पृथ्वी सदन द्वितीय स्थान पर रहा। जल सदन से अनिष्का, मोनिका, प्रियांशी, मनतशा, शहरीन, अंशिका, फरहीन, शिफा, कशफ, मनीषा, खुशबू, अवनी, मदीहा शामिल रहे। प्रतियोगिता का आयोजन खेल शिक्षिका खुशबू सोढ़ी व कोमल चौधरी ने किया। प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

# जयंत चौधरी से मिले हनी तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** राष्ट्रीय लोकदल युवा नेता हनी तोमर ने रालोद मुखिया सांसद केन्द्रीय मंत्री चौधरी जयंत से दिल्ली में मुलाकात कर जिले की राजनीति के बारे मे विस्तार से अवगत कराया तथा आने वाले जिला पंचायत चुनावों को लेकर चर्चा भी की। इस दौरान उन्होंने किसान ट्रस्ट की ट्रस्टी चारू चौधरी से भी मुलाकात की। गौरतलब है कि हनी तोमर पार्टी मुखिया चौधरी जयंत के करीबी माने जाते है और पिछले जिला पंचायत चुनावों में इन्ही के कहने पर चौधरी लुधियान सिंह के परिवार के सदस्य के लिये जिला पंचायत सीट पर अपनी दावेदारी छोड़ उन्हें जिताने का काम किया था। इस बार जिला पंचायत चुनावों की तैयारी करने वाले स्वयं हनी तोमर ने कहा है कि वे इस बार जिला पंचायत का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रह है और चुनाव जीतने के लिये ही लड़े जाने की बात कही है।

# बजरंगबली बाबा का गुणगान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला इंदिरा नगर स्थित ओम प्रकाश यादव के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन तेरे जैसा राम भक्त हुआ ना होगा मतवाला, एक जरा सी बात पर सीना फाड़ दिखा डाला यह भजन सबको खूब पसंद आया, सब ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को संस्था द्वारा राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में ओम प्रकाश यादव, राधा यादव, आयुष यादव, अश्मित यादव, पूजा यादव, अनिल देवड़ा, विनोद कुमार, अतुल कुमार, अरविंद कुमार आदि शामिल रहे। श्रीमद हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से महंत राहुल अग्रवाल, आचार्य दिनेश चंद्र भारद्वाज, मनोज रस्तोगी, रामप्रकाश वर्मा, विजय शर्मा, प्रीतम सैनी, संजीव शर्मा, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# डा. विवेक ने कराया सुंदरकांड पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** नगर के मौहल्ला वीरथला निवासी नगर के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक स्व. डॉ. अजय रस्तोगी के पुत्र डा. विवेक रस्तोगी व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रुचि रस्तोगी ने सपरिवार अपने नवनिर्मित भवन में गृह प्रवेश के अवसर पर भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। आयोजन का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

तत्पश्चात राम भक्त हनुमान जी की महिमा का गुणगान करते हुए सुंदरकांड पाठ प्रारंभ हुआ। गायकों ने ढोलक, मंजीरे और अन्य वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनियों के साथ जब भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुंदरकांड पाठ के समापन पर श्रद्धालुओं ने आरती उतारी और भगवान श्रीराम व हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं भंडारे का वितरण किया गया। डा. विवेक रस्तौगी के पुत्र वैष्णव रस्तौगी व नगर से मुकेश रस्तोगी, योगेन्द्र रस्तोगी, अमित कुमार, अमिष रस्तोगी (बोनी भैया), श्रेष्ठ रस्तौगी, मनी रस्तौगी, प्रदीप, विनय रस्तोगी, डोली, शीतल सोनी, रीता रस्तौगी सहित अन्य परिजन व मित्रगण शामिल रहे।

# रिटायर्ड फौजी ने एशियन मास्टर चैंपियनशिप में किया नाम रोशन



## 110 मीटर बाधा दौड़ प्रतियोगिता में मिला द्वितीय स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** रिटायर्ड फौजी ने एशियन मास्टर चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया।

चेन्नई में 5 नवंबर से 9 नवंबर तक 23 वीं एशियन मास्टर चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का 25 देशों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें गांव चमरौला जिला बिजनौर निवासी रिटायर्ड फौजी तरुण कुमार पुत्र स्वर्गीय चौधरी विजय सिंह ने बाधा दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। 110 मीटर बाधा दौड़ प्रतियोगिता में तरुण कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। सिल्वर मेडल मिलने की खुशी में उनके गांव में उनका जोरदार स्वागत किया गया। वहीं उनके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। बता दे तरुण कुमार ने 15 वर्ष भारतीय फौज में रहकर देश की सेवा की है। नौकरी के दौरान सेना की ओर से खेलते हुए उन्होंने कई मेडल अपने नाम किए है। अब वे अपने जनपद के खिलाड़ियों को खेल प्रतियोगिता के गुर सिखाकर अनेक प्रतियोगिता के जिला और प्रदेश स्तर के लिए खिलाड़ियों को तैयार करने का काम कर रहे हैं।

# छात्रों ने किया विद्या मंदिर का नाम रोशन

## संस्कृति महोत्सव में प्रतिभाग कर लौटने पर स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित संस्कृति महोत्सव में प्रांत स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में अखिल भारतीय स्तर पर सीतामढ़ी बिहार में प्रतिभाग किया। छात्रों के वापस लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अभिभावक स्कूल स्टाफ एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

तीन छात्र हर्ष धीमान, प्रिंस राजपूत, अक्षित चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का ही नहीं अपने प्रदेश का नाम रोशन किया। पहले जिला बिजनौर, मेरठ, उत्तराखंड और अब बिहार को टॉप करने वाले होनहार रामगोपाल रामचन्द्र सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज धामपुर के छात्रों का बिहार से जीतने पर विद्या मंदिर के छात्रों, अभिभावकों, आचार्यों, बधाई देने वालों ने नगीना चौराहे पर पहुंचने पर ढोल की थाप पर फूल मालाओं से लाद कर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान ढोल की थाप पर जमकर डांस किया। स्वागत के बाद छात्र विद्या मंदिर इंटर कालेज धामपुर में पहुंचे। जहां पर तीनों छात्रों का प्रधानाचार्य और आचार्य द्वारा तिलक कर मालाओं से स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में तीनों छात्रों के अभिभावक हर्ष धीमान के पिता सुनील कुमार शर्मा, मनोरमा शर्मा, ज्योति शर्मा, अथर्व धीमान, श्रवण कुमार, आंचल राजपूत, दर्शिता सिसौदिया, हेमलता देवी, वंशिका राजपूत, मनोज कुमार, ओमकुमार, मनोज कुमार और विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य हेमेंद्र, दयाशंकर दुवे कोच, राम जी पांडे, कावेंद्र उपप्रधानाचार्य, दुर्गेश, विनय, राजेश, राजीव, राजवीर, चंद्रभान, महेशचंद्र, आर.के.आर्य, हरप्रसाद शर्मा, जितेंद्र सिंह एडवोकेट, कृष्ण कुमार, क्षेत्रपाल प्रजापति, ब्रजमोहन प्रजापति, छात्र गीतांशु कुशवाह, हर्षित वर्मा, अश्वनी चौहान, दिवेश सैनी, अरनव चौहान, केशव चौहान, कुलबीर पाल, दक्ष जोशी, मनु कुमार, ध्रुव राजपूत, श्रियानक, प्रिंस कुमार, यश चंद्र, प्रिंस राजपूत, हिमांशु सैनी, जैद, जुनैल आबेदीन, कृष्णा कुमार, अंकित आदि ने विजयी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।




# राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के बहुउद्देश्य सभागार में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान उपस्थित रहे।

विधि के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान ने विधिक सेवा दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विधिक सेवा दिवस के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि भारत का नागरिक होने के नाते हमारे क्या-क्या अधिकार और कर्तव्य है और हमें उनको किस प्रकार लागू कराना है तथा अपने आस-पास के व्यक्तियों को भी इनके प्रति जागरूक करना है। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर सिंह ने विधिक दिवस की महत्ता को स्पष्ट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस की शुरूआत पहली बार 1995 में भारत सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए की गई थी तथा समाज के गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ-साथ उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के विषय में बताया तथा विद्यार्थियों को लीगल चेट एप न्याय गुरू के विषय में जानकारी दी।



# सरकारी धन बहा, सड़क उखड़ी, कैराना की धरती पर भ्रष्टाचार का एक और नमूना

## लाखों की लागत से बनी सौ मीटर सीसी सड़क एक साल में ही उखड़ी, गड्ढों में तब्दील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर पालिका परिषद कैराना के निर्माण कार्यों की हकीकत एक बार फिर जनता के सामने आ गई है। विकास के नाम पर किए जा रहे कार्यों में भ्रष्टाचार और लापरवाही का ऐसा आलम है कि लाखों रूपए की लागत से बनी सड़कों की उम्र अब एक साल भी नहीं रह गई। कस्बे का मोहल्ला शेखबद्धा इसका ताजा उदाहरण बन चुका है, जहां करीब एक वर्ष पूर्व बनाई गई सीसी सड़क अब पूरी तरह ग्ड्ढों में तब्दील हो चुकी है। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली योगी सरकार की नीतियों को नगर पालिका के अधिकारियों ने ठेकेदारों की सांठगांठ से मजाक बना दिया है। नगर पालिका के निर्माण विभाग में मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जबकि जिम्मेदार अधिकारी अब भी दावा कर रहे हैं कि सभी निर्माण कार्य मानक अनुसार कराए गए हैं।

करीब एक साल पहले हाजी रियाज के मकान से अख्तर की दुकान तक लाखों रूपए की लागत से बनी यह सड़क बनते ही टूटने लगी थी। आज हालात यह हैं कि पूरी सड़क रोड़ी में तब्दील हो चुकी है। जगह-जगह ग्ड्ढे और उखड़ी हुई सीमेंट इसकी हकीकत बयां कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का खुला प्रयोग किया गया और अधिकारी जांच तक करने नहीं पहुंचे।



### कमीशनखोरी ने बिगाड़ा खेल

सूत्रों के मुताबिक नगर पालिका में सड़क निर्माण कार्यों में कमीशनखोरी की गहरी जड़ें हैं। ठेकेदारों से लेकर अधिकारियों तक कमीशन का बंटवारा पहले ही तय कर लिया जाता है। ऐसे में गुणवत्ता की उम्मीद बेमानी हो जाती है। बताया जा रहा है कि यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो लाखों रूपए के घोटाले का पर्दाफाश हो सकता है।

### मोहल्लावासियों का फूटा गुस्सा

मोहल्ला शेखबद्धा निवासी अख्तर का कहना है, हनगर पालिका के चहेते ठेकेदार ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाई थी। बनते ही सड़क टूटने लगी और अब पूरी तरह खत्म हो चुकी है। न ठेकेदार दिखाई देता है, न कोई अधिकारी जवाब देने को तैयार है। वहीं अब्दुल वहीद बोले, नगर पालिका के जेई ने मौके पर आकर जांच नहीं की। सवाल यह है कि बिना जांच के पेमेंट किस आधार पर कर दिया गया? जिस अधिकारी की रिपोर्ट पर भुगतान हुआ, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।




स्थानीय निवासी तौफीक ने कहा, जनता को विकास के सपने दिखाकर अपने सपने साकार करने वाले अब खामोश हैं। सड़कें बनते ही टूट रही हैं, सरकारी धन पानी की तरह बहाया जा रहा है, मगर कोई जिम्मेदार बोलने को तैयार नहीं।

### कैराना की सड़कों में विकास नहीं, भ्रष्टाचार का बोलबाला

नगर पालिका कैराना में निर्माण कार्यों में फैले भ्रष्टाचार ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि शासन स्तर से जांच कराई जाए, तो निश्चित रूप से ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत का खुलासा होगा। फिलहाल नगर पालिका की टूटी सड़कों ने यह साबित कर दिया है कि विकास नहीं, भ्रष्टाचार का ही रास्ता पक्का किया जा रहा है।

..........................................

इस संबन्ध में नगर पालिका के निर्माण विभग में अवर अभियंता राहुल से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# पुलिस पर हमला व अभद्रता करने का आरोपी गिरफ्तार, कारागार रवाना

**आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जान से मारने की नीयत से हमला करने व सरकारी कार्य में विघ्न डालने समेत विभिन्न संगीन धाराओं में दर्ज किया मुकदमा, अर्ध-विक्षिप्त बताया जा रहा है पुलिस पर हमला करने का आरोपी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस टीम पर हमला व अभद्रता करने के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने जानलेवा हमला एवं सरकारी कार्य में विघ्न उत्पन्न करने समेत विभिन्न संगीन धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने गिरफ्तार किए गए आरोपी युवक को अर्ध-विक्षिप्त बताया है।

विगत शनिवार देर शाम कस्बे के चौक बाजार में एक युवक ने पुलिस टीम के साथ में अभद्रता करते हुए मारपीट की थी। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हुआ था। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक ने पहले कस्बे के किसी व्यापारी के साथ में मारपीट की। इसके बाद युवक मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम के साथ में भी उलझ गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में युवक एक हेड कांस्टेबल का गिरेबान पकड़े हुए तथा मारपीट करता हुआ नजर आ रहा है। आरोपी युवक बीच-बचाव करने आए दारोगा को भी मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां दे रहा है। बाद में पुलिस टीम ने आरोपी युवक को काबू में कर लिया और कोतवाली ले आए। पकड़े गए युवक का नाम भोल्लर निवासी कैराना बाईपास बताया जा रहा है। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप के अनुसार, पुलिसकर्मी के साथ में दुर्व्यवहार करने वाला युवक



अर्ध-विक्षिप्त है। वह अक्सर बाजारों में घूमता रहता है। युवक पहले भी लोगो के साथ में दुर्व्यवहार कर चुका है।

युवक का दिमाग खराब होने पर यह लोगो के साथ में एब्नॉर्मल व्यवहार करने लग जाता है। आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने बताया कि आरोपी युवक के विरुद्ध पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने तथा सरकारी कार्य में विघ्न डालने समेत विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी अरविन्द पुत्र सुरेशपाल ने थाने में तहरीर दी कि पीड़ित का भाई राजेश गत 6 नवम्बर की दोपहर लगभग 2 बजे अपने गांव से थानाभवन के गांव गंदेवड़ा की ओर जा रहा था कि अचानक तीतरो की ओर से आ रही एक टेक्सी कार ने राजेश की बाईक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जहां से गंभीर हालत के चलते घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उपचार के बाद थाने आए पीड़ित के भाई ने थाने में तहरीर देकर टैक्सी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### पति ने पत्नी को पीटकर किया घायल, बच्चे को छीनकर ले जाने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव कमालपुर निवासी रीना ने बताया कि उसकी शादी आशु के साथ करीब पांच वर्ष पूर्व हुई थी और वर्तमान में करनाल कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। दोनों का एक ढाई वर्ष का पुत्र भी है। हाल ही में रीना अपने मायके कमालपुर में रह रही थी। शुक्रवार को शाम करीब चार बजे उसका पति घर पर आया और जबरन बच्चे को ले जाने लगा। विरोध करने पर उसने गाली-गलौज करते हुए रीना के साथ मारपीट की, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। पीड़िता ने बताया कि घटना की सूचना 112 नंबर पर दी गई, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। रीना ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### दो बाइकों की टक्कर, एक की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी गौरव रविवार को बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से शामली गया हुआ था और अपना कार्य समाप्त करने के बाद अपनी बाइक से वापस अपने गांव जा रहा था। बाइक सवार युवा के जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित गांव भारसी मोड़ के समीप पहुंचा तो, विपरीत दिशा से आ रहे हैं बुलेट बाइक सवार ने सामने की टक्कर मार दी। बुलेट की टक्कर से बाइक सवार गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस कर्मचारी ने घायल युवक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बुलेट बाइक सवार हादसे को अजाम देकर मौके से फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजन घायल को लेकर जिला अस्पताल के लिए चले गए।

### पुलिसकर्मी बनकर दुकानदार से एलईडी लेकर फरार हुए बाइक सवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के रेलवे मार्ग निवासी आदेश पुत्र मोहन ने बताया कि उसने रेलवे मार्ग स्थित दो दुधियान मार्केट में मोहन रेडियोस के नाम से दुकान कर रखी है। पीड़ित का आरोप की उसकी दुकान पर बुलेट बाइक सवार दो युवक पहुंचे



और कहा कि खंद्रावली चौकी पर एक एलईडी लगवानी है। बाइक सवार दोनों युवकों ने अपने आप को पुलिसकर्मी बताते हुए एलईडी ले ली और भुगतान की बात चौकी पर देने के लिए कहा और एलईडी लेकर फरार हो गए। पीड़ित दुकानदार जब भुगतान के लिए खंद्रावली चौकी पहुंचा तो वहां पर तैनात पुलिस कर्मियों ने बताया कि उन्होंने कोई भी एलईडी नहीं खरीदी और ना ही चौकी पर किसी तरह की एलईडी की जरूरत है। पीड़ित दुकानदार ने थाने पहुंचकर दोनों आरोपी बुलेट बाइक सवारों के विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# ग्राम मादलपुर में लगा विशाल स्वास्थ्य शिविर, 400 से अधिक लोगों की हुई जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ग्राम मादलपुर में रविवार को एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में करीब 400 महिला एवं पुरुषों की जांच अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता से ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। प्रत्एक व्यक्ति को समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराना चाहिए। उन्होंने सभी डॉक्टरों और सहयोगी टीम का आभार व्यक्त किया जिन्होंने निरूस्वार्थ भाव से ग्रामीणों की सेवा की।

सुरेश राणा ने शिविर के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं, जैसे



आयुष्मान भारत कार्ड, का लाभ हर पात्र व्यक्ति को लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है ताकि गांवों में भी शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। शिविर में ग्राम प्रधान यश कुमार ने विशेष सहयोग किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन गांव के हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने का माध्यम बन रहे हैं।

शिविर में राजेंद्र सिंह द्धजिला महामंत्रीऋ, जयवीर सिंह, जगवीर सिंह, नरेश कुमार, इंद्रपाल सिंह, डॉ। संजीव कुमार, योगेश शर्मा, शिवकुमार, कवींद्र कश्यप सावेज, गयूर अली, बीरम सिंह, राकेश गुप्ता और सौरभ पंवार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग किया।

चिकित्सकों की टीम ने ब्लड प्रेशर, शुगर, दांत, आंख, हड्डी आदि की जांच की। कई मरीजों को निरूशुल्क आंख बनवाने का आश्वासन ग्राम प्रधान यश कुमार द्वारा दिया गया।शिविर में मुख्य रूप से डॉ। संजीव कुमार, डॉ। योगेश शर्मा, डॉ। प्रवीण चौधरी, डॉ। पंकज कुमार, डॉ। नीलम चौधरी, डॉ। वसीम अहमद समेत अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। ग्रामवासियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं और इससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

# युवाओं के लिए रोजगार के सुनहरे अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे रोजगार मेलें के सम्बन्ध में जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद शामली में इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु जनपद शामली में चयनित माध्यमिक विद्यालयों में रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। जिसमें दिनांक 10 नवंबर को चन्दन लाल नेशनल इण्टर कालेज, कांधला। दिनांक 11 नवंबर को इण्टर कालेज, एलम। दिनांक 12 नवंबर को मुरली मनोहर इण्टर कालेज, ईशोपुरटील। दिनांक 13 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा सदन इण्टर कालेज, झिंझाना। दिनांक 14 नवंबर को डीएवी इण्टर कालेज, ऊन। दिनांक 17 नवंबर को राजकीय इण्टर कालेज, केरटू। दिनांक 18 नवंबर को लाला लाजपत राय इण्टर कालेज, थानाभवन। दिनांक 19 नवंबर को लाला इन्द्र प्रकाश जनता इण्टर कालेज, बाबरी। दिनांक 20 नवंबर को पब्लिक इण्टर कालेज, कैराना। दिनांक 21 नवंबर को पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कालेज, तितरवाडा। दिनांक 25 नवंबर को जनता इण्टर कालेज, लिसाढ़ एवं 26 व 27 नवंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय किसान इण्टर कालेज, शामली में रोजगार मेलें आयोजित किए जाएंगे। सभी चयनित विद्यालयों में निर्धारित तिथियां को रोजगार मेलों का आयोजन प्रात: 10 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा। उपरोक्त रोजगार मेलों में राहुल दीक्षित, कमांडेन्ट, एस आई एस, दिल्ली द्वारा भर्ती की जाएगी। रोजगार मेलों में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग की वेबसाइट rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीयन कराना होगा। सिक्योरिटी गार्ड हेतु न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल, आयु 21 से 35 वर्ष, ऊंचाई 168 सेमी एवं 56 से 90 किलो भार के अभ्यर्थी पात्र हैं। अभ्यर्थी किसी भी चयनित विद्यालय में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# कार की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को घर से निकला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक विवाहिता ने अपने पति सहित ससुराल के आधा दर्जन लोगों पर अतिरिक्त दहेज की मांग करने व पूरी नहीं होने पर मारपीट करते हुए घर से निकलने का आरोप लगाया पुलिस ने अभियोग दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। कस्बा निवासी महिला निकिता शर्मा पुत्री विपुल शर्मा ने बताया कि उसकी शादी विगत 30 नवंबर 2020 को हेमंत कुमार पुत्र विनोद शर्मा निवासी मोहल्ला सिमली शीतला माता मंदिर लक्सर थाना हरिद्वार के साथ हुई थी। पीड़िता विवाहिता का आरोप है कि पीड़िता का पति और ससुराल वाले दहेज में दिए गए सामान से खूश नहीं थे और पीड़िता को आए दिन भूख प्यासा रखते थे और उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते थे। पीड़ित महिला का आरोप है कि पति सहित देवर आर्यन ससुर विनोद सास इंदिरा देवी एवं प्रियंक कुमार और किरण भार्गव पीड़िता से दहेज में पांच लाख रूपए और एक कार की मांग करने लगे। आरोप है कि जब पीड़िता द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं की गई तो आरोपियों ने एक राय होकर पीड़िता को मारपीट करते हुए उसकी तीन वर्ष की बच्ची सहित मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मामले की जानकारी मायके पक्ष को दी। मायके वाले लेकर घर आ गए। आरोप है कि विगत 23 मार्च 2025 को पीड़िता अपने घर पर थी आरोप है कि तभी पीड़िता के पति सहित ससुराल वालों ने मारपीट कर दी। पीड़िता ने मामले की सूचना महिला थाना सहित उच्च अधिकारियों को दी। रविवार को पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।



### बकाया गन्ना भुगतान की मांग भी उठाई

**ऊन।** सुपीरियर फूड ग्रेंस प्राइवेट लिमिटेड के पेराई सत्र के शुभारंभ पर पहुंचे किसानों ने मिल के एमडी राणा इंद्र प्रताप के सामने गन्ना बकाया भुगतान करने की मांग रखी जिस पर एमडी ने शीघ्र ही गन्ना भुगतान करने का आश्वासन दिया।

**ऊन।** चीनी मिल के पेराई सत्र के शुभारंभ पर ब्लॉक प्रमुख रामपाल सिंह के साथ पूर्व प्रधान पुर माफी कवरपाल सिंह आर्य भी पहुंचे थे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई तुरंत ब्लॉक प्रमुख अपनी गाड़ी से उन्हे सीएचसी पर लेकर पहुंचे जहां पर उनका उपचार किया गया ब्लॉक प्रमुख रामपाल सिंह ने बताया कि उनकी हालत में सुधार है।

# सुपीरियर फूड ग्रेंस प्रा. लि. के पेराई सत्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** ऊन की सुपीरियर फूड ग्रेंस प्राइवेट लिमिटेड के पेराई सत्र का शुभारंभ विधि विधान एवं गुरु वाणी के पाठ से किया गया मिल के एमडी राणा इंद्र प्रताप सिंह, डायरेक्टर राणा प्रीत इन्द्र सिंह, राणा करण प्रताप सिंह ने कैन करियर में गन्ना डालकर पेराई सत्र शुरू कराया। सुपीरियर फूड ग्रेंस प्राइवेट लिमिटेड का रविवार को विधि विधान व गुरुवाणी के पाठ से पेराई सत्र का शुभारंभ किया गया तीन दिनों से बाबा लखविंदर सिंह की टीम ने गुरु वाणी का पाठ किया उसके उपरांत कैन करियर पर पंडित विनोद शास्त्री, विद्याराम शर्मा ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया गया इसके बाद मिल के एमडी राणा इंद्र प्रताप सिंह, डायरेक्टर राणा वीर प्रताप सिंह, राणा करण प्रताप सिंह, यूनिट हेड अवनीश चौधरी, वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना कुलदीप पिलानिया ने कैन करियर में गन्ना डालकर नारियल फोड़कर पेराई सत्र का शुभारंभ किया इस अवसर पर सबसे पहले बैलों की जोड़ी के साथ गन्ना लेकर पहुंचे किसान संजीव ऊन,ट्रॉली के किसान अजमेर हथछोआ तथा क्रय केंद्र से ट्रक लेकर पहुंचे ड्राइवर को कंबल, मिठाई, परना व गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मिल के इंजीनियरिंग हेड सरदार जगजीत सिंह, प्रोडक्शन हेड अजय शर्मा,अर्जुन शर्मा बायो फ्यूल हेड, सुखबीर सिंह,ब्लॉक प्रमुख रामपाल सिंह जिला गन्ना अधिकारी रंजीत कुशवाहा गन्ना समिति सचिव अजीत कुमार सिंह समेत क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं किसान मौजूद रहे।

# शामली बिजलीघर पर धरने को सफल बनाने की जुगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 11 नवंबर को खेड़ी करमू शामली बिजलीघर पर होने वाले भारतीय किसान यूनियन टिकैत के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारियों ने गांव-गांव जाकर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। भाकियू प्रदेश संगठन मंत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य मास्टर जाहिद, प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप पंवार, जिला उपाध्यक्ष संजीव राठी, जाहिद राणा, राम शर्मा, असलम प्रधान, शादाब प्रधान, राजपाल कश्यप, सलीम डीलर समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव सोंटा रसूलपुर, रायपुर, उस्मानपुर और मादलपुर पहुंचे, जहां ग्रामीणों से मुलाकात कर आंदोलन के महत्व को बताया। पदाधिकारियों ने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर और क्षेत्र में लगातार बिजली संकट, बढ़े हुए बिलों और ट्रांसफार्मर की खराब व्यवस्था को लेकर किसानों में गहरा आक्रोश है। शासन-प्रशासन से बार-बार मांग के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा, जिस कारण किसानों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। मास्टर जाहिद ने कहा कि जब तक क्षेत्र की बिजली समस्या का स्थाई समाधान नहीं होगा और स्मार्ट मीटर लगने बंद नहीं होगे तब तक धरना जारी रहेगा। भाकियू पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया तो यह आंदोलन प्रदेश स्तर तक फैलाया जाएगा। धरने को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है, और उम्मीद जताई जा रही है कि 11 नवंबर को खेड़ी करमू पर भारी जनसमूह एकत्र होकर किसानों की आवाज बुलंद करेगा। गांव सोंटा रसूलपुर के निवासी राम शर्मा को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।



# झिंझाना: घटिया निर्माण से बर्बादी की कगार पर नया यात्री प्रतीक्षालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** जनता के लाखों रूपए की लागत से उन रोड पर बना झिंझाना का नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। निर्माण में बेहद घटिया सामग्री के इस्तेमाल के चलते अभी तक इसका औपचारिक उद्घाटन भी नहीं हो पाया है, और यह शीघ्र ही खंडहर बनने की कगार पर है।

### क्या है मामला?

मामला झिंझाना में बने एक नए यात्री प्रतीक्षालय का है, जिसके निर्माण की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों और सूत्रों का दावा है कि यात्री प्रतीक्षालय में ऐसी पीली ईंटों का इस्तेमाल किया गया है, जो अत्यंत निम्न स्तर की और जल्दी खराब होने वाली मानी जाती हैं। ऐसी ईंटें बारिश और मौसम की मार बर्दाश्त नहीं कर पातीं और जल्द ही इनमें दरारें पड़ने लगती हैं।

### शिकायत की गई, लेकिन हुई फर्जी निस्तारण

इस मामले की गंभीरता इस बात से और बढ़ जाती है कि निर्माण में हो रही इन अनियमितताओं की जानकारी करीब 3-4 महीने पहले ही अधिकारियों को दी जा चुकी थी।



शिकायतकर्ता संजीव कुमार निवासी शामली शामला ने IGRS (इंटीग्रेटेड ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम) पोर्टल के जरिए आधिकारित शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, आरोप है कि संबंधित अधिकारियों ने कोई ठोस कार्रवाई किए बिना ही शिकायत का श्फर्जी निस्तारणश कर दिया। यानी, बिना ठीक से जांच किए, मामले को बंद कर दिया गया। नाराज शिकायतकर्ता ने दोबारा अधिकारियों से शिकायत की, जिसके बाद ही मामले में दोबारा जांच शुरू हुई है।

### उद्घाटन अधर में, भविष्य अंधकारमय

स्थानीय निवासियों का कहना है कि निर्माण की खामियों के चलते ही प्रतीक्षालय का उद्घाटन अटका हुआ है।

हालांकि, उनका आरोप है कि जिन अधिकारियों ने इस घटिया निर्माण पर मुहर लगाई, वह ही औपचारिक रूप से इसके गेट खोलने से डर रहे है। लोगों को डर है कि अगले एक-दो मानसून के बाद ही इस इमारत की हालत बेहद खराब हो जाएगी।

### जनता में रोष, मांगें गंभीर

इस पूरे प्रकरण ने स्थानीय जनता में गुस्सा और निराशा फैलाई है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जनता के पैसे से बनने वाली योजनाओं के साथ इस तरह की लापरवाही और भ्रष्टाचार क्यों किया जा रहा है। उनका मानना है कि IGRS जैसी शिकायत निवारण प्रणाली पर जनता का भरोसा इस तरह की घटनाओं से टूटता है।

अब जनता और सामाजिक कार्यकर्ता इस मामले की उच्च-स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि घटिया निर्माण के लिए जिम्मेदार ठेकेदारों और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही, प्रतीक्षालय का दोबारा सही तरीके और बेहतर गुणवत्ता से निर्माण कराने की मांग भी तेज हो रही है।

### प्रशासन का पक्ष

इस संबंध में झिंझाना के अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप से बात की गई। उन्होंने बताया कि यात्री प्रतीक्षालय अभी तक प्रशासन को हैंडओवर नहीं हुआ है। हालांकि, उन्होंने इस निर्माण की लागत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

CMYK



# अमला की बेस्ट-11 लिस्ट में बड़ा ट्विस्ट




● **भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा को टीम में शामिल नहीं किया, जिससे भारतीय फैंस काफी हैरान**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज हाशिम अमला ने हाल ही में अपनी ऑल टाइम वनडे प्लेइंग इलेवन का ऐलान किया है, जिसमें उन्होंने कई दिग्गजों को जगह दी है। हालांकि, अमला ने भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा को टीम में शामिल नहीं किया, जिससे भारतीय फैंस काफी हैरान हैं। वहीं, दूसरी तरफ टी-20 फार्मेट की बात आने पर अमला ने रोहित को अपना नंबर-1 खिलाड़ी बताया है। एक पाडकास्ट पर बातचीत के दौरान अमला ने अपनी वनडे इलेवन का खुलासा किया। उन्होंने ओपनिंग जोड़ी के रूप में सचिन तेंदुलकर और एडम गिलक्रिस्ट का चयन किया। तीसरे नंबर पर विराट कोहली, जबकि चौथे पर ब्रायन लारा को रखा गया। अमला के मुताबिक, कोहली की निरंतरता और लारा की क्लास दोनों उन्हें इस सूची में अनिवार्य बनाते हैं।श पांचवें नंबर पर उन्होंने अपने साथी और मित्र एबी डिविलियर्स को रखा। वहीं, जैक कैलिस को नंबर छह और महेंद्र सिंह धोनी को विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में सातवें नंबर पर जगह दी। गेंदबाजी विभाग में अमला ने दो महान स्पिनरों मुथैया मुरलीधरन और शेन वार्न को शामिल किया। तेज गेंदबाजी के लिए उन्होंने वसीम अकरम और डेल स्टेन को चुना। अमला की वनडे इलेवन इस प्रकार है: सचिन तेंदुलकर, गिलक्रिस्ट, कोहली, लारा, एबी डिविलियर्स, जैक कैलिस, एमएस धोनी कि शेन वार्न, मुथैया मुरलीधरन, वसीम अकरम, डेल स्टेन। सबसे हैरानी की बात यह रही कि अमला ने रोहित शर्मा को इस टीम में शामिल नहीं किया। रोहित वनडे इतिहास में तीन दोहरे शतक लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं और उनके नाम वनडे का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर (264 रन) भी दर्ज है। हालांकि, वनडे में रोहित को बाहर करने वाले अमला ने टी-20 क्रिकेट में रोहित की तारीफों के पुल बांध दिए। उन्होंने कहा कि रोहित अब भी मेरे पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्हें खेलते देखना एक खुशी की बात है। उनके शाट्स में सहजता और क्लास है। रोहित शर्मा ने 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इस फार्मेट से संन्यास ले लिया था। उनके बाद विराट कोहली ने भी टी-20 क्रिकेट को अलविदा कहा। टी-20 के लिए अमला ने तीन पसंदीदा बल्लेबाजों के नाम बताए। उन्होंने रोहित शर्मा, क्लासेन (दक्षिण अफ्रीका) और सूर्यकुमार यादव (भारत) के नाम लिए। अमला ने सूर्या की 360 डिग्री बल्लेबाजी और क्लासेन की पावर-हिटिंग की भी जमकर तारीफ की।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड ने विंडीज को नौ रनों से हराया

**नेल्सन, वार्ता।** डेवोन कॉन्वे (56) और डैरिल मिचेल (41) की शानदार बल्लेबाजी के बाद जेकब डफी और ईश सोढ़ी (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम न्यूजीलैंड ने तीसरे टी-20 के रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज पर नौ रनों से जीत दर्ज की। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली हैं। ईश सोढ़ी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। वेस्टइंडीज 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय 12-3 ओवर में 88 रन पर आठ विकेट खो गंवा चुकी थी और उसकी हार निश्चित नजर आ रही थी। ऐसे संकट के समय शमर स्प्रिंगर और रोमारियो शेफर्ड की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर ली।

### पाक ने द. अफ्रीका को हराया और सीरीज भी जीती

**फैसलाबाद, वार्ता।** अबरार अहमद (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद सैम अयूब (77) और मोहम्मद रिजवान (नाबाद 32) के शानदार प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 149 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका को 37-5 ओवर में 143 रन के स्कोर पर समेटने के बाद पाकिस्तान ने 25-1 ओवर में तीन विकेट पर 144 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फखर जमान (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए बाबर आजम ने सैम अयूब के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़े। इसी दौरान 11वें ओवर में बाबर (27) रनआउट हुए।

# श्रीमंत झा ने हंगरी पैरा आर्म रेसलिंग वर्ल्ड कप में जीता सिल्वर

● **श्रीमंत झा ने अपनी इस उपलब्धि को भारत माता के वीर शहीद जवानों को समर्पित किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के गौरव श्रीमंत झा ने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने हंगरी के रेप्सेलक शहर में आयोजित हंगरी पैरा-आर्म रेसलिग वर्ल्ड कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में श्रीमंत झा ने रोमांचक मुकाबले में हंगरी के जानोस नागी को हराकर फाइनल में स्थान बनाया और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सिल्वर मेडल जीता। श्रीमंत झा ने अपनी इस उपलब्धि को भारत माता के वीर शहीद जवानों को समर्पित किया है।उन्होंने कहा कि मेरी हर जीत देश के उन वीर जवानों के लिए है जिन्होंने अपनी जान देश की सुरक्षा में न्योछावर की। यह सिल्वर मेडल मैं उन सभी शहीदों को समर्पित करता हूं। हंगरी पैरा-आर्म रेसलिग वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन 7 से 9 नवम्बर 2025 तक रेप्सेलक शहर में हुआ। इस प्रतियोगिता में श्रीमंत झा ने अपनी ताकत, तकनीक और धैर्य का शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक पहुंचकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। झा दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन पैरा-आर्म रेसलर हैं। अब तक उन्होंने भारत के लिए 60 अंतर्राष्ट्रीय मेडल जीतकर नयाइतिहास रचा।

# आकाश ने 8 गेंद में लगातार 8 छक्के मारे




● **11 बॉल में फास्टेस्ट फिफ्टी बनाई, युवराज सिंह शास्त्री का रिकॉर्ड तोड़ा, रणजी में रचा इतिहास**

**सूरत, वार्ता।** लगातार 6 छक्कों के रिकॉर्ड के बारे में आपने सुना ही होगा। 2008 में युवराज सिंह ने टी-20 वर्ल्डकप में लगाए थे। रवि शास्त्री भी रणजी ट्राफी में लगा चुके हैं। अब एक नया रिकॉर्ड बना है। सिर्फ ओवर में छह छक्के नहीं लगे। ओवर समेत आठ गेंदों पर लगातार आठ छक्के मारे गए। क्रिकेट के इतिहास का यह बड़ा रिकॉर्ड रविवार को सूरत में रणजी ट्राफी के मैच में बना। यह कारनामा किया है मेघालय के बल्लेबाज आकाश कुमार चौधरी ने।

25 साल के आकाश ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 14 बाल पर नाबाद 50 रनों की पारी खेली। इसी के साथ वे फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे तेज 11 बाल पर अर्द्धशतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। आकाश ने इंग्लैंड के वेन नाइट के 12 बाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। फर्स्ट क्लास में सबसे तेज फिफ्टी आकाश चौधरी ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड बनाया है। इससे सबसे तेज फर्स्ट-क्लास अर्द्धशतक का रिकॉर्ड इंग्लिश काउंटी क्रिकेट टीम लीसेस्टरशायर के वेन नाइट के नाम था, जिन्होंने 2012 में 12 गेंदों पर 50 रन बनाए थे। श्रीलंका के क्लाइव इनमैन ने 1965 में 13 गेंदों पर अर्द्धशतक जमाया था। समय के लिहाज से वे सबसे तेज फिफ्टी लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। आकाश ने 9 मिनट में यह अर्द्धशतक बनाया, जबकि इनमैन ने सिर्फ 8 मिनट में 50 रन पूरे किए थे। 6 बाल पर 6 छक्के लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी आकाश फर्स्ट क्लास क्रिकेट में लगातार 6 बाल पर 6 सिक्स लगाने वाले तीसरे ही प्लेयर बने। सबसे पहले गैरी सोबर्स ने 1968 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में एक ओवर में लगातार छह छक्के मारे थे। उन्होंने यह कारनामा ग्लैमरगन और नाटिंघमशायर के बीच मैच में मैल्कम नैश के एक ओवर में किया था। फिर 1984-85 में रवि शास्त्री ने यह कारनामा किया। स्टुअर्ट ब्राड के ओवर में युवराज सिंह ने 6 छक्के लगाए थे 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ युवराज सिंह ने 6 छक्के लगाए थे। उन्होंने एंड्रयू फ्लिंटाफ से बहस के बाद स्टुअर्ट ब्राड के ओवर की लगातार 6 बाल पर 6 छक्के जड़े थे।

# सबालेंका को हराकर एलेना रयबाकिना ने जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब

**रियाद, वार्ता।** विश्व की नवम्बर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को हराकर कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब अपने नाम किया। यह इस वर्ष की आखिरी प्रतियोगिता में उनकी पहली जीत है। 2022 की विबलडन चैंपियन रयबाकिना का अपने करियर का यह दूसरा सबसे बड़ा खिताब हैं। शनिवार रात खेले गए एकल वर्ग के फाइनल में कड़े मुकाबले में एलेना ने बेलारुस की सबालेंका को 6-3, 7-6 से हराकर चैंपियन बनी। यह कजाकिस्तान की दुनिया की नंबर 6 खिलाड़ी रयबाकिना की सीजन के आखिर में लगातार 11वीं जीत है। मैच के बाद रयबाकिना ने कहा कि यह एक अविश्वसनीय हफ्ता रहा है। उन्होंने फाइनल में अपनी सर्विस पर मिले सभी पांच ब्रेक पॉइंट्स बचाए। ईमानदारी से कहूं तो मुझे इस तरह के किसी नतीजे की उम्मीद नहीं थी। इतनी दूर तक जाना, यह बस अविश्वसनीय है। ये बेहद कड़ा मुकाबला था।

# बड़े बदलाव की तैयारी! संजू के बदले जडेजा






● **जडेजा और सैमसन दोनों ही 18 करोड़ रुपयें के खिलाड़ी और अब तक यह सौदा पक्का हो चुका होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रवींद्र जडेजा के बदले संजू सैमसन - एक ऐसी संभावना जिसे कभी आईपीएल हलकों में न केवल दूर की कौड़ी बल्कि पूरी तरह असंभव माना जाता था, अब अटकलें नहीं रह गई हैं। पिछले कुछ दिनों में व्यापार समझौते पर सक्रिय बातचीत शुरू हो गई है। यह अभी भी, जैसा कि अमेरिका में कहा जाता है, एक निश्चित सौदा नहीं है। लेकिन क्रिकबज इस बात की पुष्टि कर सकता है कि चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स इस व्यापार पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। क्रिकबज ने 7 नवम्बर को इस संभावना के बारे में बताया था। जडेजा और सैमसन दोनों ही 18 करोड़ रुपए के खिलाड़ी हैं और अब तक यह सौदा पक्का हो चुका होगा। हालांकि, समझा जाता है कि राजस्थान रॉयल्स अभी सीधे अदला-बदली के लिए तैयार नहीं है। माना जा रहा है कि फ्रेंचाइजी किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल करने पर जोर दे रही है, जो अंततः पेच का कारण बन सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि रॉयल्स प्रबंधन ने कुछ अन्य फ्रेंचाइजी- जैसे सनराइजर्स हैदराबाद- को भी चुना है, इसके अलावा लखनऊ सुपर जायंट्स, दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमों के साथ अपने संवाद के चैनल खुले रखे हैं। ऐसा समझा जाता है कि सीएसके-आरआर सौदे में सबसे बड़ी बाधा दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस की मांग है, जो पिछले सीजन के बीच में सीएसके में शामिल हुए थे। तब से, यह दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी वैश्विक फ्रेंचाइजी सर्किट में शीर्ष बल्लेबाजों में से एक बन गया है। सितम्बर में दक्षिण अफ्रीका 20 नीलामी में प्रिटोरिया कैपिटल्स ने भी उन्हें रिकॉर्ड बोली में शामिल किया था, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स की सहायक कंपनी जोहान्सबर्ग सुपर किंग्स विजई बोली से पहले ही पीछे हट गई थी। क्रिकबज द्वारा पिछले कुछ दिनों में दी गई रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान रॉयल्स के ब्रिटेन स्थित प्रमुख मालिक मनोज बडाले, जो वर्तमान में मुंबई में हैं, उनकी बातचीत का नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि, पता चला है कि चेन्नई सुपर किंग्स अपने रुख पर अडिग है - उनका इस सौदे में किसी और खिलाड़ी को शामिल करने का कोई इरादा नहीं है, ब्रेविस की तो बात ही छोड़ दें। सीएसके की ओर से ऐसा माना जा रहा है कि जडेजा, जो इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक हैं, को छोड़ना अपने आप में एक बड़ा खुलासा है। हालांकि, ऐसा माना जा रहा है कि फ्रेंचाइजी ने व्यापार वार्ता शुरू करने से पहले 36 वर्षीय अनुभवी ऑलराउंडर से सलाह-मशविरा किया है। फ़िलिहाल, स्थिति यह है कि गेंद राजस्थान रॉयल्स के पाले में है। सनराइजर्स के सूत्रों के अनुसार, हैदराबाद की टीम सैमसन को लेकर जडादा उत्साहित नहीं है।

# भगवान महाकालेश्वर की भस्म आरती में शामिल हुई दीप्ति शर्मा

**उज्जैन, वार्ता।** हाल ही में महिला क्रिकेट विश्व कप जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाली भारतीय क्रिकेट टीम की सदस्य दीप्ति शर्मा ने रविवार तड़के विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर मंदिर में आयोजित भस्म आरती में भाग लिया। उन्होंने आरती के दौरान भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देश की समृद्धि व टीम इंडिया की सफलता के लिए बाबा महाकाल का धन्यवाद किया। दीप्ति शर्मा प्रातःकाल मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने पारंपरिक तरीके से आरती में सम्मिलित होकर श्रद्धाभाव से दर्शन किए। आरती के समय मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और सभी ने भारतीय टीम की खिलाड़ी का गर्मजोशी से स्वागत किया। दर्शन उपरांत मंदिर समिति की ओर से उप प्रशासक श्री एसएन सोनी ने दीप्ति शर्मा का स्वागत एवं सत्कार किया। उन्हें भगवान महाकालेश्वर का प्रसाद, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर श्री सोनी ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने हाल ही में विश्व कप जीतकर देश का मान बढ़ाया है, और यह देश के लिए गर्व की बात है कि टीम की सदस्य महाकाल बाबा के दरबार में आशीर्वाद लेने पहुंचीं। दीप्ति शर्मा ने भी महाकाल मंदिर के दर्शन को अपने जीवन का विशेष अनुभव बताया और कहा कि यहां आकर उन्हें अपार ऊर्जा और शांति की अनुभूति हुई। उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल से उन्होंने भारतीय टीम की निरंतर सफलता और देशवासियों के कल्याण की प्रार्थना की है।

### टीम 'ड्राइव स्क्वाड' ने पहले दिन जीता सम्मान

**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम ड्राइव स्क्वाड ने कुतुब गोल्फ लीग के दूसरे संस्करण के पहले दिन 22-5 अंकों के साथ बढ़त हासिल कर सुर्खियां बटोरीं। यह लीग शनिवार को भारत के पहले सार्वजनिक गोल्फ कोर्स, क्यूजीसी में शुरू हुई। सभी लड़कियों की टीम 'चार्लीज एंजल्स' 18 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि टीम 'आइकन्स' 16 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। गत विजेता 'स्विगिग शेर्स' कुल 13-5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रही। 'ड्राइव स्क्वाड' टीम के लिए, भव्य मान, अमित व ध्रुव की तिकड़ी ने 2-5-2-5 अंक हासिल किए।




### लियोनल मेसी ने इंटर मियामी को कॉन्फ्रेंस सेमीफाइनल में पहुंचाया

**मियामी, वार्ता।** लियोनेल मेसी और तादेओ अलेंदे के दो-दो गोल की बदौलत इंटर मियामी ने शनिवार को अपने प्लेऑफ सीरीज के निर्णायक मैच में नैशविले को 4-0 से हराकर एमएलएस ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता मेसी ने 10वें मिनट में मेजबान टीम को बढ़त दिलाई जब उन्होंने 20 गज की दूरी से ड्रिबल किया और फिर पेनल्टी एरिया के किनारे से गोल दागा। मेसी ने माटेओ सिल्वेटी के शॉट के बाद 18 गज की दूरी से साइड-फुटिग कर गोल करके बढ़त दोगुनी कर दी। मेजबान टीम ने अलेंदे की मदद से स्कोर 3-0 कर दिया, जिन्होंने जोर्डी अल्बा के कट-बैक के बाद गोलकीपर जो विलिस को छकाते हुए पहला प्रयास किया। सेल्टा विगो के लोन पर आए अलेंदे ने 76वें मिनट में मेसी की सटीक थ्रू बॉल पर विलिस के ऊपर से शॉट मारकर टीम को जीत दिलाई। इस परिणाम के साथ इंटर मियामी ने 2-1 से सीरीज जीत ली।

# विश्व चैंपियन गुकेश बाहर, तीन भारतीय टाई ब्रेक में भिड़ेंगे




● **हरिकृषणा ने बेल्जियम के ग्रैंड मास्टर डेनियल के खिलाफ एक ड्रा खेलने के बाद अगले दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने**

**पणजी, वार्ता।** ग्रैंडमास्टर आर-प्रज्ञानंदा ने बीच के गेम में मिली मामूली बढ़त का पूरा फायदा उठाते हुए आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर रॉबर्ट होवहानिस्यान को हरा दिया। इस तरह चार भारतीयों ने शनिवार को यहां जारी फ़िडि विश्व कप 2025 के चौथे राउंड में जगह पक्की कर ली, जबकि विश्व चैंपियन गुकेश डी-हारकर बाहर हो गए।

प्रज्ञानंदा, जिन्हें तीसरे राउंड में पहुंचने के लिए लंबा टाईब्रेक खेलना पड़ा और फिर काले मोहरों से पहला गेम ड्रॉ करना पड़ा, खुद को मुश्किल स्थिति में पा गए क्योंकि ऐसा लग रहा था कि होवहानिस्यान ने भारतीय की शुरुआती बढ़त को खत्म कर दिया है। लेकिन तीसरे सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय खिलाड़ी के पास एक स्पष्ट रणनीति थी और उन्होंने 27वीं चाल में अपनी रानी और हाथी के साथ काले मोहरों के राजा पर दबाव बनाकर मैच पर नियंत्रण कर लिया। आर्मेनियाई खिलाड़ी ने अंततः 42 चालों के बाद हार मान ली। कुल 10 भारतीय खिलाड़ी फ़िडे विश्व कप 2025 के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। यह सिगल-एलिमिनेशन नॉक-आउट टूर्नामेंट है जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित विश्वनाथन आनंद कप के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसका नाम इस भारतीय दिग्गज के नाम पर रखा गया है। सफ़ेद मोहरों से पहला गेम जीतने वाले हरिकृष्णा ने बेल्जियम के ग्रैंडमास्टर डैनियल दर्जा के खिलाफ एक त्वरित ड्रॉ खेलने के बाद अगले दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। इसके तुरंत बाद ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और विश्व जूनियर चैंपियन ग्रैंडमास्टर प्रणव वी भी उनके साथ आ गए, जिन्होंने भी काले मोहरों से खेलते हुए जोखिम नहीं उठाया और अंक बांट लिए। प्रतियोगिता में सर्वोच्च वरीयता प्राप्त विदेशी खिलाड़ी अनीश, ग्रैंडमास्टर अलेक्जेंडर के खिलाफ काले मोहरों से 47 चालों में दूसरा गेम हारने के बाद बाहर हो गए। विश्व चैंपियन गुकेश - फ्रेडरिक स्वेन के खिलाफ तीसरे दौर का मैच हार गए। काले मोहरों से पहला गेम ड्रॉ होने के बाद, भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में जीत की कोशिश की, लेकिन स्वेन न केवल समय के दबाव से उबरने में कामयाब रहे।

# वायु सेना का अदम्य साहस

रविवार को भारतीय वायुसेना ने अपना 93वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर देश की वायुसेना की ताकत देखने को मिली। ब्रह्मपुत्र नदी पर राफेल, सुखोई और तेजस ने 75 विमानों के साथ 25 अद्भुत कारनामे दिखाए। इस समारोह के लिए गुवाहाटी को चुना गया था, जहां विमानों की गर्जना से आसमान ने स्वागत किया, तो ब्रह्मपुत्र नदी का पानी कलरव करने लगा। वायुसेना ने यहां अदम्य साहस का परिचय दिया। अक्टूबर 2025 में आए एक वर्ल्ड डायरेक्टरी आफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट (डब्ल्यूडीएमएमए) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय वायुसेना (आईएएफ) अब अमेरिका और रूस के बाद दुनिया की तीसरी सबसे ताकतवर वायुसेना बन गई है। भारत ने वायुसेना की ताकत के मोर्चे पर चीन को पीछे छोड़ दिया है। गुवाहाटी एयर शो का आयोजन पूर्वोत्तर क्षेत्र में सुरक्षा और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह प्रदर्शन भारतीय वायुसेना की सैन्य सक्षमता, फुर्ती और रणनीतिक ताकत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिखाने का अवसर भी प्रदान करता है। वायुसेना ने इस मौके पर लोगों को एयर डिफेंस, आधुनिक लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टरों की क्षमता के बारे में जानकारी दी। दर्शकों ने राफेल और सुखोई जैसे एडवांस्ड लड़ाकू विमानों की तेज और सटीक उड़ान का लाइव अनुभव किया। यह प्रदर्शन भारतीय वायुसेना की उच्च तकनीकी क्षमता, युद्धक कौशल और सटीकता का प्रतीक बना। आजादी के बाद से ही भारतीय वायुसेना पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के साथ चार युद्धों व चीन के साथ एक युद्ध में अपना योगदान दे चुकी है। अब तक इसने कई बड़े मिशनों को अंजाम दिया है जिनमें ऑपरेशन विजय – गोवा का अधिग्रहण, ऑपरेशन मेघदूत, ऑपरेशन कैक्टस व ऑपरेशन पुमलाई शामिल है। ऐसें कई विवादों के अलावा भारतीय वायुसेना संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन का भी सक्रिय हिसा रही है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय वायु सेना के कमांडर इन चीफ के रूप में कार्य करते है। भारतीय वायु सेना में किसी भी समय एक से अधिक एयर चीफ मार्शल सेवा में कभी नहीं होते। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है एवं 2006 के आंकड़ों के अनुसार इसमें कुल मिलाकर 170,000 जवान एवं 1,350 लड़ाकू विमान हैं, जो इसे दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वायुसेना होने का दर्जा दिलाती है। दुनिया में एक से बढ़कर एक हथियार बन चुके हैं। हालांकि फाइटर जेट किसी भी युद्ध की दशा और दिशा बदलने की ताकत रखते हैं। जिस देश के पास जितना शक्तिशाली फाइटर जेट, वो देश उतना ही शक्तिशाली। भारत खुद का तेजस बना चुका है। तेजस अभी दुनिया के टॉप 10 खतरनाक फाइटर जेट्स में शामिल नहीं है, लेकिन भविष्य में उसके अपडेटेड मॉडल इसमें शामिल हो सकते हैं। स्वदेशी आधुनिक लड़ाकू विमान एलसीए तेजस मार्क-2 के 2025 में अपनी पहली उड़ान भरने की संभावना है। यह विमान स्टेल्थ तकनीक पर आधारित होगा। यह 5.5 पीढ़ी का लड़ाकू विमान होगा। भारत इसके 2040 तक भारतीय वायुसेना में शामिल करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। यह दो इंजनों वाला बहुउद्देशीय विमान होगा.। भारत इस दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इसके बावजूद भारत के पास अभी दुनिया के 2 सबसे खतरनाक फाइटर जेट्स हैं।


## नेहरू को केवल चीन युद्ध से न आंका जाए



जैसे भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सिर्फ चीन युद्ध की हार से नहीं आंका जा सकता या इंदि. रा गांधी को केवल आपातकाल से नहीं, वैसे ही आडवाणी के लंबे राजनीतिक जीवन को भी एक घटना तक सीमित कर देना अनुचित है, आडवाणीका लो. कसेवा के प्रति समर्पण, विनम्रता और ईमानदारी देश के लिए प्रेरणा है, नेहरूजी के पूरे करियर को चीन की हार से नहीं आंका जा सकता, न ही इंदिरा गांधी को सिर्फ आपातकाल से, इसी तरह, हमें यही दृष्टिकोण आडवाणी जी के साथ भी अपनाना चाहिए, उनके लंबे सार्वजनिक जीवन को सिर्फ एक घटना से आंकना गलत है।

-शशि थरूर
कांग्रेस सांसद

# बिहार से न्यूयॉर्क तक नफरत भरे भाषण इस्लामोफोबिया चुनावी आख्यानों पर हावी





एम हसन

पटना और न्यूयॉर्क के बीच की दूरी 13,850 किलोमीटर होने के बावजूद, अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ खड़े राजनीतिक दलों की राजनीतिक सोच एक जैसी है। न्यूयॉर्क में जोहरान ममदानी और बिहार में महागठबंधन के नेताओं के साथ हो रहे नस्लवादी और सांप्रदायिक दुर्व्यवहार ने साबित कर दिया है कि दुनिया भर में कट्टरता कितनी सामान्य हो गई है। लंदन के मेयर सादिक खान के साथ भी यही स्थिति है।

अगर नमक हराम, बुर्का और घुसपैठिया बिहार चुनावों में इस्लामोफोबिया पैदा करने वाले नफरत भरे कारक हैं, तो न्यूयॉर्क भी हाल ही में संपन्न हुए प्रतिष्ठित मेयर चुनाव में पीछे नहीं रहा, जिसमें एक भारतीय-अमेरिकी मुस्लिम जोहरान ममदानी ने अभूतपूर्व रूप से एप्पल सिटी के राजनीतिक वंश को सत्ता से बेदखल कर दिया। ममदानी का मेयर पद का चुनाव अनियंत्रित इस्लामोफोबिया से प्रभावित रहा और इसके जल्द खत्म होने की संभावना नहीं है। जबकि बिहार में एक कार्टून में दिखाया गया था कि कांग्रेस की एक बस घुसपैठियों और बुर्का पहने महिला से भरी हुई चुनाव के लिए बिहार जा रही है, न्यूयॉर्क में एक कार्टून में लाल रंग के विमान जिस पर ममदानी लिखा था, को एक टावर की ओर जाते हुए दिखाया गया था आतंकवादियों द्वारा 9/11 ट्विन टावर दुर्घटना की याद दिलाते हुए।

पटना और न्यूयॉर्क के बीच की दूरी भले ही 13,850 किलोमीटर है, लेकिन एक समुदाय के खिलाफ खड़े सभी राजनीतिक दलों की राजनी. तिक सोच एक जैसी है। न्यूयॉर्क में जोहरान ममदानी और बिहार में महागठबंधन के नेताओं को अभी भी जिस नस्लवादी और सांप्रदायिक दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है, उसने साबित कर दिया है कि दुनिया भर में कट्टरता कितनी सामान्य हो गई है। लंदन के मेयर सादिक खान के साथ भी यही स्थिति है।

ममदानी वास्तव में नस्लवादी हमले का सामना करने वाले अकेले नहीं थे। 2008 में, तत्कालीन डेमोक्रेट राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बराक हुसैन ओबामा यह जानकर हैरान रह गए कि वह मुस्लिम हैं। ओबामा के मुस्लिम होने की अफवाहें उड़ीं, जो उनके अभियान के मीडिया कवरेज का एक महत्वपूर्ण पहलू बन गईं। ओबामा के विरोधियों ने उनकी धार्मिक पृष्ठभूमि पर संदेह जताया और पूछा कि अगर उन्हें पता चले कि डेमोक्रेट को हमास का समर्थन प्राप्त है तो वे कैसे वोट देंगे हालांकि, इस मामले को सुलझाने के लिए, पूर्व विदेश मंत्री कॉलिन पॉवेल, जो उस समय डेमोक्रेट पार्टी में शामिल हो गए थे, ने जोर देकर कहा कि ष्ओबामा मुसलमान नहीं हैं और एक सभ्य पारिवारिक व्यक्ति हैं। वह एक ईसाई हैं। वह हमेशा से ईसाई रहे हैं। फिर भी, पॉवेल ने आगे कहा, ष्अगर ओबामा मुसलमान होते तो क्या होता? क्या इस देश में मुसलमान होने में कोई बुराई है? जब उनका मध्य नाम, हुसैन, एक राजनीतिक हथियार बन गया, तो ओबामा ने खुद को इससे दूर कर लिया। बराक ओबामा विविधता का स्वीकार्य, भयरहित चेहरा बन गए। आकांक्षी, लेकिन सतर्क।

उन्होंने शायद ही कभी अपनी मुस्लिम पृष्ठभूमि का हवाला दिया, आशा की एक व्यापक, रंगभेदी कहानी को चुना। ममदानी एक अलग युग का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक ऐसा युग जो तालमेल बिठाने में कम और दृढ़ रहने में अधिक रुचि रखता था। जब उनका मध्य नाम विरोधियों के मुंह में कलंक बन गया, तो ओबामा ने ध्यान हटा लिया। ममदानी अपना नाम तब तक धीरे-धीरे उच्चारित करते हैं जब तक कि दूसरे उसे सही नहीं बोल लेते। ओबामा मुस्लिम चश्मे से देखे जाने से बचते रहे। ममदानी कहते हैं कि मुस्लिम होना, अफीका में जन्मा होना और दक्षिण एशियाई होना कहानी है, बोझ नहीं।

हालांकि, ममदानी की सफलता ने न्यूयॉर्क या कहीं और इस्लामोफोबिया को खत्म नहीं किया है अपने प्रभावशाली विजय भाषण में, न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर ने घोषणा की कि अब न्यूयॉर्क ऐसा शहर नहीं रहेगा जहां आप इस्लामोफोबिया का लाभ उठाकर चुनाव जीत सकें। बिहार की बात करें तो, क्या 11 नवंबर को दूसरे चरण के मतदान में जाने वाले राज्य के मतदाता न्यूयॉर्क सिटी से कोई सबक लेंगे? इसकी संभावना बहुत कम है। जैसे-जैसे बिहार में दूसरे चरण का प्रचार जोर पकड़ रहा है, राजनीतिक विमर्श में एक चिंताजनक पैटर्न उभर रहा है। राज्य का राजनीतिक विमर्श नाटकीय रूप से बदल गया है। नफरत फैलाने वाले भाषण, जो कभी चुनावी बयानबाजी का एक मुख्य विषय हुआ करते थे, अब केंद्र में आ गए हैं और रैलियों, सोशल मीडिया और आधिकारिक प्रचार सामग्री के जरिए और भी ज्यादा बढ़ गए हैं। विकास और शासन की भाषा की जगह धीरे-धीरे धर्म, जाति और ष्घुसपैठियोंष जैसे आक्षेपों ने ले ली है, जिससे नागरिक समाज समूहों में चिंता बढ़ गई है।

नफरत पर नजर रखने वाले एक समूह, सिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस (सीजेपी) ने हाल ही में एक रिपोर्ट में धार्मिक और जातिगत समुदायों को निशाना बनाकर नेताओं की टिप्पणियों का एक स्पष्ट पैटर्न दर्ज किया है। इसने नमक हराम टिप्पणी को पक्षपातपूर्ण निष्ठा के माध्यम से नागरिकता को परिभाषित करने का प्रयास बताया, एक ऐसी रेखा जो कल्याण प्राप्तकर्ताओं और राजनीतिक समर्थकों के बीच के अंतर को धुंधला कर देती है। पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह पैटर्न स्पष्ट है। प्रत्एक टिप्पणी संदेह के माहौल को मजबूत करती है, जहां पहचान ही निष्ठा निर्धारित करती है। उत्तर भारत की चुनावी राजनीति में लंबे समय से इस्तेमाल किया जाने वाला घुसपैठिया शब्द बिहार के चुनावी जिलों में नए सिरे से प्रभावी हो गया है। और सोशल मीडिया द्वारा हर नारे को एक साझा करने योग्य मीम में बदलने के साथ, आक्रोश और प्रवर्धन का बिहार का चुनावी इतिहास जातिगत गौरव और धार्मिक विभाजन की अपीलों से भरा पड़ा है। इस बार जो बदला है, वह है प्रचार का पैमाना और गति। डिजिटल प्रचार का ढांचा व्हाट्सएप फॉरवर्ड, एआई-जनरेटेड पोस्टर और एल्गोरिथम माइक्रो-टारगेटिंग यह सुनिश्चित करता है कि विभाजनकारी सामग्री चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया से पहले ही तेजी से फैल जाए, लेकिन 14 नवंबर जिस दिन नतीजे घोषित होंगेकृही बताएगा कि यह विभाजनकारी हथकंडे कारगर रहे या नहीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्टार प्रचारकों के स्ट्राइक रेट में सबसे आगे आदित्यनाथ

**योगी ने बिहार में सीतामढ़ी, परिहार, पिपरा, सीवान, वैशाली, भोजपुर, राघोपुर, मोतिहारी, पिंपरी, अत्री, रक्सौल, मोहीउद्दीन नगर, सिकटी, नरपतगंज, छातापुर, समस्तीपुर, चंपारण सहित 28 सभाओं में श्रोताओं को न केवल रोमांचित किया, उन्हें बिहार और पूरे देश में भाजपा क्यों जरूरी है, यह अच्छे से बताया भी। योगी ने जितनी भी सभाएं बिहार विधानसभा चुनाव में की उसमें कितनी सीटें एनडीए जीत पाएगी, यह 14 को ही पता चलेगा लेकिन चुनाव प्रचार के आखिरी दिन जब चुनाव नतीजों पर चर्चा शुरू हुई तो इसमें यह खास था कि एनडीए सबसे बेहतर प्रदर्शन उन क्षेत्रों में करने जा रही है जहां यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की सभा हुई।**



यशोदा श्रीवास्तव

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बात को लेकर भी चर्चा है कि किस स्टार प्रचारक का स्ट्राइक रेट कैसा होगा? मतलब विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन हो या इंडिया गठबंधन, गठबंधन में शामिल अन्य दलों के स्ट्राइक रेट की चर्चा तो होती है लेकिन स्टार प्रचारकों के स्ट्राइक रेट पर पहली बार चर्चा सुनी गई। इसका मतलब यह है कि किसी भी दल के स्टार प्रचारक ने कितने क्षेत्रों में सभाएं की और इनमें कितनी सीटें जिता पाया?

बता दें कि चुनाव में सभी दलों की स्टार प्रचारकों की लंबी सूची तय होती है। ए अपने अपने दलों के उम्मीदवार के पक्ष में सभाएं करते हैं। सभाएं आयोजित करने में जो खर्च आता है वह पार्टी वहन करती है न कि प्रत्याशी। बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार देखा गया कि यूपी की समाजवादी पार्टी ने जिसका एक भी उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ रहा था, उसने भी इंडिया गठबंधन के लिए स्टार प्रचारकों को नामित किया और पूरे बिहार में जमकर प्रचार किया और सभाएं की। सपा के स्टार प्रचारकों में स्वयं अखिलेश यादव की सभाओं में खूब भीड़ उमड़ी। सांसद इकरा हसन ने भी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए सभाएं की। निसंदेह उनकी सभाएं भी बहुत अच्छी रही। इस तरह सभी दलों के स्टार प्रचारकों ने अपने अपने दलों के उम्मीदवारों के लिए खूब सभाएं की।

रविवार को जब शाम छह बजे आखिरी चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार थमा तो स्टार प्रचारकों के स्ट्राइक रेट पर चर्चा शुरू हो गई। सभी के अपने अपने दावे थे लेकिन चर्चा के केंद्र बिंदु में मुख्य रूप से यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ थे। लोग पूरे आत्मविश्वास से कह रहे थे कि योगी आदित्यनाथ ने जितनी सभाएं की है, उसमें दो तिहाई सीटों पर एनडीए उम्मीदवार की जीत पक्की है। कुछ लोग तो यहां तक कह रहे कि योगी की करीब 28 सभाओं में से 25 पर एनडीए की जीत होगी।योगी ने बिहार विधानसभा चुनाव में करीब 28 सभाएं की। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन यानी रविवार को भी योगी आदित्यनाथ ने सीता मढ़ी समस्तीपुर और चंपारण में एनडीए के लिए सभाएं की। इसके पहले वे बिहार में 24 सभाएं कर चुके थे। योगी की सभी सभाओं में भीड़ अपरंपार थी। उनकी कई सभाओं में लोग बुलडोजर लेकर पहुंचे। भीड़ में से श्रोता जोर जोर से नारा लगाते सुने गए, बुलडोजर बाबा बिहार आओ,हम आपके साथ हैं। योगी ने अपनी हर सभाओं की शुरुआत जय राम से की। उन्होंने समूचे इंडिया गठबंधन को राम द्रोही और अपराधियों का समर्थक बता कर खूब वाहवाही लूटी। स्वर्गीय सहाबुद्दीन के बेटे ओसामा सहाब के बहाने आरजेडी पर खूब निशाना साधा। एनडीए के सभी बड़े स्टार प्रचारकों ने लालू यादव के पूर्व शासन को जंगल राज बताया लेकिन यही बात जब योगी अपनी सभाओं में कहते तो उनके अंदाज से लोग जोश से भर जाते। चारा घोटाले को लेकर भी योगी खूब मुखर रहे। कांग्रेस को उन्होंने अपने सभी सभाओं में छठ माता का अपमान करने वाला बताया। योगी की सभाओं में उमड़ती भीड़ देख एनडीए उम्मीदवारों में योगी की सभाओं को लेकर होड़ लग गई। सभी उम्मीदवार अपने क्षेत्रों में योगी की सभा चाहते थे। योगी आदित्यनाथ ने दरभंगा की रैली में महागठबंधन के तीन बड़े नेताओं को पप्पू,टप्पू और गप्पू कहकर उनका जो मजाक उड़ाया वह पूरे बिहार में एनडीए समर्थको में खूब लोकप्रिय हुआ। योगी की भाषण शैली आक्रमक रहती ही है और उनके इसी अंदाज को लोग पसंद भी करते हैं। वे लाग लपेट वाली भाषा और भाषण दोनों से दूर रहते हैं। बिहार में उन्होंने अपनी हर सभाओं में बुलडोजर की बात की। उन्होंने कहा यह बुलडोजर ही है जिससे अपराधी और माफिया यूपी में थर थर कांपते हैं। बड़े माफियाओं और अपरा. धियों ने या तो यूपी छोड़ दी है या राम नाम सत्य हो गए। बिहार में भी इस बार बुलडोजर चलेगा। बिहार की धरती से राम, बुद्ध और नालंदा को रेखांकित करते हुए योगी ने राम के आचरण और बुद्ध के ज्ञान तथा नालंदा के शिक्षा को भी अपने भाषणों के केंद्र में प्रमुखता से रखा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वोट चोरीः देश चाहता है राहुल के सवालों के जवाब



तनवीर जाफरी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों सत्ता व चुनाव आयोग की मिलीभगत के कथित नेटवर्क को लेकर काफी आक्रामक हैं। विगत 7 अगस्त से लेकर गत 5 नवंबर तक वे चार बार देश के मीडिया के समक्ष अनेक प्रमाणों सहित सार्वजनिक रूप से यह दावे कर चुके हैं कि चुनाव आयोग सत्ता की कठपुतली के रूप में काम करते हुए श्वोट चोरीश कर रहा है। जिस तरह 7 अगस्त को उन्होंने अपनी इस तरह की पहली प्रस्तुति में कर्नाटक के महादेवपुरा निर्वाचन क्षेत्र को केंद्र में रखते हुए यहां 1,00,250 फर्जी वोट जोड़े जाने का आरोप लगाया था जिसमें 11,956 डुप्लीकेट वोटर, 40,009 अमान्य पते, 10,452 बल्क रजिस्ट्रेशन अर्थात एक ही पते पर 80 लोग , 4,132 अमान्य फोटो , और 33,692 फॉर्म 6 का दुरुपयोग जैसे अनेक गंभीर आरोप लगते हुए कहा था कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर वोट चोरी करते हुए एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत का उल्लंघन कर रहा है। ठीक उसी तर्ज पर उन्होंने पिछली 5 नवंबर को दिल्ली में मीडिया के समक्ष हरियाणा के अक्टूबर 24 के चुनावों में बड़े पैमाने पर हुई कथित धांधली का भी भंडाफोड़ किया। इस बार सुबूतों के साथ चुनाव आयोग पर लगाए गए उनके आरोप और भी अधिक गहरे व गंभीर थे।




उन्होंने यहां आरोप लगाया कि 2024 के राज्य विधानसभा चुनाव में 25 लाख वोट चुराए गए। उन्होंने अपनी इस प्रस्तुति को एच फाइल्स का नाम दिया तथा अपने इन गंभीर रहस्योद्घाटन को सत्ता व चुनाव आयोग के लिए हाइड्रोजन बताया। राहुल गांधी ने दावा किया कि हरियाणा में भी 5,21,619 डुप्लीकेट वोटर पाए गए जबकि 93,174 मतदाताओं के पते अमान्य मिले। इसी तरह 19,26,351 बल्क वोटर पाए गए और 1,24,177 मत ऐसे मिले जिनपर फर्जी फोटो लगाई गई थी। इन्हीं फर्जी फोटो में एक चित्र एकब्राजीलियन मॉडल का भी इस्तेमाल किया गया जिसके फोटो पर 10 अलग अलग बूथों पर अपना नाम बदल बदल कर 22 बार मतदान किया गया था। जब उस ब्राजीलियन मॉडल लैरिसा नेरी को ब्राजील में यह पता लगा कि उस के चित्र का प्रयोग भारत के वोटर लिस्ट में बार बार सीमा, स्वीटी, सरस्वती जैसे 22 अलग अलग नामों के साथ किया गया है तो उसने कहा कि वह इससे पूरी तरह अनजान हैं। उसने एक वीडियो में हैरानी जताते हुए कहा कि दोस्तों, मैं आपको एक मजाक सुनाती हूं यह बहुत भयानक ह। वे भारत में चुनावों के लिए मेरी पुरानी तस्वीर का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें मुझे भारतीय दिखा रहे हैं। यह पागलपन क्या है? मैं कभी भारत नहीं गई हूं। यह अविश्वसनीय है। गोया ब्राजील तक भारतीय चुनाव आयोग की धांधली के डंके बजते सुने जा सकते हैं। इसी तरह एक महिला का चित्र ऐसा भी था जिसे लगाकर 223 बार दो अलग बूथों पर मतदान कराया गया। 5 नवंबर को दिल्ली में H Files के प्रस्तुत करने के बाद राहुल गांधी बिहार की अपनी सभी चुनावी जनसभाओं में केंद्रीय चुनाव आयोग और मोदी सरकार पर कथित वोट चोरी का सार्वजनिक रूप से आरोप लगा रहे हैं। और जनता की ओर से वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए जा रहे हैं। वे हरियाणा की भाजपा सरकार को चोरी की सरकार बता रहे हैं। वे Gen Z का भी वोट चोरी के प्रति सचेत रहने का आह्वान कर रहे हैं। राहुल गांधी के अनुसार सच तो यह है कि नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह जी और चुनाव आयोग, ये तीनों मिलकर संविधान पर हमला कर रहे हैं। संविधान कहता है वन मैन, वन वोट । हरियाणा में यह सिद्धांत नहीं था। वहां वन मैन, मल्टिपल वोट्स हुआ। उन्होंने कहा, वे लोग बिहार में भी यही करने जा रहे हैं। यह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और गुजरात में भी हो चुका है। इस रहस्योद्घाटन के बाद दिल्ली से भी कुछ ऐसे खास लोगों के नाम उजागर हो रहे हैं जिनके पास दिल्ली का भी मतदाता पहचान पात्र है और बिहार का भी। अब लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के इस तरह के अति गंभीर व गहरे आरोपों का जवाब यदि केंद्रीय चुनाव आयोग बिंदुवार तरीके से देने के बजाए केवल उन्हें झुठलाने की कोशिश करे या इन आरोपों को बेबुनियाद कहकर उल्टे राहुल गांधी से ही अपने आरोपों संबंधी हलफनामा दाखिल करने को कहे तो इससे चुनाव आयोग की साख पर सवाल उठना तो लाजिमी है या केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का यह कहना कि हरियाणा में कांग्रेस आपसी फूट के कारण हारी और राहुल अपनी नाकामी को छुपाने के लिए झूठे दावे कर रहे हैं या हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राहुल के दावों दावों को खारिज कर देना निश्चित रूप से राहुल के आरोपों का जवाब नहीं है। आज यदि देश में बिना घर के पते के आधार कार्ड नहीं बन सकता तो मकान नंबर के बिना मतदाता पहचान पत्र कैसे ? यह कौन बताएगा या इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा कि एक ही व्यक्ति की फोटो का उपयोग अनेक जगहों पर कैसे किया गया? एक ही मकान में 100, 50 या 20-20 मतदाताओं के फर्जी नाम कैसे शामिल किए गए जबकि इन फर्जी नामों के लोग वहां रहते ही नहीं? राहुल का यह भी बेहद गंभीर आरोप है कि चुनाव आयोग ने डुप्लीकेट नाम पता व फोटो हटाने का सॉफ्टवेयर होने के बावजूद इस सॉफ्टवेयर को बंद कर दिया अन्यथा चुनाव पूर्व ही सारे डुप्लीकेट चेक हो जाते। क्या यह आरोप चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा नहीं करता ? राहुल का दावा है कि उनके पास और भी कई सबूत हैं और वे इस प्रक्रिया (वोट चोरी का पर्दा फाश) को जारी रखेंगे। सवाल यह है कि आज राहुल को चुनाव आयोग के विरुद्ध इतने संगीन आरोप क्यों लगाने पड़ रहे हैं जिससे पूरे विश्व में न केवल चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा मिट्टी में मिल गई है बल्कि यह सवाल भी खड़ा हो गया है दिल्ली से लेकर विभिन्न राज्यों की सरकारें वास्तव में वही सरकारें हैं जिन्हें जनता द्वारा लंबी लंबी कतारों में घंटों खड़े होकर चुना गया है या फिर उनकी निर्वाचित सरकार चोरी कर ली गई है ? निश्चित रूप से देश का प्रत्येक व्यक्ति जिसे लोकतंत्र व इसकी चुनाव व्यवस्था पर विश्वास है कि वह राहुल के सभी आरोपों के जवाब बिंदुवार चाहता है न कि वह इधर इधर के बहानेबाजी वाले जवाब सुनना चाहता है। यदि राहुल के आरोप गलत और बेबुनियाद हैं तो चुनाव आयोग उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं करता ? देश को राहुल के गंभीर सवालों के गंभीर जवाब चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत-अंगोली मिलकर बनाएंगे मजबूत भविष्य

## राष्ट्रपति मुर्मू बोलीं: अब अंगोला को भी उपलब्ध करा सकते हैं वंदे भारत ट्रेनें

**लुआंडा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत और अंगोला के बीच गहरे और मजबूत संबंध हैं, और दोनों देश अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे का निरंतर समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत अंगोला के अफ्रीका में शांति, सुरक्षा और स्थिरता कायम रखने के प्रयासों की सराहना करता है।



■ लुआंडा में राष्ट्रपति का औपचारिक स्वागत

■ भारत हमेशा संवाद और शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में रहा है: मुर्मू

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत हमेशा संवाद और शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में रहा है। भारत और अंगोला संयुक्त राष्ट्र सहित कई अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। हम दोनों इस बात से सहमत हैं कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार आवश्यक है ताकि यह संस्था और अधिक प्रभावी बन सके। हमें इस दिशा में अंगोला के निरंतर समर्थन की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की 'मेड इन इंडिया' वंदे भारत सेमी हाई-स्पीड ट्रेनें देश के रेल क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसी आधुनिक ट्रेनें अंगोला को भी उपलब्ध करा सकते हैं। वहीं युवा आबादी पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत और अंगोला दोनों देशों में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए यह जरूरी है कि वे भविष्य के लिए जरूरी कौशल हासिल करें। उन्होंने शिक्षा, तकनीक और कौशल विकास के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर बल दिया। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रविवार को अंगोला की राजधानी लुआंडा में औपचारिक स्वागत समारोह में सम्मानित किया गया। इस मौके पर अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको भी मौजूद थे। यह यात्रा भारत और अंगोला के बीच कूटनीतिक संबंधों के 40 साल पूरे होने के मौके पर हो रही है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू की यह यात्रा दोनों देशों के बीच रिश्तों को और मजबूत बनाएगी। यह पहली बार है जब किसी भारतीय राष्ट्रपति ने अंगोला का राजकीय दौरा किया है। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, यह यात्रा अफ्रीका और ग्लोबल साउथ के देशों के साथ भारत के बढ़ते सहयोग का प्रतीक है। विदेश मंत्रालय के अधिकारी सुधाकर दलेला ने बताया कि इस दौरे में राजनीति, अर्थव्यवस्था, विकास और संस्कृति से जुड़ी साझेदारियों पर चर्चा होगी। साथ ही, बोत्सवाना से चीता लाने की संभावना पर भी बात हो सकती है। वहीं बोत्सवाना में राष्ट्रपति व्यापार, निवेश, तकनीक, कृषि, स्वास्थ्य और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगी और वहां की संसद को भी संबोधित करेंगी।

## शेखर कपूर एआई की मदद से दोबारा बनाएंगे फिल्म 'पानी'

**नई दिल्ली।** करीब एक दशक बाद चर्चित फिल्म निर्देशक शेखर कपूर अपनी महत्वाकांक्षी फिल्म 'पानी' को फिर से जीवंत करने की तैयारी में हैं, लेकिन इस बार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से बनाया जाएगा। गौरतलब है कि यह वही फिल्म है जिसमें दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को मुख्य भूमिका के लिए चुना गया था, लेकिन निर्माता यशराज फिल्म्स के हटने के बाद यह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई थी। शेखर कपूर ने यूनीवार्ता से बातचीत में बताया कि अब वह फिल्म 'पानी' को एआई तकनीक के जरिए दोबारा बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। उनके अनुसार कि कई लोगों ने कहा था कि यह फिल्म बहुत महंगी है। लेकिन अब मैं इसे एआई से बनाने जा रहा हूं, जो तेज और किफायती, दोनों है।




कोलकाता। 'वोट चोर-गद्दी छोड़' अभियान के तहत विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस समर्थक नारे लगाते हुए।

## जापान के तेनाई शहर के पोल्ट्री फॉर्म में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि

**निगाटा।** जापान के निगाटा प्रांत के तेनाई शहर के पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि की गई है। प्रांतीय प्रशासन ने रविवार को कहा कि तेनाई शहर के एक पोल्ट्री फार्म में संक्रामक बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) के एक संदिग्ध मामले की जेनेटिक टेस्टिंग के बाद पुष्टि हो गई है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार यह इस सीजन में एक पोल्ट्री फार्म में चौथा पुष्ट मामला है। इससे पहले शहर के एक और पोल्ट्री फार्म और होक्काइडो में दो मामले सामने आए थे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इसे देखते हुए लगभग 280000 मुर्गियों को मारने का काम शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह पोल्ट्री फार्म ने काएत्सु पशुधन स्वच्छता केंद्र को जानकारी दी कि बड़ी संख्या में मुर्गियां मर रही हैं।

## आर्मी चीफ आसिम मुनीर अब तीनों सेनाओं के प्रमुख बनेंगे

# पाकिस्तान ने मुनीर के लिए संविधान बदला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी संसद ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का प्रमुख बनाने के लिए संविधान में बदलाव किया है। अब उन्हें देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बनाया जाएगा। यह भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की तरह होगा। यह नया पद इसलिए बनाया गया है ताकि सेना, नौसेना और वायुसेना आपस में मिलकर बेहतर तरीके से काम कर सकें और तीनों की कमान एक जगह से संभाली जा सके।

इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस साल 20 मई को पाकिस्तानी सरकार ने आसिम मुनीर को फील्ड मार्शल का दर्जा दिया था। मुनीर से पहले 1959 में सैन्य तानाशाह अयूब खान ने खुद को फील्ड मार्शल घोषित कर दिया था। फील्ड मार्शल पाकिस्तान सेना में सर्वोच्च सैन्य रैंक है, जो एक फाइव स्टार रैंक मानी जाती है। यह रैंक जनरल (फोर स्टार) से ऊपर है। पाकिस्तान में फील्ड मार्शल का पद सेना, नौसेना और वायुसेना में सबसे ऊंचा होता है। मुनीर को 6 महीने में 2 बड़ा प्रमोशन मिला है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक चीफ ऑफ फोर्सेस बनाने का फैसला मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुई चार दिन की झड़प से मिली सीख के बाद लिया गया है। पाकिस्तान ने महसूस किया कि जंग में तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल और तुरंत एक्शन लेना बहुत जरूरी है। इसीलिए अब ऐसी यूनीफाइड कमांड सिस्टम लाई जा रही है, ताकि थलसेना, नौसेना और वायुसेना मिलकर एक साथ और तेजी से जवाब दे सकें। पाकिस्तान की संसद में शनिवार को 27वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया गया, जिसे पास कर दिया गया है। यह संविधान के अनुच्छेद 243 में बदलाव से जुड़ा है। इसमें आर्म्ड फोर्स से जुड़े 5 बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति अब प्रधानमंत्री की सलाह पर आर्मी चीफ और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज, दोनों की नियुक्ति करेंगे। सेना प्रमुख को ही चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज का पद भी दिया जाएगा। नेशनल स्ट्रैटजिक कमांड बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री की सलाह से चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज इसके मुखिया की नियुक्ति करेंगे। इस कमांड का नेतृत्व पाकिस्तान आर्मी का अधिकारी करेगा। सरकार को अब अधिकारियों को फील्ड मार्शल, एयर फोर्स मार्शल और एडमिरल ऑफ द फ्लीट जैसे विशेष रैंक देने की मंजूरी होगी। इनमें से फील्ड मार्शल का पद आजीवन रहेगा। मौजूदा चेयरमैन, जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी का पद 27 नवम्बर 2025 के बाद खत्म हो जाएगा 27वां संशोधन सिर्फ सेना से जुड़ा नहीं है। इसके जरिए कुछ और बड़े बदलाव भी किए जा रहे हैं। इनमें संवैधानिक अदालत की स्थापना, हाई कोर्ट जजों की बहाली और ट्रांसफर, राज्यों को मिलने वाली राजस्व हिस्सेदारी में बदलाव, अनुच्छेद 243 में संशोधन, शिक्षा और जनसंख्या नियोजन से जुड़ी शक्तियों को संघ को वापस करने और चुनाव आयोग की नियुक्तियों में मुश्किलों को खत्म करने जैसी चीजें शामिल हैं। फेडरल कान्स्टिटयूशनल कोर्ट यानी संवैधानिक अदालत संविधान संशोधन का एक अहम प्रस्ताव है। यह अदालत खास तौर पर संविधान से जुड़े मामलों की सुनवाई करेगी। जैसे कि केंद्र और प्रांतीय सरकारों के बीच विवाद, कानूनों की संवैधानिक वैधता और संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मामले। अभी पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट ही ऐसे मामलों की सुनवाई करता है, लेकिन नई अदालत बनने के बाद संवैधानिक मामलों की जिम्मेदारी अलग अदालत को मिल जाएगी।



■ देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज बनाया जाएगा, मई में बने थे फील्डमार्शल

### मुनीर को ताकतवर बनाने वाले संविधान पर बवाल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में 27वें संवैधानिक संशोधन को लेकर हंगामा हो गया है। विपक्षी पार्टियों ने इसके खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान कर दिया है। विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि इस संशोधन से संविधान की नींव हिल जाएगी। गौरतलब है कि इस संविधान संशोधन के जरिए पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की ताकत और बढ़ जाएगी। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ और अन्य विपक्षी दलों वाले गठबंधन तहरीक-ए-तहफ्फुज -आईन-ए-पाकिस्तान ने संविधान संशोधन का देशव्यापी विरोध करने का एलान किया है। मजलिस वहदत ए मुस्लिमीन के प्रमुख अल्लामा राजा नासिर अब्बास ने कहा कि इस संविधान संशोधन से देश की लोकतांत्रिक संस्थाएं पंगु हो जाएंगी और पूरे देश को इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए। एक अन्य विपक्षी नेता ने कहा कि यह संविधान संशोधन संविधान की नींव हिला देगा।

## गाजा में इजरायली हमलों में एक की मौत

**गाजा/यरूशलम।** गाजा में शनिवार को हुए दो इजरायली हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के सूत्रों के अनुसार पहले हमले में इजरायली टैंकों ने अल-बुरेइज शरणार्थी शिविर के पास गोले दागे और भारी मशीनगन से गोलीबारी की जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। अल-अवदा अस्पताल ने एक बयान में पुष्टि की है कि उन्हें एक शव मिल गया है। नागरिक सुरक्षा विभाग ने बताया कि दूसरे हमले में दक्षिणी गाजा के खान यूनिस के पश्चिम में अल-मवासी इलाके में इजरायली गोलीबारी में एक युवक घायल हो गया। इस बीच इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि उसने उत्तरी गाजा और दक्षिणी गाजा में एक एक फिलीस्तीनी को मार गिराया है। आईडीएफ ने दावा किया कि दोनों और एक तीसरे ने 'एलो लाइन' पार कर ली थी जो गाजा में इजराइली सेना की तैनाती वाले क्षेत्रों को चिह्नित करती है और आईडीएफ सैनिकों के पास पहुंच गए थे। इजरायल और हमास के बीच 10 अक्टूबर को हुए युद्धविराम से इजरायली हमलों में कमी तो आई है, लेकिन उन्हें पूरी तरह से रोका नहीं है।

## पहली बार बांग्लादेश पहुंचा पाकिस्तानी वॉरशिप

■ चार दिन चटगांव में रहेगा, भारत से तनाव के बीच करीब आ रहे बांग्लादेश और पाकिस्तान

**ढाका।** 1971 के युद्ध के बाद पहली बार पाकिस्तान का एक युद्धपोत बांग्लादेश पहुंचा है। शनिवार को पाकिस्तानी वारशिप पीएनएस सैफ बंगाल की खाड़ी से होते हुए चटगांव बंदरगाह पहुंचा। यह जहाज चार दिन की सद्भावना यात्रा (गुडविल विजिट) पर है, जिसका मकसद दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करना बताया गया है। बांग्लादेश नौसेना के मुताबिक, इस जहाज की कमान कैप्टन शुजात अब्बास राजा के पास है।

चटगांव पहुंचने से पहले बांग्लादेश नौसेना के जहाज ठछे शाधीनोता ने समुद्र में ही पाकिस्तानी जहाज को औपचारिक सलामी दी और बंदरगाह तक एस्कार्ट किया। यात्रा के दौरान दोनों देशों की नौसेनाओं के अधिकारी आपसी मुलाकात करेंगे और सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। यह यात्रा 12 नवम्बर को समाप्त होगी। 2024 के अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद पाकिस्तान उन शुरुआती देशों में था, जिसने मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार का स्वागत किया था। इसके बाद से ढाका और इस्लामाबाद के रिश्ते लगातार बेहतर हो रहे हैं, जबकि भारत और बांग्लादेश के संबंधों में हाल के महीनों में तनाव बढ़ा है। पाकिस्तानी वारशिप पीएनएस सैफ इन दिनों तकनीकी खराबी से जूझ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जहाज के एचपी-5 स्टेबलाइजर सिस्टम में गड़बड़ी आई है, जो जहाज की स्थिरता और संतुलन बनाए रखने के लिए अहम होता है। इस खराबी के कारण समुद्री यात्रा के दौरान जहाज का कंट्रोल प्रभावित हो सकता है और नेविगेशन में दिक्कतें आती हैं। पीएनएस सैफ को चीन ने 2010 में पाकिस्तान को बेचा था। यह वही फ्रिगेट क्लास का जहाज है जिसमें पीएनएस शामशीर और पीएनएस आसलत भी शामिल हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इन दोनों जहाजों में भी इसी तरह की तकनीकी समस्याएं सामने आई हैं। रक्षा विश्लेषकों के अनुसार, चीन ने इस क्लास के जहाजों की सप्लाई के लिए पाकिस्तान से करीब 6375 करोड़ रुपए वसूले थे।

# ममदानी के बाद सैकत चक्रवर्ती सांसद बनने की दौड़ में

### सैन फ्रांसिस्को से चुनाव लड़ेंगे, सुभाषचंद्र बोस वाली टी-शर्ट पहनी, तो अमेरिकियों ने कहा था नाजी समर्थक

**वाशिंगटन।** पिछले हफ्ते भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क मेयर चुनाव जीतकर इतिहास रचा। अब भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेट सैकत चक्रवर्ती का नाम चर्चा में है। नैंसी पेलोसी के रिटायरमेंट की घोषणा के बाद सैन फ्रांसिस्को की संसद सीट खाली हो गई है। अब 39 साल के सैकत को डेमोक्रेटिक नामिनेशन मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

ममदानी की तरह सैकत भी अमेरिका में उभर रही प्रोग्रेसिव लीडर्स की नई पीढ़ी का हिस्सा हैं। इससे पहले सैकत 2018-19 में सुभाषचंद्र बोस की तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनने पर विवादों में घिर गए थे। उनपर मीडिया ने नाजी विचारधारा का प्रचार करने का आरोप लगाया था। सैकत पुराने डेमोक्रेट विचारों को बदलना चाहते हैं। पुराने डेमोक्रेट गरीबों के लिए मुफ्त इलाज, पढ़ाई और नौकरी देने को प्राथमिकता मानते हैं। जबकि नए लीडर बीच का रास्ता अपनाते हैं। उनका मोटिव बिजनेस में मदद को बढ़ावा देना, फ्री ट्रेड और वेलफेयर रिफार्म करना है। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने चक्रवर्ती की तुलना ममदानी से की है, खासकर उनके प्रचार करने के तरीके के कारण। ममदानी की तरह, चक्रवर्ती ने भी बदलाव और सुधार को अपने अभियान का अहम हिस्सा बनाया है। दोनों की कैंपेन स्टाइल एक जैसी है। अप्रैल में कैंपेन शुरू करते हुए सैकत ने कहा था कि यह मौका है कामकाजी लोगों के लिए असली मूवमेंट, क्रांति लाने का। ममदानी की जीत पर सैकत ने एक्स पर लिखा कि जोहरान ने साबित किया कि चाहे विरोधी कितना भी पैसा खर्च कर ले, अगर आम लोग बदलाव के लिए एकजुट होकर काम करते हैं तो उन्हें हराया जा सकता है। चक्रवती भी ममदानी की तरह अमीरों पर टैक्स बढ़ाने के पक्षधर हैं।

## ब्राजील में बवंडर से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हुई

**साओ पाउलो।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य पराना में शुक्रवार रात को आए बवंडर से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है जबकि लगभग 750 लोग घायल हुए हैं और कम से कम एक व्यक्ति लापता है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया के अनुसार रियो बोनिटो डू इगुआकु शहर में कई घर और इमारतें नष्ट हो गईं। उन्होंने बताया कि लगभग 14000 लोगों के घर वाले शहर का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा तबाह हो गया है। अधिकारियों ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पराना के गवर्नर कार्लोस मस्सा रतिन्हो जूनियर ने राहत और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए आपातकालीन धनराशि जारी करने में तेजी लाने के लिए सार्वजनिक आपदा की स्थिति घोषित कर दी है।

# अमेरिका के ऐतिहासिक दौरे पर पहुंचे अहमद अल शरा

## 1946 के बाद पहली बार कोई सीरियाई राष्ट्रपति अमेरिका के अधिकारिक दौरे पर पहुंचे

**वाशिंगटन।** सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शरा अमेरिका के दौरे पर पहुंचे हैं। यह दौरा बेहद ऐतिहासिक है क्योंकि साल 1946 के बाद पहली बार कोई सीरियाई राष्ट्रपति अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर वाशिंगटन पहुंचे हैं। सीरियाई राष्ट्रपति का अमेरिका दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब अमेरिका ने सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा का नाम आतंकवादी सूची से एक दिन पहले ही हटाया है।



■ सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा वाशिंगटन में सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात करेंगे

सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा वाशिंगटन में सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात करेंगे। इससे पहले जब मई में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सऊदी अरब का दौरा किया था, उस वक्त सऊदी अरब के रियाद शहर में भी ट्रम्प की अहमद अल शरा से मुलाकात हुई थी। सीरिया में अमेरिका के राजदूत टाम बराक ने उम्मीद जताई कि अहमद अल शरा के इस अमेरिका दौरे पर सीरिया की सरकार, आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाले गुट में शामिल होने के समझौते पर हस्ताक्षर कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका, सीरियाई राजधानी दमिश्क के पास एक सैन्य अड्डा बनाने की योजना बना रहा है। इस सैन्य अड्डे का मकसद मानवीय सहायता के काम में समन्वय बताया जा रहा है। अमेरिका के विदेश विभाग ने पुष्टि की है कि अहमद अल शरा को आतंकवादी सूची से हटा दिया गया है क्योंकि शरा ने सीरिया में लापता अमेरिकियों का पता लगाने और बचे हुए रसायनिक हथियारों को खत्म करने की सहमति दी है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी अहमद अल शरा पर लगे प्रतिबंधों को हटा लिया था, जिसके बाद शरा ने सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा को भी संबोधित किया। ऐसा करने वाले भी शरा पहले सीरियाई राष्ट्रपति हैं। अहमद अल शरा के पूर्व के संगठन हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) का खूंखार आतंकी संगठन अल-कायदा से जुड़ाव था। यही वजह थी कि अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शरा का नाम आतंकवादी सूची में डाला हुआ था। हालांकि बाद में शरा सक्रिय राजनीति में उतरे और बीते साल बशर अल असद के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया। सत्ता संभालने के बाद से, शरा और सीरिया के नए नेतृत्व ने खुद को अपने उग्रवादी अतीत से दूर कर सीरियाई लोगों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने एक अधिक उदार छवि पेश करने की कोशिश की है।

# थाइलैंड में नया शराब नियंत्रण कानून लागू

■ निर्धारित समय के बाद शराब पीने पर जुर्माना

**बैंकाक।** थाईलैंड में नया शराब नियंत्रण कानून आठ नवम्बर से प्रभावी हो गया, जिसमें निर्धारित समय-सीमा के बाद शराब पीने वालों पर जुर्माना लगाने का प्रावधान है। इससे पर्यटन एवं नाइटलाइफ़ को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

स्थानीय मीडिया ने रविवार को बताया कि थाईलैंड के पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र ने अल्कोहल नियंत्रण अधिनियम (संख्या दो) बीई 2568 पर चिंता व्यक्त की है, जिसमें कानूनी रूप से बिक्री के बाद तय समय के अतिरिक्त शराब पीने पर दंड का प्रावधान है। शराब की खपत पर कड़ा नियंत्रण रखने के उद्देश्य से बनाए गए इस कानून से जनता एवं पर्यटन उद्योग में व्यापक चिंता उत्पन्न हो गई है। नई व्यवस्था के अंतर्गत, समय-सीमा का उल्लंघन करने पर सिर्फ़ विक्रेताओं को ही नहीं बल्कि उपभोक्ताओं को भी दंड का सामना करना पड़ सकता है। सुबह 11:00-14:00 और शाम 6:00-24:00 के बाद रेस्टोरेंट में बैठकर शराब पीने पर 10000 बाट तक का जुर्माना लग सकता है। इस कदम की स्थानीय एवं विदेशी मीडिया दोनों ने आलोचना की है और थाईलैंड आने वाले पर्यटकों को सावधानी बरतने की चेतावनी दी है।

# ब्राजील में तेज हवाओं व भारी बारिश से तबाही

### इमारतें ढहीं, सड़के टूटीं, छह मौतें

**ब्रासीलिया/मनीला।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य पराना में तेज हवाओं और भारी बारिश के साथ आए तूफान ने भारी तबाही मचाई। राज्य सरकार के अनुसार, इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। सबसे ज्यादा नुकसान रियो बोनिटो डो इगुआकू शहर में हुआ।

यहां आधे से अधिक घरों की छतें उड़ गईं, कई इमारतें ढह गईं, सड़कें बंद हो गईं और बिजली की लाइनें टूट गईं। इस हादसे में अब तक 437 लोग घायल हुए हैं। वहीं, लगभग 1000 लोग बेघर हो गए। मौसम विभाग के अनुसार हवा की गति 180 से 250 किलोमीटर प्रति घंटा तक थी। दूसरी ओर फिलीपींस में रविवार को 'फंग-वोंग' सुपर टाइफून के कारण भारी बारिश, तेज हवाएं चलीं। इसके चलते फिलीपींस के पूर्वी और उत्तरी इलाकों से 1.5 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। यहां ऊंची समुद्री लहरों के लिए चेतावनी जारी कर दी गई है। फिलीपींस के बड़े हिस्से में चेतावनी जारी कर दी गई हैं। जिनमें सिग्नल संख्या 5 (सबसे ऊंची चेतावनी है) दक्षिण-पूर्वी लूजोन में जारी की गई है। इसमें कैटनडुआनस और कैमरिन्स नार्टे और कैमरिन्स सुर के तटीय क्षेत्र शामिल हैं। वहीं, मेट्रो मनीला और आसपास के क्षेत्र सिग्नल संख्या 3 के अंदर हैं। तूफान की रफ्तार 185 किमी प्रति घंटा से 230 किमी प्रति घंटा है। यह रात तक मध्य लुजोन के औरोरा प्रांत में दस्तक दे सकता है। यहां भारी बारिश, तेज हवाएं और समुद्री लहरों का खतरा है। कई इलाकों में बिजली गुल हो चुकी है।



■ फिलीपींस में 'फंग-वोंग' सुपर टाइफून, 1.5 लाख लोग रेस्क्यू किए गए

# जापान में आया 6.7 तीव्रता का तेज भूकंप

■ सुनामी की चेतावनी, छह हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के निर्देश

**टोक्यो।** जापान में रविवार को इवाते प्रांत के तट के पास 6.7 तीव्रता का तेज भूकंप आया है। दोपहर 1:33 बजे आए झटके के बाद मौसम विभाग ने इवाते प्रांत के लिए सुनामी एडवाइजरी जारी की। इसके बाद इवाते के ओफुनातो शहर में तटीय इलाकों से 6138 लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने का निर्देश दिया गया। मौसम एजेंसी के मुताबिक ओफुनातो पोर्ट में 10 सेंटीमीटर ऊंची सुनामी की लहर दर्ज की गई। इससे पहले, समुद्र में तट से करीब 70 किलोमीटर दूर कमजोर सुनामी देखी गई। सुनामी एडवाइजरी तब जारी की जाती है जब लहरें 1 मीटर तक पहुंचने की आशंका होती है। भूकंप का असर रेलवे पर भी पड़ा। ईस्ट जापान रेलवे के अनुसार, तोहोकू शिंकानसेन की बिजली कुछ देर के लिए चली गई और सेंडाई से शिन-आओमोरी के बीच ट्रेनों की आवाजाही रोकनी पड़ी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108